भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक

का

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना

पर

31 मार्च 2012 को समाप्त हुए वर्ष का
स्टेन्ड एलोन प्रतिवेदन

बिहार सरकार

वर्ष 2013 का प्रतिवेदन संख्या–4

विषय–सूची

विवरण	कंडिका	पृष्ठ
प्रस्तावना		vi
उपलब्धियां		vii
अध्याय-I: परिचय		
योजना की पृष्ठभूमि	1.1	1
संगठनात्मक ढांचा	1.2	1
लेखापरीक्षा उद्धेश्य	1.3	3
लेखापरीक्षा मानदंड	1.4	3
लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र	1.5	4
लेखापरीक्षा नमूनाविधि	1.6	4
लेखापरीक्षा कार्यप्रणाली	1.7	5
पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा प्रतिवेदन	1.8	5
अभिस्वीकृति	1.9	6
सीमाएँ	1.10	6
अध्याय-II: मानव संसाधन एवं प्रशिक्षण		
संसाधन सहायता	2.1	7
प्रशिक्षण	2.2	8
अध्याय-III: नियोजन (प्लानिंग)		
परिचय	3.1	9
वार्षिक कार्य योजना की तैयारी में विलम्ब एवं कमियाँ	3.2	10
दीर्घकालिक जिला परिप्रेक्ष्य योजना (जि0प0यो0) तैयारी	3.3	11
योजनाओं का निष्प्रभावी क्रियान्वयन	3.4	13
अव्यवहारिक श्रम वजट	3.5	13
अध्याय-IV: वित्तीय प्रबंधन		
वित्तीय उद्व्यय और व्यय	4.1	15
केंद्र तथा राज्य अंश कम/नहीं जारी	4.2	18
लेरवांकन पक्रिया में रवामियाँ	4.3	18
एम0पी0आर0, यू0सी0 तथा सी0ए0 प्रतिवेदन के प्रारंभिक तथा अंतिम शेष में अंतर	4.4	19
प्रशासनिक व्यय पर ग्राहय सीमा से अधिक व्यय	4.5	19
मनरेगा निधि का विचलन	4.6	20

अध्याय-V: पंजीकरण, रोजगार एवं मजदूरी भुगतान		
पंजीकरण एवं जॉब कार्ड का निर्गमन	5.1	21
रोजगार– सृजन	5.2	22
महिला कर्मियों का अनुपात	5.3	23
रोजगार एवं मजदूरी का भुगतान	5.4	24
मजदूरी भुगतान में विलंब एवं प्रतिपूर्ति का भुगतान नहीं	5.4.1	24
औसत मजदूरी	5.4.2	24
प्रति परिवार को वर्ष में 26 से कम श्रम दिन की उपलब्धता	5.4.3	24
श्रम दिवस के सृजन में तीव्र गिरावट	5.4.4	25
इकाईयों के व्यक्तिगत खाते से मजदूरी का भुगतान	5.4.5	25
मजदूरी का भुगतान नहीं/अल्प भुगतान	5.4.6	25
न्यूनतम मजदूरी दर का उलंघन	5.4.7	25
डाकधर द्वारा मजदूरी भुगतान में विलंब	5.5	26
बेरोजगारी भत्ता	5.6	26
मांग के बाद भी रोजगार नहीं दिए गए	5.7	26
मजदूरी एवं सामग्री के भुगतान का दायित्व	5.8	27
बिना मंजूरी कार्य का निष्पादन	5.9	27
अध्याय-VI: कार्यों का कियान्वयन एवं संपत्ति का सृजन		
निम्नतम प्राथमिकतावाले कार्यक्षेत्र को अधिकत्तम प्राथमिकता देना	6.1	29
संपति का सृजन	6.1.1	29
गैर अनुज्ञेय कार्य का निष्पादन ₹ 2.11 करोड.	6.2	30
मिट्टी सड.क का निर्माण	6.2.1	31
पूर्ण कार्यों की अल्प प्रतिशतता	6.3	31
मजदूरी एवं सामग्री मूल्य के अनुपात का अनुवर्तन न करना	6.4	32
ट्रैक्टर का उपयोग (मजदूरी विस्थापक)	6.5	33
मनरेगा योजना के निष्पादन में संदिग्ध धोरवाधड़ी	6.6	33
भुगतान के एवज में कम मात्रा में काम किया गया	6.7	33
कार्य की मापी व दर अनुसूची	6.8	34
मनरेगा योजना के लिए अलग एस0ओ0आर0 तैयार नहीं किया गया	6.8.1	35
कार्य की मापी के बगैर भुगतान एवं प्राक्कलन से अधिक भुगतान	6.8.2	35
मापी पुस्तिका उपलब्ध नहीं	6.8.3	35
लाईन विभाग/गैर सरकारी संस्था द्वारा निष्पादित कार्य	6.9	35
मस्टर रौल एवं अभिश्रव की अधिकता में भुगतान	6.10	36
परित्यक्त/अनुपयोगी कार्य	6.11	36
वृक्षारोपण योजनाओं पर निष्फल व्यय	6.12	37

पंचायत समिति द्वारा ग्राम पंचायत के किए गए अनन्य कार्य	6.13	38
कार्य समाप्ति के उपरांत सामग्री की खरीद एवं मजदूरों को रोजगार	6.14	38
परियोजना समाप्ति प्रतिवेदन	6.15	38
मस्टर रौल	6.16	39
अन्य कार्यक्रमों से तालमेल	6.17	39
भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र का गठबंधन नहीं	6.17.1	40
अध्याय-VII: जिला विशेष निष्कर्ष		
अस्तित्व विहीन डाकघर खातों के माध्यम से मजदूरी का फर्जी भुगतान	7.1	41
मजदूरों को मजदूरी का अधिक भुगतान	7.2	41
संदेहास्पद व्यय	7.3	41
मजदूरी के एक भाग को अनअभिज्ञात चार्ज के नाम पर पोस्ट मास्टर द्वारा रखे रहना	7.4	41
मृदा कार्य के पुनर्माप के कारण संदेहास्पद अनियमित भुगतान	7.5	42
समुचित प्रकार से माप नहीं किया जाना	7.6	42
अध्याय-VIII: विविध/अन्य रोचक बिन्दु		
एस0जी0आर0वाई0/एन0एफ0एफ0डब्ल्यु0पी0 की अव्ययित शेष तथा अप्रयुक्त अनाज की कीमत जिसे मनरेगा के खाते में अंतरित नहीं किया गया	8.1	43
विशिष्ट अनुदान का विचलन	8.2	43
अध्याय-IX: भौतिक सत्यापन का परिणाम		
जॉब कार्ड सत्यापन का परिणाम	9.1	45
कार्य स्थल का भौतिक सत्यापन	9.2	45
फर्जी कार्य के नाम पर 9.74 लाख का कपटपूर्ण निकासी	9.3	45
कार्य–स्थल पर साइन बोर्ड नहीं पाया जाना	9.4	46
प्रभाव विश्लेषण/लाभार्थी सर्वेक्षण का परिणाम	9.5	47
अध्याय-X: अनुश्रवण एवं आंतरिक नियंत्रण		
मासिक प्रगति प्रतिवेदन (मा0प्र0प्र0) एवं प्रबंधन सूचना तंत्र (प्र0सू0तं0) प्रविष्टि	10.1	49
कार्यों का अनुश्रवण/निरीक्षण	10.2	50
अभिलेखों एवं पंजियों का संधारण	10.3	51
सामाजिक अंकेक्षण, पारदर्शिता एवं शिकायत निवारण	10.4	52
अध्याय-XI: लेखा परीक्षा का प्रभाव		
लेखा परीक्षा का प्रभाव	-	55
अध्याय-XII: निष्कर्ष		
निष्कर्ष	-	56

परिशिष्टों की सूची

विवरण	परिशिष्ट	पृष्ठ
चयनित इकाइयों की सूची	I	57
मानवशक्ति की कमी	II	58
वार्षिक कार्य योजना समर्पित करने में विलंब	III	59
वार्षिक कार्य योजना के इतर कार्यान्वित कार्य	IV	60
दो पंचायत समितियों को न जोड़ने वाली योजनाओं की विवरणी	V(क)	61
दो ग्राम पंचायतों को न जोड़ने वाली योजनाओं की विवरणी	V(ख)	62
श्रम बजट के समर्पण में विलम्ब	VI	65
व्यय तथा मानव दिवस सृजन के आधार पर प्राक्कलन तथा वास्तविक स्थिति में भिन्नता	VII	66
राज्यांश की प्राप्ति में विलम्ब	VIII	67
प्रारंभिक शेष व अन्तःशेष के ऑकड़ों में भिन्नता	IX	68
स्वीकृत सीमा से अधिक प्रशासनिक व्यय	X	69
मनरेगा निधि से जि0ग्रा0वि0अभि0 का प्रशासनिक व्यय	XI	70
एक से अधिक जॉब कार्ड निर्गत किये गए परिवारों की संख्या	XII	71
पंजीकृत परिवारों को प्रदत्त कार्य की स्थिति	XIII	72
बढा–चढाकर जॉब कार्ड का प्रतिवेदन	XIV	74
100 दिवस कार्य प्रदत्त मजदूरों की विवरणी	XV	75
भौतिक निष्पादन (राज्य)	XVI	76
महिला कर्मियों का अनुपात	XVII	77
मजदूरी के भुगतान में विलम्ब	XVIII	79
प्रत्येक परिवार द्वारा वार्षिक उपार्जित आय प्राप्त करने की स्थिति	XIX	85
परिवारों को उपलब्ध कराये गए मानव दिवस	XX	87
वर्ष 2010-11 से 2011-12 में मानवदिवस में ह्रास	XXI	89
नगद/निजि चेक द्वारा डाकघर मे एडभाइस का भेजा जाना	XXII	90
मजदूरी का भुगतान नहीं	XXIII	91
मजदूरी का कम भुगतान	XXIV	92
न्यूनतम मजदूरी दर का उल्लंधन	XXV	94
डाकघर के टाल–मटोल रवैये के कारण मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं डाकघर द्वारा पंचायत खाते से चेक की राशि को डेबिट करने के पश्चात भी मजदूरी का भुगतान नहीं	XXVI	95
मजदूरी एवं सामग्री के भुगतान का देयता	XXVII	96
पंचायत निधि से खर्च किए बिना कार्य का निष्पादन/प्रगति में होना	XXVIII	97
निम्नतर प्राथमिकता वाले कार्यो को उच्चतर प्राथमिकता दी गई	XXIX	98
अनुदान का अधिकांश भाग निम्नतम प्राथमिकता वाले प्रभाग के कार्यों में उपयोग	XXX	99
परिसम्पदा सृजन	XXXI	100

कच्चे सड़क कार्य	XXXII	102
कार्यों की स्थिति	XXXIII	103
मजदूरी सामग्री अनुपात का उल्लंघन	XXXIV	105
भारी संयंत्रों का उपयोग (ट्रैक्टर)	XXXV	106
मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में संभावित गबन (₹ 3.84 लाख)	XXXVI	108
भुगतान के विरूद्ध कम कार्य किया जाना	XXXVII	109
बिना कार्य मापी के भूगतान	XXXVIII	111
प्राक्कलन से अधिक भुगतान	XXXIX	113
मापी पुस्तिका अनुपलब्ध	XL	114
लाईन विभाग/एन0 जी0 ओ0 द्वारा कार्यो का क्रियान्वयन	XLI	115
मस्टर रौल एवं अभिश्रव से अधिक भुगतान	XLII	116
अपूर्ण / परित्यक्त कार्यो पर व्यय	XLIII	118
वृक्षारोपन कार्य पर निष्फल व्यय	XLIV	120
कार्य समाप्ति के बाद सामग्री की खरीद	XLV	122
कार्य समाप्ति के पश्चात श्रमिकों को नियोजन	XLVI	123
एक ही श्रमिक को एक ही दिन मस्टर रौल के विभिन्न क्रमांक पर दर्शाना।	XLVII	124
दरभंगा मे मस्टर रौल का अनधिकृत प्रयोग	XLVIII	125
मजदूरो का संदिग्ध आबंध	XLIX	126
मस्टर रौल में गंभीर हेरफेर	L	127
राजीव गाँधी सेवा केन्द्र	LI	129
मजदूरों को अधिक पारिश्रमिकी का भुगतान	LII	130
योजना संचिका अनुपलब्ध	LIII	131
दुबारा नपाई के कारण अधिक भुगतान	LIV	132
एस0स0जी0आर0वाइ0/एन0एफ0एफ0डब्ल्यू0पी0 की अव्यवहृत राशि का स्थानांतरण दिनांक 31.03.2011 तक मनरेगा के खातें में नहीं	LV	133
मनरेगा खाते में अहस्तांतरित खाधान्न की लागत	LVI	134
विशिष्ट अनुदान का विचलन	LVII	135
जॉब कार्ड सत्यापन का निष्कर्ष	LVIII	136
योजनाओं के स्थल निरिक्षण के दौरान पायी गयी कमियॉ	LIX	137
गलत कार्य के नाम पर ₹ 5.90 लाख रूपये की कपट निकासी	LX	138
लाभार्थी सर्वेक्षण	LXI	139
एम0पी0आर0 तथा एम0आई0एस0 में अंतर	LXII	140
व्यय के ऑकड़ों के बीच भिन्नता	LXIII	141
कार्यों का अनुश्रवण	LXIV	142
संधारित किए जाने वाले अभिलेखों की सूची	LXV	143
शिकायत की स्थिति व उनका निदान	LXVI	144
सामाजिक अंकेक्षण	LXVII	145
अंकेक्षण के दौरान जमा	LXVIII	146
शब्दावली	-	148

प्रस्तावना

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सी0 एण्ड एजी0) के महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना (मनरेगा योजना) से संबंधित वर्ष 2007–12 के स्टेन्ड एलोन प्रतिवेदन जिसमें निष्पादन लेखापरीक्षा के परिणाम सम्मिलित है, बिहार के राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 151(2) के तहत समर्पित करने हेतू तैयार किया गया है।

भारत सरकार के आग्रह पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना का अंकेक्षण कार्य किया गया। तदनुसार, ग्रामीण विकास विभाग बिहार सरकार एवं 319 अंकेक्षण योग्य इकाई/क्रियान्वयन निकायों के लेखाओं का नमूना जांच द्वारा निष्पादन लेखा परीक्षा किया गया।

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना दिसम्बर 2005 में प्रांरभ किया गया जो एक केन्द्र प्रायोजित योजना है जिसका मुख्य लक्ष्य ग्रामीण परिवारों के जीविका में सुधार हेतु 100 दिनों का निश्चित रोजगार उपलब्ध कराना है।

अंकेक्षण कार्य, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्धारा जारी लेखा परीक्षण मानक जो अंतराष्ट्रीय संगठन सुप्रीम अंकेक्षण संस्था द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानक पर आधारित है, के अनुरूप संचालित किया गया।

अंकेक्षण के प्रत्येक स्तर पर उपलब्धियों को लेखापरिक्षित इकाई के साथ विचार किया गया। ग्रामीण विकास विभाग को दिनांक 28.09.2012 को प्रतिवेदन समर्पित किया गया। विभाग का आंशिक जवाब दिनाक 18.10.2012 को प्राप्त हुआ। आगे, दिनांक 2.11.2012 को राज्य सरकार के साथ बहिर्गमन सम्मेलन (एग्जिट कान्फ्रेंस) किया गया। राज्य सरकार द्धारा समर्पित जवाब पर विचार किया गया तथा सही जगह पर प्रतिवेदन में इसे सम्मलित किया गया।

उपलब्धियां

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा) दिनांक 25.08.2005 को अधिनियमित हुआ और दिनांक 2.10.2009 को इसे महात्मा गॉधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम दिया गया। इसमें ग्रामीण समुदाय को रोजगार मुहैया कराने तथा उनके जीविका में सुधार हेतु नौ विभिन्न शीर्षों के तहत गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है। यह योजना केन्द्र सरकार के (फ्लैगशिप) कार्यक्रम के रूप में फरवरी 2006 में शुरू किया गया। यह अधिनियम प्रत्येक वित्तिय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार के अकुशल श्रमिकों को उनके जीविका में सुधार हेतु 100 दिनों की सुनिश्चित रोजगार देता है। समयबद्व रोजगार की गारंटी तथा 15 दिनों के अन्दर मजदूरी का भुगतान, कार्य में संवेदक तथा मशीन के उपयोग की मनाही, कार्यस्थल पर आवश्यक सुविधा का उपलब्ध होना, मजदूरी एवं सामग्री का अनुपात 60:40 के अनुपात में होना तथा एक–तिहाई महिला श्रम दिवस का सृजन, इस योजना के कुछ अहम विशेषताएं है।

बिहार में यह योजना सही ढंग से कार्यान्वित नहीं किया गया क्योंकि वर्ष 07–12 के दौरान मात्र एक से सात प्रतिशत ग्रामीण परिवार को ही 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध करवाया गया।

यह योजना भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्रशासकीय अधीन है जो नीति निर्धारण, धन की निकासी तथा योजना के क्रियान्वयन हेतु पर्यवेक्षण तंत्र ढाँचा मुहैया करवाने हेतु जबाबदेह है। उसके बाद राज्य स्तर पर, ग्रामीण विकास विभाग को नोडल विभाग नामित किया गया है जिसपर योजना कार्यान्वयन, पर्यवेक्षण, निगरानी एवं समन्वय की सारी जबाबदेही है। तकनीकी, वित्तीय तथा प्रशासनिक स्वीकृति संबंधी निर्णय लेने की शक्ति जिला एवं प्रखंड स्तर के योजना कार्यकर्ताओं में निहित है।

वर्ष 2007 से 12 के दौरान, ₹ 8184.26 करोड़ मुक्त किए गए जिसके विरूद्व ₹ 8110.84 करोड़ खर्च किए गए तथा 31 मार्च 2012 के समाप्ति पर ₹ 73.42 करोड़ अव्यवहृत शेष के रूप में बचे हुए थे।

इस प्रतिवेदन के अध्याय– एक में योजना की पृष्ठभूमि, परिचय, अंकेक्षण की पहुंच, सैम्पल चयन का विस्तृत ब्यौरा, मानदंड एवं कार्यप्रणाली को दर्शाया गया हैं। अध्याय तीन से बारह में निष्पादन लेखापरीक्षा के उद्वेश्य तथा अंकेक्षण के परिणाम को दर्शाया गया है। अध्याय तेरह में निष्कर्ष दिया गया है। उक्त पृष्ठभूमि में, महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गॉरटी योजना (मनरेगा योजना) का निष्पादन लेखापरीक्षा दिनांक 23.02.12 से 30.06.12 एवं 7.8.12 से 21.8.

12 के दौरान संचालित किया गया। यह निष्पादन लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कर्तव्य, शक्ति एवं सेवा–शर्त अधिनियम 1971 की धारा 14 के अधीन किया गया।

महत्वपूर्ण अंकेक्षण निष्कर्ष नीचे दिए गए है

- मनरेगा योजना के तहत 1.34 करोड परिवारों को पंजीकृत किया गया एवं उसमें से 35 प्रतिशत (वर्ष 2007–12 का औसत) को कार्य उपलब्ध कराया गया। वर्ष 2007–12 के दौरान अनुबंधित 33 प्रतिशत के स्थान पर मात्र 28 प्रतिशत महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया तथा 100 दिनों का रोजगार मात्र एक से सात प्रतिशत परिवारों को ही उपलब्ध करवाया गया।

(कंडिका–1.1, 5.2 & 5.3)

- वार्षिक कार्य योजना बिना श्रमिक प्रक्षेपण के तथा विलम्ब से तैयार किए गए थे। जिला परिप्रेक्ष्य योजना तैयार नहीं किए गए थे। छह जिलों में 3.76 करोड़ मूल्य के कार्य वार्षिक कार्य योजना से बाहर से करवाए गए थे।

(कंडिका–3.2 & 3.3)

- पंजीकृत परिवारों की संख्या को बढ़ा–चढ़ा कर सरकार को प्रतिवेदित किया गया था तथा एक परिवार को एक से अधिक जॉब कार्ड निर्गत किए गए थे। 82 ग्राम पंचायतो में 40,304 परिवार अधिक पंजीकृत दिखलाए गए थे तथा 50 ग्राम पंचायतों में 2849 परिवार के पास 5748 जॉब कार्ड उपलब्ध थे।

(कंडिका–5.1)

- योजना के तहत कार्य उपलब्ध कराने की प्रवृति 75 प्रतिशत (वर्ष 2007–08) से घट कर 20 प्रतिशत (वर्ष 2011–12) रह गई थी।

(कंडिका–5.1)

- श्रम बजट सही समय पर तैयार नहीं किए गए थे तथा वास्वविकता से परे थे। वर्ष 2007–12 के दौरान राज्य को केन्द्रांश के रूप में ₹ 9684.24 करोड़ के अनुदान से वंचित होना पड़ा, जिसका कारण कम मानव दिवस का सृजन, बिना उचित ब्यौरा के माँग में अत्यधिक वृद्धि तथा अनुदान का अव्यवहृत रह जाना था।

(कंडिका–3.5 & 4.2)

- सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना/काम के बदले अनाज कार्यक्रम मद में बचे अनुदान की शेष राशि ₹ 21.48 करोड़ तथा ₹ 77.36 करोड़ मूल्य के शेष खाद्यान्न को मनरेगा योजना खाते में हस्तान्तरित नहीं किया गया तथा विशेष अनुदान की राशि ₹ 3.29 करोड़ को तीन साल से अधिक समय से बाधित कर रखा गया था।

(कंडिका–8.1 & 8.2)

- राज्य सरकार उपलब्ध अनुदान की राशि के उपयोग करने में विफल रही तथा वर्ष 2007–12 के दौरान 26 से 40 प्रतिशत तक राशि अव्यवहृत थी। साथ ही मजदूरी एवं बकाया सामग्री बिल के मद में ₹ 79.54 करोड. देयता थी।

(कंडिका–4.1& 5.8)

- लाभुक सर्वेक्षण (1997 लाभुको का) में ज्ञात हुआ कि 37 प्रतिशत जॉब कार्ड में लाभुको का फोटो नही पाया गया तथा 26 प्रतिशत मामले में जॉब कार्ड में दर्ज मजदूरी लाभुकों के बैक/डाकघर खाते से मेल नहीं खा रहे थे।

(कंडिका–9.1)

- मजदूरी का विलम्ब से भुगतान और मजदूरी का भुगतान नहीं होने से सम्बन्धित कई मामले प्रकाश मे आए जिसके लिए किसी प्रकार का क्षतिपूर्ति नहीं किया गया था। तीन जिलों में 12092 परिवारों को कार्य से वंचित रखा गया था। सौ प्रतिशत मामलों में कार्य चाहनेवालों को मौखिक आवेदन पर कार्य उपलब्ध कराए गए थे जिसका प्रलेखीकरण नहीं कराया गया था।

(कंडिका–5.4.1 & 5.7)

- चयनित 15 जिलों में सबसे निचले क्रम के कार्य के प्रभाग को उच्चतर प्राथमिकता दिया गया था (19 प्रतिशत कार्य सड़क निर्माण से सम्बन्धित था) तथा अस्वीकार्य परियोजनाएँ के कार्यान्वयन पर 2.11 करोड़ रूपये खर्च किए गए थे। वर्ष 2007–12 के दौरान राज्य स्तर पर किए गए 7.44 लाख कार्यों में से मात्र 3.06 लाख कार्यों को ही पूरा किया गया था।

(कंडिका– 6.1, 6.2 & 6.3)

- चयनित जिलों में योजनाओं के कार्यान्वयन में कमियाँ थी। पंचायत समिति, जिला परिषद् वैसे 3962 कार्यों का कार्यान्वयन, जिसमे 113.66 करोड़ रूपये खर्च किए गए थे, किया जो एक से अधिक पंचायत/पंचायत समिति को नहीं जोड़ रहे थे।

(कंडिका–3.4)

- बचाव की सक्षम व्यवस्था नहीं रहने के कारण, अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं करने तथा स्थल का गलत चयन होने से 1.76 लाख पौधे, जिसे 2.07 करोड़ रूपये खर्च करके लगाया गया था, बर्बाद हो गए।

(कंडिका–6.12)

- सरकार को एम.पी.आर. द्वारा प्रतिवेदित खर्च एवं सृजित मानव दिवस का ब्यौरा तथा एम.आई.एस. के ब्यौरे के बीच काफी अन्तर था। राज्य तथा जिलों के द्वारा पर्यवेक्षण उचित रूप में नही किया जा रहा था। कार्य राज्य स्तर के पदाधिकारी द्वारा पर्यवेक्षित नहीं था तथा नौ जिलों में पर्यवेक्षण एक से नौ प्रतिशत कार्यों का किया गया था।

(कंडिका–10.1)

- शिकायतों के निपटारा हेतु सशक्त व्यवस्था राज्य एवं जिला स्तर पर नहीं थी। शिकायत पंजी ग्राम पंचायत स्तर पर संधारित नहीं किया जा रहा था तथा राज्य और जिलों में लोकपाल की नियुक्ति नहीं की गई थी।

(कंडिका–10.4)

- अव्यवहृत अनुदान एवं अनाज के मूल्य तथा सामग्री का मजदूरी की तुलना में अधिक खर्च करने के कारण 76.42 लाख कम मानव दिवस का सृजन हुआ था।

(कंडिका– 9.1, 8.1, 6.4 & 4.6)

अध्याय – I परिचय

1.1 योजना की पृष्ठभूमि

सबसे बड़ा गरीबी निवारण कार्यक्रम महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, 2005 (मनरेगा योजना) प्रारंभ में 200 जिलों में 2 फरवरी 2006 को लागू किया गया और वित्तीय वर्ष 2007–08 में इसे 130 अतिरिक्त जिलों में विस्तारित किया गया। शेष जिले मनरेगा के अंतर्गत 1 अप्रैल 2008 को अधिसूचित कर दिये गये तथा सौ प्रतिशत शहरी जनसंख्या वाले जिलों को छोड़कर यह योजना पूरे देश में लागू हो गया। यह अधिनियम एक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार के इच्छुक व्यस्क सदस्य को उस राज्य में कृषि श्रमिक के लिए अधिसूचित न्यूनतम मजदूरी दर पर अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए 100 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी अथवा बेरोजगारी भत्ता का प्रावधान करता है। इस योजना का प्राथमिक उदेद्श्य ग्रामीण परिवारों के रोजगार सुरक्षा की स्थिति को बेहतर बनाना है जबकि सहायक उदेद्श्यों में पर्यावरण की रक्षा करना, ग्रामीण महिलाओं का सशक्तीकरण, ग्रामीण–शहरी पलायन को कम करना, सामाजिक समानता सुनिश्चित करना तथा पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व की प्रकिया अपनाकर विकेन्द्रीकरण के द्वारा ग्रामीण सत्ता को सुदृढ़ करना है।


बिहार की जनसंख्या 10.4 करोड़ है जिसमें से 89 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्र में रहते हैं। बिहार सरकार ने फरवरी 2006 में 23 जिलों में भारत सरकार की निधि से यह कार्यक्रम प्रांरभ किया। इसके साथ ही, राज्य सरकार ने अपनी निधि से शेष 15 जिलों में बिहार ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना (बी0आर0ई0जी0एस0) प्रारंभ किया। दोनों योजनाओ में केन्द्र के मनरेगा योजना के दिशा–निर्देशों का पालन किया गया था। दूसरे चरण में अप्रैल 2007 से इस योजना को केन्द्र की निधि से पूरे राज्य में लागू कर दिया गया। बिहार में 2007–12 की अवधि में 1.34 करोड़ परिवारों का पंजीकरण इस योजना में किया गया था तथा कुल 52.97 करोड़ मानव दिवस सृजित गये थे।

1.2 संगठनात्मक ढाँचा

प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा0वि0वि0), बिहार इसके राज्य कार्यक्रम समन्वयक हैं जो राज्य स्तर पर प्रशासनिक प्रमुख है और विभाग द्धारा नितियों, कार्यक्रमों को बनाने तथा उसके क्रियान्ययन के लिए उत्तरदायी हैं। राज्य रोजगार गारंटी परिषद (एस0ई0जी0सी0) सरकार को क्रियान्वयन, अनुश्रवण और मुल्यांकन तथा वार्षिक प्रतिवेदनों को तैयार करने में सलाह देता है। जिला स्तर पर जिला परिषद योजना बनाने तथा उसके क्रियान्वयन के लिए मुख्य प्राधिकार है तथा जिला पदाधिकारी योजना के क्रियान्वयन के जिला कार्यक्रम समन्वयक हैं। प्रखंड स्तर तथा गाँव स्तर पर पंचायत समिति और ग्राम पंचायत क्रमशः योजना बनाने तथा उसके क्रियान्वयन के मुख्य प्राधिकार है। प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम पदाधिकारी योजना के क्रियान्वयन में पंचायत समिति तथा ग्राम पंचायतों की सहायता करते है।

मनरेगा योजना के क्रियान्वयन के संगठनात्मक ढाँचा को चार्ट–1 में नीचे दर्शाया गया है:–

चार्ट–1 संगठनात्मक ढाँचा



1.3 लेखापरीक्षा उदेद्श्य

निष्पादन लेखापरीक्षा का उदेद्श्य यह आकलन करना था कि –

- संरचनात्मक कियाविधि बनाया गया है तथा योजना के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त ढाँचागत उपाय अपनाये गये है;
- विभिन्न स्तरों पर परिप्रेक्ष्य तथा वार्षिक योजना बनाने की प्रक्रिया कार्यों के संभावित मांग का आकलन तथा कार्य योजना की सूची तैयार करने के लिए पर्याप्त और प्रभावी थे;
- योजनाओं/ दिशानिर्देशों/नियमों के अनुपालन में केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा निधियों की विमुक्ती की गयी, लेखाकरण और उपयोगिता किया गया;
- कार्यकारी दिशानिर्देशों के अनुपालन मे परिवारों के पंजीकरण, जॉब कार्डों के वितरण तथा रोजगार आवंटन में प्रभावी विधियाँ अपनायी गयी;
- लक्षित जनसंख्या को 100 दिनों के वार्षिक रोजगार सुरक्षा के लक्ष्य को प्राप्त किया गया तथा मांग पर रोजगार उपलब्ध न कराने पर बेरोजगारी भत्ता का भुगतान किया गया;
- योजना और दिशानिर्देशों के अनुपालन में मनरेगा योजना कार्यों की उचित योजना बनायी गयी तथा समय पर मित्तव्ययिता, दक्षता और प्रभावशीलता से कार्यो का क्रियान्वयन किया गया एवं स्थायी परिसंपत्तियों का सृजन किया गया, रखरखाव किया गया तथा उचित ढग से लेखा रखा गया;
- सहायक उद्देश्य यथा पर्यावरण की रक्षा करना, ग्रामीण औरतों के सशक्तीकरण, ग्रामीण– शहरी पलायन कम करना, सामाजिक समानता सुनिश्चित करना इत्यादि को प्रभावी ढंग से प्राप्त किया गया था;
- योजना का अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के साथ ताल–मेल जैसा कि प्रावधानित है, लक्षित ग्रामीण समुदाय के धारणीय में जीवीका सुनिश्चित है, करने में तथा समग्र ग्रामीण अर्यव्यवस्था की उन्नति में प्रभावी ढंग से प्राप्त कर लिया गया था ;
- विभिन्न स्तरों पर सभी अभिलेखों तथा आँकडों को संधारित कर लिया गया था तथा मनरेगा के आँकड़े स्वतः पूर्ण तथा विश्वसनीय तथा ससमय एम0आई0एस उपलब्ध कराया गया था;
- विभिन स्तरों पर योजना का अनुश्रवण तथा मूल्यांकन, इसके क्रियान्वयन में सभी उत्तरदायी व्यक्तियों / संस्थाओं द्वारा योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बरती गई थी;
- मनरेगा के प्रभाव का व्यक्तिगत परिवारों, स्थानीय श्रम बाजार, पलायन चक्र तथा सृजित परिसंपतियों के सुदृढ़ीकरण के आकलन के लिए केन्द्र तथा राज्य स्तर पर प्रभावी क्रियाविधि उपलब्ध था।

1.4 लेखापरीक्षा मानदंड

निष्पादन लेखापरीक्षा के लिए निम्नलिखित लेखापरीक्षा मानदंड अपनाये गये –

- एन0आर0ई0जी0ए0– 2005 तथा उसमें किये गये संशोधन
- दिशानिर्देश– मनरेगा के संबध में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा निर्गत किये गये कार्यकारी दिशानिर्देश 2006 तथा 2008 और परिपत्रें

- निधि नियमावली 2006, वित्तीय नियमावली 2009 तथा योजनाओं की लेखापरीक्षा की नियमावली 2011
- एम0ओ0आर0डी0 तथा संबंधित राज्य के एन0आर0ई0जी0एस0 आयुक्तों के पास उपलब्ध राष्ट्रीय गुणवत्ता मौनिटर्स के राज्य/ जिला की प्रतिवेदनें,
- मस्टर रौल निगरानी दिशानिर्देश
- राज्य के आंतरिक अनुश्रवण से संबंधित दिशानिर्देश/ जाँच सूची
- भारत सरकार/राज्य सरकारों द्वारा बनायी गयी निष्पादन सूचकें
- एम0एन0आर0ई0जी0एस0 दृष्टिकोण, एम0ओ0आर0डी0 के निर्णायक ढाँचा तथा कार्य योजना (2010–2011)
- मनरेगा कार्य क्षेत्र नियमावली

1.5 लेखापरीक्षा का कार्यश्रेत्र

निष्पादन लेखापरीक्षा 2007–12 की अवधि का किया गया और अंकेक्षण कार्य फरवरी तथा जुलाई 2012 के मध्य किया गया। लेखापरीक्षा के दौरान ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा0वि0वि0),बिहार सरकार, जिला परिषदें (जि0प0), जिला ग्रामीण विकास अभिकरणें (जि0ग्रा0वि0अ0), जिला कार्यक्रम समन्वयक कार्यालय, 54 पंचायत समितियाँ (पं0स) और 250 ग्राम पंचायत (ग्रा0प0) स्तर के कार्यालयों के अभिलेखों की नमूना जॉच की गयी।

1.6 लेखापरीक्षा नमूना विधि

राज्य के सभी 38 जिलों को भौगोलिक सूचकों तथा निर्गत किये गये जॉब कार्ड संख्या के आधार पर चार भागों में विभक्त किया गया। प्रत्येक भाग से 25 प्रतिशत जिलों का चयन किया गया और इस प्रकार एस0आर0एस0डब्लू0ओ0आर0 पद्धति के आधार पर यादृच्छिक (रैण्डम) तालिका का उपयोग कर 10 जिलों[1] का चयन किया गया। अतिरिक्त पाँच जिलों[2] का चयन भौगोलिक समानता बनाये रखने के लिए राज्य के प्रत्येक कोने के जिलों को समावेशित किया गया। इसके अतिरिक्त 25 प्रतिशत प्रखंडों (पंचायत समितियों) को चयनित जिलों तथा 25 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को चयनित प्रखंडों में से एस0आर0एस0डब्लू0ओ0आर0 पद्धति के आधार पर चयनित किया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में से दो गाँवों का यादृच्छिक चयन किया गया। चयनित गाँवों में से 10 पंजीकृत परिवारों का चयन लाभुक सर्वेक्षण के लिए तथा अन्य 10 परिवारों का चयन जॉब कार्ड की जाँच के लिए यादृच्छिक तालिका का उपयोग कर किया गया। इस प्रकार 15 जिलों, 56 प्रखंडों तथा 256 ग्राम पंचायतों का चयन निष्पादन लेखापरीक्षा के लिए किया गया। लेकिन चयनित जिलों में से एक (नवादा) जिसमें चार पंचायत समितियाँ तथा 14 ग्राम पंचायतें थी, को अन्य जिला (किशनगंज) जिसमें दो पंचायत समितियाँ तथा 10 ग्राम पंचायतें थी, से प्रतिस्थापित की गयी थी। इस प्रकार अन्ततः 15 जिलों, 54 प्रखंडों तथा 252 ग्राम पंचायतों का चयन लेखापरीक्षा के लिए किया गया (**परिशिष्ट–I**)

[1] औरंगाबाद, बेगुसराय, भोजपुर,दरभंगा, जहानाबाद,किशनगंज, मधुबनी, मुजफ्फरपुर,मुंगेर एवं सीतामढी
[2] अररिया, बांका, भभुआ, नालंदा एवं पश्चिम चंपारण

1.7 लेखापरीक्षा कार्यप्रणाली

इस लेखापरीक्षा के उदेदश्यों, इसके कार्यप्रणाली, कार्यक्षेत्र, समावेशन, मुख्य बिन्दुओं तथा विभाग के विचारों/सरोकारों को उद्धृत करने के लिए फरवरी 2012 में प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग के साथ एक इन्ट्री सम्मेलन किया गया था। लेखापरीक्षा कार्यप्रणाली में क्षेत्र की जानकारी/सूचना को अद्यतन तथा समेकित करना, लाभूक सर्वेक्षण द्वारा परिवारों पर पड़े प्रभाव का आकलन तथा क्रियान्वित कार्यो के भौतिक जाँच को शामिल किया गया। लेखापरीक्षा साक्ष्यों को लेखापरीक्षा प्रश्नावली, लेखापरीक्षा आपत्तियों के जवाब, अभिलेखों की प्रतिलिपि और योजनाओं को क्रियान्वित कराने वाले व्यक्तियों तथा उत्तरदायी विभागीय कर्मियों के साथ परस्पर संवाद के द्वारा संग्रह किया गया।

पुनः एक बहिर्गमन (एग्जिट) सम्मेलन प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा0वि0वि0), बिहार सरकार तथा विभाग के प्रतिनिधियों के साथ दिनांक 2.11.2012 को किया गया जिसमें लेखापरीक्षा उपलब्धियों पर पावर प्वाइंट प्रदर्शन द्वारा चर्चा किया गया और प्रतिवेदन में उचित स्थानों पर विभाग के जवाबों को समाविष्ट किया गया।

1.8 पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा प्रतिवेदन

रोजगार कार्यक्रम जिसमें मनरेगा योजना संलग्न है, का वर्ष 2005–07 का निष्पादन लेखापरीक्षा प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार द्वारा मार्च 2007 और जुलाई 2007 के बीच किया गया था इसके उपलब्धियों को 31 मार्च 2007 को समाप्त हुए वर्ष के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के बिहार राज्य के सिविल प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया था।

इस प्रतिवेदन में सम्मिलित की गई मुख्य उपलब्धियाँ निम्न थी–

- योजना बनाने की प्रकिया त्रुटिपूर्ण थी तथा परिप्रेक्ष्य योजना (पाँच वर्षो के लिए) नहीं बनायी गयी थीं।
- घर–घर जाकर मनरेगा योजना सर्वेक्षण नहीं किया गया था जो कि मजदूरों की पहचान तथा पंजीकरण के लिए आवश्यक था। जॉब कार्ड की दूसरी प्रति (डुप्लीकेट) संधारित नहीं की गयी थी।
- व्यक्तिगत/पारिवारिक फोटोग्राफ जॉब कार्ड पंजी में नहीं चिपकाया हुआ था। सरकार को अधिक जॉब कार्ड के संबंध में प्रतिवेदित किया गया था।
- कार्य का यूनिक पहचान संख्या नही दिया गया था, अपूर्ण तथा छोड़ दिये गये कार्यो और एक ही मजदूर को एक ही तिथि/अवधि के मस्टर रॉल में दो या तीन बार कार्य करते दर्शाया जाना, प्रतिवेदित किया गया था। कार्यस्थल पर नोटिस बोर्ड नहीं लगाया गया था।
- कई मामलों में न्यूनतम मजदूरी भुगतान नहीं किया गया था तथा मजदूरी भुगतान भी विलंब से किया गया था।
- प्रशासनिक व्यय स्वीकार्य सीमा से अधिक किया गया था।
- एस0जी0आर0वाई तथा एन0एफ0एफ0डब्लू0पी0 के अव्यवहृत अवशेष को मनरेगा योजना खाता में स्थानांतरित नहीं किया गया था।
- मस्टर रॉल संधारण में महत्वपूर्ण त्रुटियाँ पायी गयी थी।

- मूल अभिलेखों यथा आवेदन पंजीकरण पंजी, रोजगार पंजी, मस्टर रॉल पंजी, शिकायत पंजी तथा परिसंपत्ति पंजी को संधारित नहीं किया गया था।
- योजनाओं का अपर्याप्त अनुश्रवण किया गया था तथा निगरानी एवं अनुश्रवण समिति का गठन नहीं किया गया था।

अन्तिम निष्पादन लेखापरीक्षा के पाँच वर्ष की अवधि उपरांत मनरेगा योजना की पुनः समीक्षा की गयी और देखा गया कि प्रायः सभी कमियाँ जो अन्तिम लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में उल्लेखित की गयी थी अभी भी यथावत थी, जिसका वर्णन आगे की कंडिकाओं में किया गया है।

1.9 अभिस्वीकृति

निष्पादन लेखापरीक्षा के दौरान लेखापरीक्षा को ग्रा0वि0वि0, बिहार सरकार के प्राधिकारियों जिला कार्यक्रम समन्वयक तथा योजनाओं को क्रियान्वित कराने वाले अन्य कर्मियों का पूर्ण सहायोग तथा सहायता प्राप्त हुआ।

1.10 सीमाएं

अंकेक्षित इकाईयों एवं राज्य सरकार द्वारा सिर्फ सीमित अंकेक्षण टिप्पणियों का ही जवाब दिया गया।

अध्याय – II मानव संसाधन एंव प्रशिक्षण

2.1 संसाधन सहायता

मनरेगा कार्यकारी दिशा निर्देश के कंडिका 3.1.2 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार इस योजना के सहज क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक प्रखंड में एक पूर्णकालिक समर्पित कार्यक्रम पदाधिकारी सहित आवश्यक सहायक कर्मियों की नियुक्ति की जानी है। कार्यक्रम पदाधिकारी के उत्तरदायित्वों का वहन जब प्रखंड विकास पदाधिकारी (प्र.वि.प.) द्वारा किया जाता है तो इन परिस्थितियों में एक अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी की नियुक्ति की जा सकती है। आगे, केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित (जुलाई 2011) किया गया कि पंचायत में गंभीर विषयों के संचालन हेतु पंचायत विकास पदाधिकारी (पं.वि.प.) की नियुक्ति की जा सकती है। फिर भी, कार्यक्रम पदाधिकारी के 20 प्रतिशत पद रिक्त थे एवं उनके कर्तव्यों का निष्पादन प्र.वि.प. द्वारा किया जा रहा था जो पहले से ही कार्य के अत्यधिक बोझ से दबे हुए थे। परिणाम स्वरूप कार्यों के अनुश्रवण में कमी एवं मस्टर रौल के समुचित संधारण एवं सत्यापन में कमियाँ पाई गई।

आगे कार्यकारी दिशा निर्देश के कंडिका 3.1.1 में यह भी उल्लेखित है कि मनरेगा के क्रियान्वयन मे ग्राम पंचायत की अहम भूमिका के आलोक में प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक रोजगार गारंटी सहायक (रो0गा0स0) या ग्राम रोजगार सेवक, 10 ग्राम पंचायतों हेतु एक कनीय अभियंता (क0अ0) एवं आठ ग्राम पंचायतों हेतु एक पंचायत तकनीकी सहायक (पं0त0स0) की नियुक्ति उचित होगी। कार्यें के प्राक्कलन एवं मापी में सहायता हेतु राज्य सरकार, जिला एवं प्रखंड स्तर पर मान्यता प्राप्त अभियंताओं का पैनल भी गठित कर सकती है। लेखा परीक्षा में जांच के दौरान यह पाया गया कि क0अ0 व पं0त0स0 क्रमशः 24 प्रतिशत एवं 43 प्रतिशत तक कम कार्यरत थे एवं मान्यता प्राप्त अभियंताओ को कार्यो के तकनीकी सहायता हेतु सूचीबद्ध नहीं किया गया था जिसके परिणामस्वरूप क0अ0 द्वारा कार्यो का कम पर्यवेक्षण किया गया, बिना मापी के भुगतान किया गया एवं कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हुई।

राज्य सरकार द्वारा योजना के गुणवत्ता एवं खर्च को प्रभावी बनाने को ध्यान में रखकर राज्य एवं जिला स्तर पर योजना, खाका, अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं विभिन्न सूत्रपातों का गुणवतापूर्ण अंकेक्षण तथा साथ ही प्रशिक्षण में सहायता के उद्देश्य से तकनीकी संसाधन सहायता समूहो की नियुक्ति पर विचार कर सकती थी। लेकिन राज्य सरकार द्वारा कार्यकारी दिशा निर्देश की कंडिका संख्या 13.3 में की गई परिकल्पना के अनुसार, मनरेगा के सफल क्रियान्वयन में सहायता हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर तकनीकी संसाधन समूह (त0सं0स0) का गठन नही किया गया था।

आगे, अभिलेखों के जांच के दौरान यह पाया कि चयनित जिलों में 31 मार्च 2012 को कम्प्यूटर ऑपरेटर, लेखापाल एवं पंचायत रोजगार सेवक के क्रमशः 42 प्रतिशत, 32 प्रतिशत एवं 15 प्रतिशत तक पद रिक्त थे जब कि पं0वि0प0 का पद राज्य सरकार द्वारा अभी तक सृजित नहीं किया गया था जिसके फलस्वरूप मुख्य अभिलेखो का असंधारण, कार्य के सम्पादन में विलंब, योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितताएँ एवं प्रबंधन सूचना तंत्र में अपूर्ण प्रविष्टियाँ दृष्टिगोचर हुई। (**परिशिष्ट–II)**

कार्यबल की कमी के कारण मनरेगा का समुचित क्रियान्वयन प्रभावित हुआ एवं इस महत्वाकांक्षी योजना के उद्देश्यों की पूर्ति पूर्ण रूपेण नहीं हुई।

2.2 प्रशिक्षण

कार्यकारी दिशा निर्देश के कंडिका सं0 3.3.1 के अनुसार कर्मियों के कुशलता का आकलन एवं ज्ञान सम्बन्धी दूरियों को पाटने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए समुचित प्रणाली स्थापित की जानी थी। राज्य स्तर पर एक प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करना था। प्रभावी योजना, कार्य की मापी, सार्वजनिक प्रकटीकरण, सामाजिक अंकेक्षण एवं सूचना के अधिकार के उपयोग हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रमुखता दी जानी थी।

राज्य सरकार द्वारा प्रशिक्षण कैलेडर तैयार नही किया गया था एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कर्मियों को एक माह का प्रशिक्षण (नवम्बर 2007) के अलावे मनरेगा कर्मियों को कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया।

अनुसंशाएं

- पं0रो0से0 को योजना से सम्बन्धित अभिलेखों का संधारण एवं मनरेगा का कार्यकारी अभिकर्त्ता का कार्य दिया गया है एवं इसीलिए पं0वि0प0 की नियुक्ति की आवश्यकता है। सभी संवर्गो के रिक्त पदों को भरने हेतु तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए।
- राज्य सरकार द्वारा कर्मियों, मुख्य रूप से ग्राम पंचायत स्तर के कर्मियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण देने हेतु प्रभावशाली कदम उठाए जाने चाहिए।

अध्याय – III नियोजन (प्लानिंग)

3.1 परिचय

पन्द्रह दिनों के अन्दर रोजगार उपलब्ध कराने की जवाबदेही का निर्वहन हेतु अग्रिम योजना बनाना आवश्यक है। नियोजन प्रकिया का बुनियादी मकसद यह सुनिश्चित करना है कि जिला प्रशासन मांग के अनुसार उत्पादक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पहले से तैयार रहे। मनरेगा योजना के उद्देश्य की पूर्ति हेतु उचित नियोजन अनिवार्य है। मार्गदर्शिका के अनुसार क्रियान्वयन निकाय द्वारा दो तरह के योजना तैयार किए जाने है –विकास योजना जो एक वार्षिक कार्य योजना है तथा परिप्रेक्ष्य योजना जिसका उद्देश्य ऐसे कार्यो की पहचान करना है जिनको प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए और उनके बीच संभावित संबंधों तथा दीर्ध कालिक रोजगार संवर्धन या स्थायी विकास के द्वारा गरीबी उन्मूलन करना है। योजना की तैयारी कई स्तर में ग्राम सभा स्तर से सरकार स्तर तक किया जाता है जिसे नीचे दिए गए चित्र में निरूपित किया गया है:–



3.2 वार्षिक कार्य योजना की तैयारी में विलम्ब एवं कमियाँ

कार्यकारी मार्गदर्शिका (2008) के प्रावधानों के अनुसार वार्षिक कार्ययोजना प्राथमिकता के आधार पर लागू किए जाने वाले कार्यों की पहचान के लिए तैयार किया जाना है। प्रत्येक वर्ष ग्राम सभा (ग्रा0स0) 2 अक्टूबर को अगले वित्तीय वर्ष के लिए संभावित मांग का अनुमान करेगा तथा इसके लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्यो को प्रस्तावित करेगा। ग्राम पंचायत 17 अक्टूबर तक वार्षिक कार्य योजना को अंतिम रूप देकर कार्यक्रम पदाधिकारी को अग्रेषित करेगा। यह वार्षिक योजना को वर्तमान कार्य की मांग, पिछले वर्ष की मांग, पिछले वर्ष लिए गए कार्यों, चल रहे कार्यो, प्रस्तावित खर्च, संभावित लागत तथा क्रियान्वयन निकायो को इंगित करना चाहिए। योजना में यूनिक कोड (गाँव का कोड/कार्य का प्रभाग/योजना संख्या/वर्ष) सभी कार्यो को दिया जाना चाहिए।

तत्पश्चात्, का0प0 प्रत्येक ग्राम पंचायत के वार्षिक योजना की तकनीकी व्यावहारिकता की जाँच करेंगे तथा योजनाओ का सारांश तैयार कर 15 नवम्बर तक पंचायत समिति (पं0स0) को समर्पित करेंगें जो योजना पर चर्चा कर इसे पारित कर 30 नवम्बर तक जिला का0स0 को अग्रसारित करेगा।

जिला का0स0 सभी पंचायत समितियों द्वारा समर्पित योजनाओं की जॉच करेगा तथा जिला के लिए योजनाओ का सारांश प्रखंडवार (ग्राम पंचायतवार क्रमित) तैयार करेगा जो,


(अ) समयबद्धता (ब) सृजित होनेवाले मानव दिवस (स) पूर्ण खर्च को दर्शाएगा। यह योजना जिला परिषद द्वारा चर्चा किया जाएगा तथा स्वीकृती के पश्चात् सरकार को 31 दिसम्बर तक समर्पित किया जाएगा। कम से कम 50 प्रतिशत कार्य का क्रियान्वयन ग्रा0पं0 द्वारा किया जाना है।

जि0का0स0 योजनाओ के तकनीकी प्राक्कलन तैयार करने मे सहयोग करेगा तथा इसकी स्वीकृति देगा तथा प्रत्येक स्वीकृत कार्य के साथ योजना प्रतिवेदन लगा रहेगा जिसमे योजनाओं के प्रतिफल तथा अनुमानित लाभ का चर्चा रहेगा तथा सभी प्रक्रिया 31 दिसम्बर तक पूर्ण हो जाना चाहिए। अंकेक्षण जॉच में निम्नलिखित तथ्य उजागर हुईः–

विकास योजना सही समय के अन्दर यानी 31 दिसम्बर तक आधे से अधिक चयनित जिलों यानी आठ जिलों[3] द्वारा तैयार नही किए गए थे तथा समर्पित करने में 15 दिनों से 12 महीनों का विलम्ब था। कार्य योजना की तैयारी में विलम्ब से लेबर बजट तैयार करने में विलम्ब हुआ जो अंततः राशि विमुक्ति को प्रभावित किया तथा कम मानव दिवस का सृजन हुआ जो आगे के कंडिका में चर्चित हैः–

[3] औरंगाबाद, बेगुसराय, भभुआ, दरभंगा, मधुबनी,मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण

चार्ट–2



(विस्तृत विवरणी परिशिष्ट–III पर)

सभी गॉवो एवं परिवारों को कार्य का सामान अवसर प्रदान करने एवं परिसम्पदा निर्माण हेतु राजस्व–ग्रामवार योजना तैयार किया जाना चाहिए था लेकिन सिर्फ एक जिला (मुजफ्फरपुर) द्वारा राजस्वग्रामवार योजना तैयार किया गया था तथा अन्य 14 चयनित जिलों द्वारा सभी गाँव के लिए एक सामान प्लान तैयार किया गया था जिसमें कार्य का प्राक्कलित राशि तथा मजदूरी की राशि तथा योजना से प्राप्त होने वाले संभावित लाभ रोजगार सृजन और परिसम्पदा निर्माण के संदर्भ में दर्शाया नहीं गया था। अतः योजना की तैयारी मार्गदर्शिका के अनुसार नहीं थी।

- योजना में, श्रमिक प्रक्षेपण तथा संभावित कार्य की मांग को पूरा करने के लिए कार्यो को चिन्हित नही किया गया था। फसल पैटर्न आँकड़ों का उपयोग प्लान तैयार करने में नही किया गया था। यूनिक कोड भी कार्यो को आवंटित नहीं किए गए थे। यूनिक कोड कार्य समाप्ति के पश्चात्त एम0आइ0एस0 प्रविष्टि के समय दिया जाता था।

अंकेक्षित इकाई ने उचित प्रशिक्षण नहीं दिए जाने तथा उच्च पदाधिकारी का मार्गदर्शन नहीं मिलने को प्लान में कमियों का कारण बताया। जबकि विभाग ने स्पष्ट किया कि प्लान की तैयारी में विलम्ब कम होता जा रहा है।

3.3 दीर्घकालिक जिला परिप्रेक्ष्य योजना (जि0प0यो0) की तैयारी

कार्यकारी मार्गदर्शिका के अनुसार 5 वर्षो के लिए जि0प0यो0 की तैयारी का उदेद्श्य समयपूर्व योजना तैयार करने और समग्र रूप से जिले के विकास का एक व्यापक परिप्रेक्ष्य तैयार करना है। इसका मकसद मनरेगा योजना के अर्न्तगत ऐसे कार्यों की पहचान की जाए जिनको प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए और उनके बीच संभावित संबधों तथा दीर्घकालिक रोजगार संवर्धन व स्थायी विकास की संभावनाओं को चिन्हित किया जाए। वार्षिक कार्य योजना, जि0 प0 यो0 से तैयार किया जाना है।

अंकेक्षण जॉच में ज्ञात हुआ कि पाँच वर्ष समाप्त होने के पश्चात भी कोई भी चयनित जिला जि0प0यो0 तैयार नहीं किया था। जि0प0यो0 एक महत्वपूर्ण युक्ति है जो क्रमवार विकास के अनुश्रवण करने में उपयोगी है और इसके तैयार नहीं होने से बिना प्राथमिकता के कार्यों का क्रियान्वयन, प्लान से बाहर के योजनाओ का क्रियान्वयन तथा कम कार्य हुआ। छह जिलो[4] में कार्य, स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना से बाहर के कार्यो का क्रियान्वयन हुआ। कुल 144 कार्यों जिसमें ₹ 3.76 करोड़ लगे थे, बिना ग्राम सभा के स्वीकृति के कार्यान्वियत हुआ और वास्तव में ये सभी कार्य ऊपर के पदाधिकारी द्वारा सीधे कार्यान्वियत कराया गया जो ग्राम पंचायत को सशक्त करने के उद्देश्य में बाधक था। **(परिशिष्ट–IV)**

आगे अंकेक्षण में प्राप्त कमियों को नीचे दिया गया है:–

- सरकार नौ[5] चयनित जिलों को ₹ 90 लाख (₹ 10 लाख प्रति जिले के दर से) मनरेगा योजना के कार्यो के जि0प0यो0 तैयार करने हेतु विमुक्त किया था (दिसम्बर 2005)। लेकिन दो जिलों यथा जहानाबाद एवं बेगुसराय को कुल प्राप्त राशि ₹ 20 लाख जो जि0प0यो0 के लिए कर्णांकित था, का विचलन मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में कर दिया गया।
- सीतामढ़ी एंव नालंदा जिला में जि0प0यो0 तैयार करने का कार्य ए0एन0 सिंहा इस्टीच्यूट, पटना को आवंटित किया गया तथा क्रमशः ₹ 9.87 लाख तथा ₹ 5.46 लाख भुगतान किया गया। उनके द्वारा ड्राफ्ट जि0प0यो0 तैयार किया गया लेकिन सरकार को स्वीकृति हेतु जिला का0स0 द्वारा समर्पित नही किया गया और अन्ततः इसे अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। अतः अनुदान की राशि जो जि0प0यो0 के किए कर्णांकित थी का उद्देश्य पूरा नही हो सका और सारे खर्च निष्फल हो गए। इस संबंध में अतिरिक्त जि0का0स0 (ए0डी0पी0सी0) ने स्पष्ट किया कि मामले की जाँच की जा रही है।
- औरंगाबाद में जि0प0यो0 तैयारी का कार्य बिहार इन्स्टीच्यूट ऑफ इकोनोमिक स्टडीज, पटना को (जून 2010) में आवंटित किया गया लेकिन ₹ 4.20 लाख खर्च के बाद भी और दो साल की अवधि के पश्चात भी प्लान तैयार नही हुआ था।
- पश्चिम चंपारण में 5 लाख रूपये अग्रिम के रूप में (फरवरी 2007) ए0एन0सिन्हा इन्स्टीच्यूट, पटना को प्राक्कलित राशि ₹ 9.74 लाख के विरूद्ध मनरेगा योजना के जि0प0यो0 तैयार करने हेतु इस शर्त पर दिया गया कि जि0प0यो तीन माह के भीतर तैयार हो जाना चाहिए लेकिन पाँच साल समाप्त होने के पश्चात भी प्लान तैयार नही हुआ तथा फर्म को दिया गया अग्रिम समायोजन हेतु लंबित था।
- इस संदर्भ में विभाग ने जवाब दिया कि ए0एन0 सिन्हा इंस्टीस्यूट के साथ मिलकर जि0प0 योजना को अंतिम रूप देना था कितु उचित फोलो अप नही होने के कारण उद्देश्य पूरा नहीं किया जा सका।

जि0प0 योजना तैयार नही होने के कारण संभावित मांगो को पूरा करने हेतु कार्यो का चयन हेतु समयपूर्व योजना तैयार नही किया जा सका जो समुदाय के दीर्घकालिक विकास के लिए बाधक था।

[4] औरंगाबाद, बांका, दरभंगा, मधुबनी, मुंगेर एवं नालंदा

[5] औरंगाबाद, भभुआ, भोजपुर, बेगुसराय, जहानाबाद, किशनगंज, नालंदा, सीतामढी एवं पश्चिम चंपारण

3.4 योजनाओं का निष्प्रभावी क्रियान्वयन

मार्गदर्शिका के प्रावधानों के अनुसार, वैसे कार्य जो दो या दो से अधिक ग्रा0पं0/पं0स0 को जोड़ रहे थे, के लिए समुचित प्लान यह तैयार किया गया कि लोकहित को सुनिश्चित करने हेतु जिला परिषद वैसे कार्यो का क्रियान्वयन करेगा जो एक से अधिक पंचायत समिति को जोड़ रहे थे जबकि दो से अधिक ग्रा0पं0 को जोड़ने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन पंचायत समिति द्वारा किया जाना था। जिला परिषद/पंचायत समिति वैसे कार्यो का क्रियान्वयन नहीं करेगा जो एक पंचायत समिति/ग्रा0पं0 से संबंधित था।

लेकिन उपर्युक्त प्रावधानों के विरूद्ध जिला परिषद कुल 419 जिसमें ₹ 30.71 करोड़ लगे थे, वैसे कार्यो का क्रियान्वयन किया था जो सिर्फ एक ही पंचायत समिति से संबंधित था **{(परिशिष्ट V(अ)}** और 3543 कार्यो जिसमें ₹ 82.95 करोड़ लगे थे और जो सिर्फ एक ही ग्राम पंचायत को जोड़ रहे थे का क्रियान्वयन पंचायत समिति द्वारा किया गया **{(परिशिष्ट V(ब)}**। अतः जिला परिषद तथा पंचायत समिति द्वारा मार्गदर्शिका के विरूद्ध कार्य किया गया जो सिर्फ एक ही ग्रा0 पं0/पं0स0 के लिए लाभकारी थे तथा बड़े लाभ से समझौता किया गया तथा ग्राम पंचायत के पूर्व निर्धारित कार्यो का आच्छादन हुआ तथा जिससे ग्रा0प0 को प्राथमिक क्रियान्वयन निकाय बनाने के उद्देश्य की पूर्ति नही हो सकी।

3.5 अव्यवहारिक श्रम बजट

मनरेगा योजना के मार्गदर्शिका के अनुसार जि0का0स0 दिसम्बर माह तक अगले वित्तीय वर्ष के श्रम बजट को अंतिम रूप देगा जिसमें अकुशल शारिरिक कार्यों जिला में श्रमिक प्रक्षेपण के अनुमानित मांग के साथ तथा श्रमिक को कार्यो में नियोजन की विस्तृत विवरणी सहित इसे ग्रामीण विकास विभाग बिहार सरकार को 31 दिसम्बर तक समर्पित करेगा ताकि वार्षिक कार्य योजना के साथ इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय (एम0ओ0आर0डी) के वेबसाइट पर अपलोड किया जा सके। श्रम बजट वार्षिक कार्य योजना से किए गए कार्यो की संख्या एवं प्रकार पर आधारित होगा। श्रम बजट में पूर्व वर्ष के अवशेष राशि तथा श्रमदिवस जिसका एम0आइ0एस0 इन्ट्री नहीं हुआ था को समावेशित किया जाना चाहिए। कृषि के मुख्य समय को बजट बनाते समय ध्यान में रखना चाहिए।

अभिलेखों की जाँच से यह ज्ञात हुआ कि श्रम बजट फसल पैटर्न के आधार पर तैयार नहीं किया जा रहा था तथा पूर्व वर्ष के अव्यवृहित अनुदान को अगले वर्ष के लिए अग्रेषित नहीं किया गया था। 12 जिलों में श्रम बजट को समर्पित/अपलोड करने मे एक से आठ माह का विलम्ब हुआ था **(परिशिष्ट–VI)** जबकि राज्य सरकार द्वारा 70 से 128 दिनों के विलम्ब से श्रम बजट, ग्रामीण विकास मंत्रालय को समर्पित किया गया था। श्रम बजट तथा वास्तविक में काफी अंतर पाया गया। कार्य प्रदान करने तथा मजदूरी पर व्यय के संदर्भ में क्रमशः (+) 4 से (-) 98 प्रतिशत तथा (+) 19 से (-) 98 प्रतिशत का अन्तर 13 जिलों में पाया गया। **(परिशिष्ट–VII)**

सारणी–1: राज्य द्वारा श्रम बजट के समर्पण मे विलम्ब

क्र0 सं0	वर्ष	भारत सरकार को श्रमबजट समर्पित करने की निश्चित तिथि	समर्पित करने की वास्तविक तिथि	विलम्ब (दिन में)
1.	2007-08	31.01.2007	11.04.2007	70
2.	2008-09	31.01.2008	02.05.2008	92
3.	2009-10	31.01.2009	27.04.2009	86
4.	2010-11	31.01.2010	05.06.2010	125
5.	2011-12	31.01.2011	08.06.2011	128

स्रोत: ग्रामीण विकास विभाग

आगे बजट तैयार करते समय पूर्व के वर्ष के खर्च तथा सृजित मानव दिवस को ध्यान में नही रखा गया तथा इसके बदले कुल परिवारों की संख्या x 100 दिनों x मजदूरी दर के आधार पर तैयार किया गया था जिससे बजट वास्तविकता से बहुत अधिक था। कम संख्या में जागरूक मजदूर, जॉब कार्ड की बढी हुई संख्या (एक परिवार के पास एक से अधिक कार्ड थे) एवं उपलब्ध निधि का उपयोग नहीं किया जाना, बजट को वास्तविकता से परे बना रहा था जिसकी चर्चा आगे की कंडिकाओ में की गई है। **(कंडिका–7.1, 8.1)**

पूछने पर यह बताया गया कि मांग के अनुसार राशि प्राप्त नही होने के कारण तथा जागरूक मजदूरों की संख्या में कमी के कारण बजट के अनुमान एव वास्तविकता में अन्तर था। जबकि विभाग ने जवाब दिया कि जि0प0 योजना बन जाने पर श्रम बजट पूर्व वर्ष के खर्च एवं मानव दिवस सृजन के आधार पर तैयार होगा। जबकि, सरकार अंकेक्षण के तथ्य को स्वीकार किया, फिर, भी सरकार के जवाब को इसलिए स्वीकार नही किया जा सकता क्योंकि बजट, पूर्व के वर्ष के रोजगार सृजन के अनुसार तैयार नही किया गया था तथा उपलब्ध राशि खर्च नही किए गए थे।

अनुशंसाएँ

- जिला परिप्रेक्ष्य योजना (जि0प0यो0) प्राथमिकता सूची में नही आने वाले कार्यो के क्रियान्वयन को रोकने के किए आवश्यक रूप से तैयार किया जाना चाहिए।
- वार्षिक योजना सारगर्भित एवं समय पर तैयार होना चाहिए तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि स्वीकृत वार्षिक योजना से बाहर के कार्य का क्रियान्वयन न हो।
- श्रम बजट जिला के पूर्व के वर्ष के व्यय तथा परिवारों द्वारा कार्य की मांग के आधार पर तैयार किया जाना चाहिए। पूर्व के वर्ष के अव्यवृहित अनुदान तथा जागरूक मजदूरों के उपलब्धि के आधार पर निधि की मांग किया जाना चाहिए।


अध्याय– IV वित्तीय प्रबंधन

मनरेगा को केन्द्र प्रायोजित योजना के तौर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार के बीच 90:10 के अनुपात में लागत के बंटवारे के आधार पर लागू किया गया है। केन्द्र सरकार के अंश में अकुशल मजदूर का 100 प्रतिशत मजदूरी और 75 प्रतिशत गैर मजदूरी भाग, कार्यस्थल सुविधाओं का लागत तथा प्रशासनिक व्यय जिसमे कार्यक्रम पदाधिकारी एवं उसके सहायक कर्मचारी का वेतन एवं भत्ता शामिल है। जिलों को सीधे निधि जारी की जाती है। राज्य सरकार सामग्री मूल्य तथा कुशल एवं अर्धकुशल मजदूरी व्यय के 25% के अलावा बेरोजगारी भत्ता एवं दैनिक प्रशासनिक व्यय पर होने वाले खर्च का वहन करेगी। केन्द्रांश के जारी होने के 15 दिनों के अन्दर राज्यांश जारी होना है।


4.1 वित्तीय उद्व्यय और व्यय

वित्तीय वर्ष 2007–12 में कुल उपलब्ध निधि ₹ 8184.26 करोड़ में राज्य सरकार द्वारा ₹ 8110.84 करोड़ का उपयोग किया जा सका। वर्ष 2007–12 के दौरान भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा राज्य में योजनाओं के लागू करने हेतु निधि के आवंटन तथा उसके उपयोग की स्थिति नीचे दी गई है

चार्ट –3: दिसम्बर 2011 से पूर्व निधि आवंटन का प्रतिरूप



चार्ट.4


दिसंबर 2011 से निधि आवंटन का प्रतिरूप
केन्द्रीय अंश
राज्य अंश
राज्य रोजगार गारंटी निधि
सी0पी0एस0एम0एस0 (केन्द्रीय आयोजना योजना अनुवीक्षण पद्धति)
जिला
प्रखंड
ग्राम पंचायत
आकस्मिकता
योजना निधि
आकस्मिकता
योजना निधि
योजना निधि

सारणी 2: वित्तीय अधिदृश्य (राज्य)

(₹ करोड़ में)

वर्ष	आ0शेष	पिछले साल की निधि जो इस वर्ष प्राप्त हुइ	इस वर्ष प्राप्त		विविध प्राप्ति	कुल उपलब्ध निधि	व्यय	अव्ययित अनुदान का प्रतिशत	अंतिम शेष	श्रम बजट के अनुसार केन्द्र से मांग की गइ राशि	केन्द्रांश राशि कम विमुक्त	केन्द्रांश राशि कम विमुक्त (प्रतिशत में)
			केन्द्रीय अंश	राज्य अंश								
1	2	3	4	5	6	7	8		9	10	11 = (10 – 3 + 4)	12
07-08	795.35	103.32	465.58	50.07	58.57	1472.88	1053.35	28.48	419.53*	2000.26	1534.68	76.72
08-09	638.30	3.84	1365.58	143.90	25.96	2177.57	1305.85	40.03	871.72*	2411.54	1104.58	45.80
09-10	1201.19**	63.14	890.27	251.85	64.26	2470.71	1621.70	34.36	849.01	3258.94	2226.16	68.30
10-11	849.01**	142.52	2095.00	250.53	67.64	3404.70	2512.92	26.19	891.78	4416.67	2313.02	52.37
11-12	891.78**	8.66	1300.73	17.22	20.27	2238.66	1617.02	27.77	621.64	3298.85	2505.78	75.95
कुल		**321.48**	**6117.16**	**713.57**	**236.7**		**8110.84**					

स्रोतः ग्रा.वि.वि., बिहार सरकार

नोट– * वर्ष 2007–08 तथा 2008–09 का प्राप्ति तथा व्यय का विवरण ग्रा0 वि0वि0 बिहार सरकार के मनरेगा के वार्षिक प्रतिवेदन के आधार पर तैयार किया गया है जबकि वर्ष 2009–12 की स्थिति ग्रा0वि0वि0 द्वारा तैयार किये गये वित्त विवरणी पर आधारित है, प्रारंभिक शेष पूर्ववर्ती वर्ष के अंतिम शेष के बराबर नहीं है।

** ग्रा0वि0वि0 द्वारा वर्ष 2009–12 का संशोधित वित्त विवरणी प्रस्तुत किया गया जो कि वार्षिक प्रतिवेदन के दर्शाये गए वित्त से मेल नहीं खाता है।

*** माँग वर्ष का अनुदान जो कि अगले वर्ष प्राप्त हुआ को माँग वर्ष में शामिल किया गया है।

आगे, चयनित जिलों द्वारा वर्ष 2007–12 की अवधि में केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त कुल निधि, विविध प्राप्तियाँ सहित, की स्थिति निम्नवत थीः–

सारणी 3 वित्तीय अधिदृश्य (चयनित जिले)

(₹ करोड़ में)

इकाई का नाम	उपलब्ध निधि	उपयोग की गई निधि	उपयोग की गई निधि की प्रतिशतता	मजदूरी पर खर्च	सामग्री पर खर्च	प्रशासकीय खर्च
दरभंगा	507.18	325.95	64.26	205.54	109.04	11.37
जहानाबाद	167.91	126.71	75.46	83.82	39.20	3.69
मधुबनी	213.61	146.89	68.76	85.31	51.20	10.38
अररिया	294.68	199.69	67.76	123.07	71.12	5.50
औरंगाबाद	350.34	249.83	71.31	151.22	90.22	8.39
भभुआ	102.56	81.76	79.71	53.43	23.71	4.63
मुंगेर	218.13	152.88	70.08	88.92	59.18	4.78
मुजफ्फरपुर	775.09	646.35	83.39	382.04	240.43	23.88
सीतामढ़ी	448.90	310.43	69.15	199.39	103.86	7.18
बेगुसराय	461.50	291.36	63.13	171.49	108.17	11.70
नालन्दा	345.68	269.51	77.96	159.69	97.30	12.52
बांका	225.66	188.69	83.61	112.08	70.91	5.70
प. चम्पारण	344.73	277.41	80.47	176.64	93.31	7.46
भोजपुर	325.19	239.81	73.74	134.76	94.98	10.07
किशनगंज	151.46	118.51	78.24	71.43	41.56	5.52
कुल	**4932.62**	**3625.78**		**2198.83**	**1294.19**	**132.77**

स्रोतः ग्रा.वि.वि., बिहार सरकार

उपरोक्त टेबल को देखने से पता चलता है कि जिलों में उपयोगिता की स्थिति कमजोर थी चूँकि 16% से 35% तक अनुदान विभिन्न जिलों के लिए अनुपयुक्त पड़ी थी।

4.2 केन्द्र तथा राज्य अंश कम/नहीं जारी

- सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना से यह ज्ञात हुआ कि राज्य सरकार द्वारा श्रम बजट के माध्यम से समर्पित की गई माँग के अनुरूप केन्द्रांश जारी नहीं किया गया। 2007–12 के दौरान 46% से 77% तक केन्द्रांश कम जारी किए गए।

  श्रम बजट के विरूद्ध केन्द्रांश का जारी होना मुख्यतः पूर्व व वर्तमान वर्ष में जिलों के परिवारों के माँग की प्रवृति, माँग में अचानक तीव्र वृद्धि की स्थिति में उसके औचित्य, जिलों के पास अनुप्रयुक्त निधि, सभी कार्यों के सामाजिक लेखा परीक्षा तथा प्रमाणिक एम0 पी0 आर0 (मासिक प्रगति प्रतिवेदन) के समपर्ण पर निर्भर करता है।

  दस्तावेजों के छानबीन से पता चला कि श्रम बजट अव्ययित शेष को शामिल किए बिना तैयार किया गया तथा यह पूर्ववर्ती वर्ष के खर्च की प्रवृति तथा रोजगार उपलब्ध कराया गया श्रम बजट के समपर्ण में विलंब के आधार पर तैयार नहीं किया गया जैसा कि कंडिका 3.5 में चर्चा की गई हैं। आगे, रोजगार उपलब्ध कराने के अनुपात में वर्ष दर वर्ष कमी आती रही और माँग के तीव्र वृद्धि का कोई औचित्य नहीं बताया गया जिसकी वजह से केन्द्रांश कम प्राप्त हुए।

- मनरेगा की धारा 7.3.11 अनुबंध करता है कि केन्द्रांश की निधि के जारी होने के 15 दिनों के भीतर राज्य सरकार द्वारा राज्य अंश की निधि जारी होनी है। 15 नमूना परीक्षित जिलों में से 13 में यह ज्ञात हुआ कि राज्यांश 9 दिनों से 313 दिनों के विलंब से जारी किए गए जिसके परिणामस्वरूप कम मानव दिवस तथा लंबित मजदूरी तथा सामग्री विपत्रों के रूप में देयता का सृजन हुआ (कंडिका 5.8)। यद्यपि, अन्य दो जिलों में राज्यांश के समय पर जारी होने से संबंधित सूचना से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया (**परिशिष्ट–VIII**)।
- वर्ष 2011–12 के लिए मधुबनी जिले को राज्य अंश का 56 लाख प्राप्त नहीं हुआ।
- वर्ष 2009–10 के लिए मुंगेर जिला को केन्द्र के साथ – साथ राज्यांश भी जारी नहीं किया गया चूँकि जिला अनुदान (60%) का समय से उपयोग करने में विफल रहा।

4.3 लेखांकन प्रक्रिया में खामियाँ

कार्यकारी दिषानिर्देष की कंडिका 8.6.1 के अनुसार वित्तीय हानि के जोखिम को कम करने तथा पारदर्शिता व निधि प्रबंधन को बढ़ावा देने हेतु लेखाओं को तीन शीर्षों में यथा (i) बैंक खातों में जमा राशि (ii) क्रियान्वयन या भुगतान के रुप मे अभिकर्ता को अग्रिम तथा (iii) वास्तविक व्यय का अभिश्रव को मासिक रूप से व्यवस्थित करने का अभ्यास जिला (जि0का0स0) प्रखंड (का0प0) तथा ग्राम पंचायत (पं0रो0से0) स्तर पर योजना कार्यकर्ताओं को सुनिश्चित करना था। तथापि, किसी भी नमूना जॉच इकाई द्वारा लेखाओं का मासिक व्यवस्थापन नहीं किया गया, मनरेगा योजना के वेबसाइट पर नहीं डाला गया तथा अन्ततः जनता के क्षेत्राधिकार में नहीं रखा गया।

4.4 एम0पी0आर0, यू0सी0 तथा सी0ए0 प्रतिवेदन के प्रारंभिक तथा अंतिम शेष में अंतर

मासिक प्रगति प्रतिवेदन (एम0पी0आर0) सरकार के लिए योजना क्रियान्वयन में खर्च के संदर्भ में योजना के प्रगति पर ध्यान रखने तथा अनुवीक्षण करने तथा माह के दौरान रोजगार सृजन की स्थिति पर आंतरिक नियंत्रण का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। एम0पी0आर0 विचलन का पता लगाने का महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिससे हर माह उचित मिलान तथा सुधारात्मक कार्रवाई किया जा सकता था। मासिक श्रम बजट को ग्रा0वि0वि0 द्वारा उस माह के एम0पी0आर0 से मिलान किया जाना है तथा कमी यदि कोई हो, को उचित अनुवीक्षण के द्वारा दूर करना था।

वर्ष 2007–12 के दौरान एम0पी0आर0 तथा उपयोगिता प्रमाण–पत्र के प्रारंभिक शेष (ओ0बी0) तथा अंतिम शेष (सी0बी0) कि तुलना से यह स्पष्ट हुआ कि 14 जिलों में उपरोक्त दोनों आंकड़ों के स्रोत के अंतिम शेष (सी0बी0) तथा प्रारंभिक शेष (ओ0बी0) में विचारनीय अंतर था। नमूना जांचित जिलों के सी0ए0 (सी0ए0) के प्रतिवेदन में नौ जिलों[6] के अंतिम शेष (सी0बी0) तथा प्रारंभिक शेष (ओ0बी0) का परास ₹ 2 लाख (न्यूनतम किषनगंज में, 2009–10 के दौरान) से ₹ 43.45 करोड़ (अधिकतम मुजफ्फरपुर में 2008–09 के दौरान) था।

60 प्रतिषत नमूना जांचित जिलों में एम0पी0आर0 के वास्ततिक संख्या में विचलन यह दर्शाता था कि आंकड़े अविश्वसनीय थे तथा इसलिए निधि उपयोग तथा रोजगार सृजन की स्थिति सही नहीं थी। (**परिशिष्ट–IX**)

4.5 प्रशासनिक व्यय पर ग्राह्य सीमा से अधिक व्यय

मनरेगा योजना निर्देषिका (2008) के कंडिका 8.1.1 (iii) के अनुसार केन्द्र सरकार जैसा कि उसके द्वारा निर्धारित किया जा सकता है, प्रशासनिक खर्च उठाएगी। इसमें कार्यक्रम पदाधिकारियों तथा उसके सहायक कर्मचारियों का वेतन एवं भत्ता तथा कार्यस्थल पर सुविधा शामिल होगी। इसका उद्देष्य विकास व्यय को बढाना है ताकि प्रशासनिक व्यय स्वतः बढ़ जाय। प्रशासनिक व्यय निधि के उपयोगिता के अनुसार निर्धारित होता है जिसका दर चार प्रतिशत (मार्च 09 तक) तथा छह प्रतिषत (अप्रैल 2009 से) या उसके बाद योजना पर खर्च की कुल लागत में 2007–12 के दौरान केन्द्र तथा राज्य अंष शामिल था।

लेखा परीक्षा जॉच में यह पता चला कि सात जिलों[7] में प्रशासनिक व्यय ग्राहय सीमा की तुलना में ₹ 10.39 करोड़ अधिक था। ग्राहय सीमा की तुलना में अधिक खर्च में भिन्नता की सीमा 7 से 104 प्रतिशत तक थी। ऐसा ₹ 574 करोड़ अनुदान (उपलब्ध अनुदान का 25%) के निम्न उपयोग के कारण हुआ। अत्यधिक प्रशासनिक व्यय न केवल अनुदान के विकास कार्य के लिए कम उपयोग का कारण बना बल्कि मानवदिवस सृजन पर भी बुरा असर पड़ा। (**परिशिष्ट–X**)

[6] भोजपुर, दरभंगा, जहानाबाद, किशनगंज, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, नालन्दा, सीतामढ़ी और पश्चिम चम्पारण

[7] बांका, बेगुसराय, भमुआ, भोजपुर, मधुबनी, मुंगेर और मुजफ्फरपुर

ए0डी0पी0सी0, बेगूसराय, भभुआ, मुजफ्फरपुर द्वारा लेखा परीक्षा टिप्पणी को स्वीकार किया गया और बताया कि ग्राह्य सीमा से अधिक प्रशासनिक व्यय हुआ है तथा इस विषय की समीक्षा की जा रही है। तथापि; विभाग द्वारा उत्तर दिया गया कि राज्य के लिए समग्र प्रशासनिक व्यय कभी भी 6 प्रतिशत से अधिक नहीं हुआ। जवाब युक्तिसंगत नहीं था चूंकि प्रशासनिक व्यय की सीमा को जिला स्तर पर बनाए रखना था।

4.6 मनरेगा योजना निधि का विचलन

अररिया तथा मुंगेर जिले में यह पाया गया कि क्रमशः ₹ 22 लाख (2008–09) तथा ₹ 64लाख (2009–12) जो कि मनरेगा योजना के निष्पादन के लिए था को बी0पी0एल0 सर्वेक्षण कार्य तथा डी0आर0डी0ए0 के आकस्मिक व्यय (एसी की खरीद, वाहन के लिए ईंधन तथा डी0आर0डी0ए0 भवन का किराया) के उद्देश्य के लिए विचलित किया गया तथा जिला परिषद् जिसने न केवल ₹0.60 लाख मानव दिवस का नुकसान किया बल्कि सतही स्तर के लाभार्थियों को रोजगार तथा परिसंपत्ति सृजन से भी वंचित किया (**परिशिष्ट–XI**)

जिला प्राधिकारियों द्वारा यह जवाब दिया गया कि मनरेगा योजना निधि का बी0पी0एल0 सर्वेक्षण हेतु तात्कालिक विचलन किया गया था चूंकि बी0पी0एल0 सर्वेक्षण मद में राषि उपलब्ध नहीं था तथा जैसे ही बी0पी0एल0 सर्वेक्षण मद में राशि प्राप्त होती है विचलित राशि की प्रतिपूर्ति कर दी जाएगी जबकि डी0आर0डी0ए0 मुंगेर द्वारा जवाब दिया गया कि विचलन का कारण निधि की अनुपलब्धता थी।

जवाब युक्तिसंगत नहीं था चूंकि निधि की प्रतिपूर्ति लेखा समाप्ति (31 मार्च) से पहले नहीं की गई तथा यहां तक की चार वर्ष बीत जाने पर भी नहीं की गई। यदि यह तात्कालिक विचलन था तो राशि को राज्य बजट से इस उद्देष्य हेतु वित्तीय वर्ष के भीतर प्रतिपूर्ति होना चाहिए था। क्योंकि एक बार लेखा बन्द हो जाने के बाद कोई प्रतिपूर्ति संभव नहीं है। वास्तव में विचलन के कारण लेखाओं का गलत प्रस्तुतीकरण हुआ।

अनुशंसाऐं

- केन्द्र से निधि की मांग वास्तविक होनी चाहिए और ऐसे कदम उठाए जाने चाहिए जिससे निधि का महत्तम उपयोग हो सके तथा राज्यांश समय से विमुक्त हो।
- मासिक श्रम बजट की तुलना एमपीआर से की जानी चाहिए और ऐसे कदम उठाए जाने चाहिए जिससे कि वांछित लक्ष्य की प्राप्ति में आनेवाली कमियों को दूर किया जा सके।

अध्याय – V पंजीकरण, रोजगार एवं मजदूरी भुगतान

5.1 पंजीकरण एवं जॉब कार्ड का निर्गम

कार्यकारी मार्गदर्शिका कंडिका 5.2 अनुबंधित करता है कि पंजीकरण के लिए परिवार, आवेदन या मौखिक निवेदन करेंगे। यह व्यवस्था भी दी गई थी कि योजना के तहत पंजीकरण के लिए इच्छुक व्यक्तियों के पहचान के लिए घर–घर जाकर सर्वेक्षण किया जाएगा। आवेदन की तिथि के 15 दिनों के भीतर ग्राम पंचायत सभी पंजीकृत परिवार को जॉब कार्ड निर्गत करेगा। सु–अभिकल्पित जॉब कार्ड का सामयिक निर्गमन (पंजीकरण के लिए आवेदन की तिथि से एक पखवाड़े के भीतर) अनिवार्य था। वयस्क सदस्यों (आवेदकों) का फोटो जॉब कार्ड पर चिपकाया जाना चाहिए था। जॉब कार्ड कार्य की मांग के लिए वैधानिक दस्तावेज है तथा इसे पाँच वर्षो के अंतराल पर नवीनीकृत किया जाना चाहिए। जॉब कार्ड को दो प्रतियों में अनुरक्षित किया जाएगा और एक प्रति उस परिवार की अभिरक्षा में रहेगा जिसे निर्गत किया गया था जबकि दूसरी प्रति को कार्यालय उपयोग के लिए रखा जाना था। पंजीकृत लोगों का जोड़ना एवं हटाना नियमित अंतराल पर किया जाना था।

नमूना जाँच किए गए जिलों की पड़ताल निम्नलिखित कमियों को उजागर करती है:–

- मजदूरों का पंजीकरण मौखिक निवेदन पर किया गया था। सरकार द्वारा निर्धारित लिखित आवेदन का प्रयोग 15 जिलों में से किसी में नहीं किया गया था। आगे, पंजीकरण के लिए मौखिक निवेदन का प्रलेखीकरण नहीं किया गया था। अतः इस बात का सत्यापन करना संभव नहीं था कि मौखिक निवेदन की स्थिति में कोई पंजीकरण नहीं किया गया/मना किया गया विशेषकर अल्पसंख्यकों अथवा समाज के कमजोर वर्गों का।
- आठ जिलों[8] में यह पाया गया कि काफी संख्या में परिवारों के पास एक से अधिक जॉब कार्ड थे। 2849 परिवारों को एक से अधिक जाँब कार्ड निर्गत किए गए थे। कुछ मामलों में, अधिनियम का उल्लंघन कर एक व्यक्ति/परिवार को तीन या चार जाँब कार्ड भी निर्गत किए गए थे।

(परिशिष्ट–XII)

- चयनित जिलों में, 2007–2012 के दौरान कार्य पानेवाले परिवारों की प्रतिशतता में कमी की प्रवृत्ति पाई गई। यद्यपि निरपेक्ष संख्या में, 2011–2012 में व्यापक गिरावट (24 प्रतिशत) के पूर्व 2007–2011 (2008–09 को छोड़कर) के दौरान इसमें सतत बढ़ोत्तरी हुई। मानव दिवस के सृजन में कमी का एक प्रमुख कारण उपलब्ध अनुदानों का शिथिल उपयोग एवं उचित अनुवीक्षण की कमी थी। कार्य देना निधि की उपलब्धता पर आधारित था न कि मांग के अनुसार।

[8] मधुबनी, मुजफ्फरपुर,जहानाबाद, भभुआ, बेगुसराय,दरभंगा, पश्चिम चंपारण तथ भोजपुर

सारणी–4 परिवारों को उपलब्ध कराए गए कार्य (चयनित जिले)

वर्ष	संचयी पंजीकृत परिवार की संख्या	परिवार जिनको कार्य उपलब्ध कराए गए	प्रतिशतता
2007-08	3003754	1560748	52
2008-09	4206473	1649543	39
2009-10	5121897	2051274	40
2010-11	5426911	2277770	42
2011-12	5538911	1352789	24

(विवरण परिषिष्ट–XIII में दिए गए हैं)

सारणी –5 परिवारों को उपलब्ध कराए गए रोजगार (राज्य)

वर्ष	परिवारों को निर्गत जॉब कार्ड (संचयी)	परिवारों को उपलब्ध कराए गए रोजगार	उपलब्ध कराए गए रोजगार की प्रतिशतता
2007-08	5295829	3961854	74.81
2008-09	10299609	3842014	37.30
2009-10	12406518	4127311	33.27
2010-11	13044879	4684704	35.91
2011-12	13381535	2679829	20.03

स्रोतः ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार

राज्य स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने में 75 प्रतिशत (2007–08) से 20 प्रतिशत (2011–12) की उल्लेखनीय कमी की प्रवृत्ति थी। इस प्रकार, जीवन यापन की सुविधा उपलब्ध कराने की मनरेगा योजना के प्राथमिक उद्देश्य की पूर्ति नहीं हुई।

- चार चयनित जिलों[9] के 82 ग्राम पंचायतों में, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा0वि0वि) एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रा0वि0मं0) को पंजीकृत परिवारों की प्रतिवेदित संख्या 40304 (40 प्रतिशत) (**परिशिष्ट– XIV**) से स्फीत (इनफ्लेटेड) पाई गई।

  पंजीकरण के इच्छुक व्यक्तियों की पहचान के लिए घर–घर जाकर सर्वेक्षण चयनित पंचायतों में से किसी के द्वारा नहीं किया गया था।

5.2 रोजगार सृजन

मनरेगा का प्राथमिक उद्देश्य मांगे जाने पर कम से कम 100 दिनों की सुनिश्चित रोजगार की उपलब्धता द्वारा जीविका सुरक्षा को बढ़ाना है।

पन्द्रह चयनित जिलों के नमूना जाँच के दौरान यह देखा गया कि 2007–2012 के दौरान अधिकतम 17 प्रतिशत परिवारों को 100 दिनों का रोजगार दिया गया, जिसमें मधुबनी में सबसे कम दर्ज किया गया, जो कि एक प्रतिशत से कम था जबकि बेगुसराय में सर्वाधिक 17 प्रतिशत दर्ज किया गया जो कि काफी कम था। (**परिशिष्ट–XV**)

[9] **मधुबनी, मुजफ्फरपुर, भभुआ, भोजपुर**

हालाँकि, राज्य का अनुपात 1.45 प्रतिषत से 6.95 प्रतिशत के बीच था। अतः यह स्पष्ट था कि योजना का प्राथमिक उद्देश्य, यथा मांग के आधार पर एक वर्ष में कम से कम 100 दिनों की सुनिश्चित रोजगार की उपलब्धता द्वारा जीविका सुरक्षा को बढ़ाने की प्राप्ति नहीं हुई।

सारणी–6
100 दिनों की रोजगार देने की स्थिति (राज्य)

वर्ष	जॉब कार्ड निर्गत किए गए परिवारों की संख्या	परिवार जिन्हें रोजगार दिया गया	मानव दिवस का सृजन (करोड़ में)	100 दिनों का रोजगार प्राप्त परिवारों की संख्या	100 दिनों का कार्य देने की प्रतिशतता
2007-08	5295829	3961854	7.04	57593	1.45
2008-09	10299609	3842014	9.92	100891	2.63
2009-10	12406518	4127311	11.38	287019	6.95
2010-11	13044879	4684704	15.97	260919	5.57
2011-12	13381535	2679829	8.66	137649	5.14

(विवरण परिशिष्ट में XVI दिए गए है)

रोजगार के लिए मांग की अप्राप्ति एवं निधि की अनुपलब्धता को निम्न रोजगार–सृजन का कारण बताया गया। लेकिन, जवाब तर्कसंगत नहीं था क्योंकि जिलों द्वारा उपलब्ध निधियों का उपयोग नहीं किया गया था जैसा कि अनुच्छेद 4.1 में वर्णित है।

5.3 महिला कर्मियों का अनुपात

मनरेगा योजना मार्गदर्शिका के अनुच्छेद 5.5.9 के अनुसार रोजगार देते समय महिलाओं को इस प्रकार वरीयता देनी चाहिए कि योजना के अंतर्गत पंजीकृत एवं रोजगार की मांग किए जाने वाले, लाभुकों में कम से कम एक तिहाई महिलाएँ होनी चाहिए।

नमूना जाँच किए गए जिलों में से, 2007–12 के दौरान किसी भी वर्ष में छः जिलों[10] द्वारा निर्धारित अनुपात का अनुपालन नहीं किया गया (रोजगार देने का अनुपात 19 से 31 प्रतिशत के बीच रहा)। जबकि, अन्य नौ जिलों में विभिन्न वर्षों के दौरान यह अनुपात 4 प्रतिशत से 50 प्रतिशत के बीच रहा। न्यूनतम और अधिकतम प्रतिशतता क्रमशः भोजपुर (3 प्रतिशत) और दरभंगा (50 प्रतिशत) में देखे गए। 2007–12 के दौरान राज्य स्तर पर 14.67 करोड़ महिला व्यक्ति दिवस (कुल व्यक्ति दिवस का 28 प्रतिशत) सृजित किए गए। (**परिशिष्ट XVII**)

राज्य सरकार महिला कर्मियों को कम से कम एक तिहाई रोजगार देने के अनिवार्य प्रावधान के अनुपालन में विफल रही। यद्यपि इकाईयों द्वारा एम0पी0आर0 के माध्यम से रोजगार देने की स्थिति सरकार को प्रतिवेदित की गई थी तथापि सरकार ने स्थिति में सुधार के लिए कारगर कदम नहीं उठाए।

[10] अररिया, औरंगाबाद, बांका, किशनगंज, मधुबनी और पश्चिम चम्पारण

5.4 रोजगार एवं मजदूरी का भुगतान

मनरेगा योजना के अंतर्गत काम करने वाला प्रत्येक व्यक्ति, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अंतर्गत खेतीहर मजदूर के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर पर मजदूरी पाने का हकदार था। यह आवश्यक था कि मजदूरी का भुगतान नियत समय पर किया जाए। श्रमिक साप्ताहिक मजदूरी भुगतान के हकदार थे और किसी भी स्थिति में कार्य करने की तिथि से एक पखवाड़े के भीतर मजदूरी का भुगतान होना था, जिसमें चूक की स्थिति में मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 के प्रावधानों के अनुसार वे लोग प्रतिपूर्ति पाने के हकदार थे। मजदूरी भुगतान को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए बैंक, डाकघर द्वारा मजदूरी भुगतान को वैधानिक बनाया गया और अक्टूबर 2008 से नकद भुगतान को प्रतिबंधित कर दिया गया था।

आगे, राज्य सरकार को मांग किए जाने के 15 दिनों के भीतर पंजीकृत आवेदक को रोजगार उपलब्ध कराना है, जिसमें चूक की स्थिति में निर्धारित दर पर बेरोजगारी भत्ता का भुगतान करना था। बेरोजगारी भत्ता के भुगतान के दायित्व का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाना है। संविक्षा में निम्नलिखित बिन्दु उद्धृत हुए:–

5.4.1 मजदूरी भुगतान में विलंब एवं प्रतिपूर्ति का भुगतान नहीं

चयनित जिलों में यह देखा गया कि भुगतान ससमय नहीं किया गया था (कार्य दिवस के 15 दिनों के अन्दर) तथा 3743 कार्यों के नमूना जाँच में से 657 कार्यो जिनमें ₹ 4.97 करोड़ लगे थे में मजदूरी का भुगतान 16 दिनों से 700 दिनों के विलम्ब से किया गया था। मजदूरी का विलंब से भुगतान के लिए प्रतिपूर्ति भत्ता का भुगतान नहीं किया गया था। भुगतान में विलंब योजना के अंतर्गत रोजगार चाहने वालों के प्रतिभागिता को हतोत्साहित करता है जो के रोजगार में कमी की प्रवृत्ति से परिलक्षित है। (**परिशिष्ट–XVIII**)

इकाईयों ने जवाब दिया कि प्रतिपूर्ति भुगतान न होने का कारण मजदूरों द्वारा दावे की प्राप्ति न होना था। राज्य सरकार ने कहा कि डाकघरों की ओर से गत्यवरोध थे जिससे मजदूरी भुगतान में 17 से 312 दिनों का विलंब हुआ।

5.4.2 औसत मजदूरी

सभी चयनित जिलों में मनरेगा से प्राप्त प्रति परिवार (जिन्हें रोजगार दिया गया था) वार्षिक औसत आय ₹ 513 (बेगुसराय) से ₹ 5407 (मुंगेर) के बीच थी जो निर्धारित लक्ष्य से काफी कम था। हालांकि, राज्य का औसत ₹ 1717 और ₹ 3788 के बीच रहा। यह देखा गया कि औसत मजदूरी भुगतान काफी कम थे जिससे योजना का भाव एवं उद्देश्य की पूर्ति नहीं हुई। (**परिशिष्ट–XIX**)

5.4.3 प्रति परिवार को वार्षिक 26 से कम मानव दिवस उपलब्ध

एक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक परिवार को कम से कम 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने के अनिवार्य प्रावधान के विरूद्ध बिहार में एक परिवार को 26 से कम मानव दिवस (2007–12 का औसत) का रोजगार दिया गया। (**परिशिष्ट-XX**)

5.4.4 श्रम दिनों में तीव्र गिरावट

वर्ष 2010–11 की तुलना में वर्ष 2011–12 में चयनित 14 जिलों[11] में रोजगार उपलब्ध कराने में तीव्र गिरावट आई (30 प्रतिशत से 80 प्रतिशत के बीच रही)। मनरेगा के तहत निधि का अल्प उपयोग एवं समुचित पर्यवेक्षण की कमी श्रम दिनों के सृजन में कमी के कारण थे। (**परिशिष्ट**–XXI)

5.4.5 मजदूरी का भुगतान अभिकर्त्ता के व्यक्तिक खाते से किया जाना

यद्यपि अक्टूबर 2008 से मजदूरी का भुगतान बैंक एवं डाकघर द्वारा मजदूरों के बचत खाते में करना अनिवार्य है तथापि 20 नमूना जाँच किए गए कार्यों में, ₹ 14.09 लाख के मजदूरी के भुगतान की निकासी कार्य के लिए नियुक्त अभिकर्त्ता के पक्ष में की गई तथा राशि उनके व्यक्तिगत खातों में पहले जमा की गई एवं तदुपरान्त उनके व्यक्तिगत चेक या नकदी के माध्यम से राशि को डाकघर में प्रेषित की गई जिससे सिर्फ भुगतान में विलंब ही नहीं हुआ बल्कि यह अभिकर्त्ता के गलत अवधारणा को भी इंगित करता है। (**परिशिष्ट**–XXII)

बेगुसराय में यह पाया गया कि पंचायत रोजगार सेवक, 10 ग्राम पंचायतों के कार्यरत अभिकर्त्ता, श्रमिकों के मजदूरी भुगतान के लिए अक्टूबर 2009 से अगस्त 2011 की अवधि में ₹ 3.45 लाख की राशि के 12 व्यक्तिगत चेक डाकघर को प्रेषित किए। डाकघर ने मजदूरी की बकाया रकम श्रमिकों के खातों में जमा कर दिया, हालाँकि तत्पश्चात् पंचायत रोजगार सेवक के खाते में अपर्याप्त शेष रहने के कारण चेक नकार दिए गए और सारे चेक प्रधान डाकघर, बेगुसराय में एक से दो वर्षो तक समाशोधन के लिए लंबित पड़े थे।

5.4.6 मजदूरी का भगतान नहीं/कम भुगतान

यह पाया गया कि श्रमिकों को नौ जिलों में (**परिशिष्ट -XXIII**) 77 कार्यो में ₹ 79 लाख़ की राशि का भगतान नहीं किया गया एवं 10 जिलों में (**परिशिष्ट -XXIV**) 119 कार्यों में ₹ 38 लाख़ का कम भुगतान किया गया। समय पर मजदूरी का भुगतान न होने की परिणति बहुधा कर्ज के कुचक्र अथवा प्रवास के रूप में होती है। अंकेक्षित समूहों द्वारा डाकघर द्वारा मजदूरों का खातों न खोलना एवं निधियों की अनुपलब्धता को इसका कारण बताया गया। जबकि, अधिकांश मामलों में पाया गया कि इकाईयों द्वारा राशि आहरित कर ली गई थी तथा मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया था।

5.4.7 न्यूनतम मजदूरी दर का उल्लंघन

मनरेगा योजना के श्रमिकों के लिए राज्य सरकार द्वारा समय –दर–समय न्यूनतम मजदूरी दर पुनरीक्षित की गई थी लेकिन चार जिलों के आठ कार्यो में श्रमिकों को पुनरीक्षित दर पर भुगतान नहीं किया गया था। इस प्रकार, सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर का उल्लंघन हुआ था। (**परिशिष्ट -XXV**)

[11] पश्चिम चम्पारण को छोड़कर

5.5 डाकघर द्वारा मजदूरी भुगतान में विलंब

दरभंगा एवं जहानाबाद जिले में यह पाया गया कि सम्मिलित भुगतान आदेश (एडवाइस) के माध्यम से राशि के साथ श्रमिकों की सूची की प्राप्ति के बावजूद डाकघर ने ₹ 6.87 लाख की राशि का भुगतान श्रमिकों को नहीं किया गया। जहानाबाद में डाकपाल के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। (**परिशिष्ट - XXVI**)। इसके अतिरिक्त, सीतामढ़ी में यह पाया गया कि डाकघरों द्वारा ₹ 7.16 लाख की राशि के भुगतान में विलंब हुआ। पंचायत समिति सुरसंड में विलंब की अवधि 24 से 106 दिनों के बीच रही।

दरभंगा (ग्राम पंचायत–मुरैठा एवं करबा तलियानी) तथा जहानाबाद (ग्राम पंचायत–जमनगंज एवं पश्चिम सरेन) के अंकेक्षित इकाई द्वारा प्रत्युत्तर दिया गया कि डाकघर के उत्कण्ठित अभिकृति के कारण श्रमिकों को समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ। आगे, डाकपाल, सीतामढ़ी ने जवाब दिया कि पंचायतों द्वारा जमा किए गए चेक वृहत् संख्या में तकनीकी एवं अन्य कारणों से बैंकों से समाशोधन के लिए लंबित होने के कारण मजदूरी भुगतान में विलंब हुआ।

डाकपाल, सीतामढ़ी द्वारा दिया गया जवाब स्वीकार्य नहीं था क्योंकि मजदूरी के भुगतान में विलंब से बचने के लिए ₹ 3.00 करोड़ की प्रवाही (रोलिंग) धनराशि डाकघर में जमा थी।

5.6 बेरोजगारी भत्ता

मांग पर रोजगार उपलब्ध नहीं कराने के कारण किसी भी चयनित जिलों (अररिया को छोड़कर) ने बेरोजगारी भत्ता का भुगतान नहीं किया था। हालांकि लाभुक सर्वेक्षण ने यह दर्शाया कि 58 प्रतिशत मामलों में निर्धारित अवधि में यथा काम मांगने की तिथि से 15 दिनों के भीतर, रोजगार नहीं दिया गया था। यह भी पाया गया कि मौखिक निवेदन पर कार्य दिए गए तथा किसी भी चयनित जिलें में कार्य की मांग के लिए लिखित दस्तावेजीकरण नहीं पाया गया। रोजगार पंजी को भी अनुरक्षित नहीं किया गया था। अररिया जिले में अररिया पंचायत समिति के 619 श्रमिकों को बेरोजगारी भत्ता के रूप में ₹ 11.27 लाख का भुगतान होना था, लेकिन 2011–12 के दौरान श्रमिकों को मात्र ₹ 9.35 लाख का भुगतान किया गया और यह कहा गया कि खाता नहीं खुलने के कारण रू0 1.92 लाख का भुगतान नहीं किया जा सका।

5.7 मांग के बावजूद रोजगार नहीं दिए गए

कार्यक्रम पदाधिकारी बासोपट्टी प्रखण्ड (मधुबनी) के शिकायत पुस्तिका की छानबीन में पाया गया कि जॉब कार्ड वाले 105 लोगों ने रोजगार के लिए 25.08.2011 को आवेदन किया (सेली बेली पंचायत), लेकिन 24.03 2012 तक उन्हें रोजगार मुहैया नहीं कराया गया। यह भी देखा गया कि रोजगार के लिए उनके

आवेदन की तिथि के पश्चात् पंचायत में कार्य का निष्पादन हुआ। तथापि, उन्हें बेरोजगारी भत्ता का भुगतान नहीं किया गया। दरभंगा और अररिया में मांग के अनुसार रोजगार नहीं दिए गए तथा वर्ष 2010–11 में क्रमशः 142 और 11766 परिवारों को रोजगार नहीं दी जा सकी। औरंगाबाद में, वर्ष 2007–08 में 184 परिवारों को मांग के अनुरूप रोजगार नहीं दिए गए। इसके अतिरिक्त, यह भी पाया गया कि दरभंगा में वर्ष 2009–10 में 14030 परिवारों को बिना मांग के रोजगार दिए गए।

5.8 मजदूरी एवं सामग्री के भुगतान का दायित्व

श्रमिकों को 15 दिनों के भीतर मजदूरी का भुगतान होना था लेकिन नौ जिलों[12] में यह देखा गया कि लंबित मजदूरी एवं सामग्री विपत्र के मद में जिलों द्वारा ₹ 79.54 करोड़ की वृहत् दायित्व सृजित की गई। विलंब मजदूरी भुगतान की नियत तिथि से 1 से 5 वर्षो के बीच रही (**परिशिष्ट-XXVII**)। राज्य/जिला स्तर के प्राधिकारी इस अत्यधिक विलंब की घटना को रोकने के लिए सामयिक कार्यवाही करने में विफल हुए थे।

अंकेक्षित इकाई द्वारा निधि की कमी को दायित्व सृजन का मुख्य कारण बताया गया। यह भी बताया गया कि निधि की कमी की स्थिति में कार्य निष्पादन को जारी रखने का सरकार का निर्देश भी दायित्व का कारण था।

5.9 बिना स्वीकृति के कार्य का निष्पादन

दरभंगा एवं नालंदा में ₹ 71.66 लाख की राशि से 77 कार्य पंचायत निधि की संबद्धता के बगैर निष्पादित किए गए। निधि की उपलब्धता के बिना कार्य निष्पादन का स्पष्टीकरण लेखा परीक्षा को नहीं दिया गया। मजदूरी एवं सामग्री का वृहत् दायित्व तथा पंचायत निधि की सम्बद्धता के बगैर कार्यों का निष्पादन नियमों का घोर उल्लंघन था तथा संविदाकारों/बिचौलियों की संलिप्तता का संकेतक था (**परिशिष्ट-XXVIII**)।

[12] **अररिया, बेगुसराय, भोजपुर, दरभंगा, जहानाबाद, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, नालंदा एवं सीतामढ़ी**

अनुशंसाएँ

- जॉब कार्ड पंजी में पंजीकृतों की वास्तविक संख्या प्रदर्शित होनी चाहिए तथा परिवारों का कोई भी परिवर्धन या विलोप नियमित रूप से होना चाहिए।
- परिवारों को निर्गत किए गए बहु जॉब कार्ड को निरस्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।
- मजदूरी का विलम्ब से भुगतान के कारणों की संवीक्षा की जानी चाहिए तथा क्षेत्र प्राधिकारियों द्वारा मजदूरी भुगतान में विलंब के लिए प्रभावी जुर्माना नियम बनाया जाए।
- श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार होना चाहिए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि मजदूरी का भुगतान अनुबंधित समय सीमा के अन्दर हो।

अध्याय – VI निमार्ण कार्य का क्रियान्वयन एवं संपति का सृजन

नियम की अनुसूची I एवं मनरेगा योजना दिशानिर्देष के अनुसार योजना के क्रियान्वयन को फोकस प्राथमिकता के क्रम में निम्नवत होना चाहिए (i) जल संरक्षण एवं जल संचयन (ii) सूखे से सुरक्षा (वनीकरण एवं वृक्षारोपण सहित) (iii) सिचाई नहरों सुक्ष्म एवं छोटे सिंचाई कार्यो सहित (iv) अनु0जाति/अनु0 जन जाति एवं समाज के अन्य कमजोर वर्गों के लिए भू–विकास सुविधा (v) पांरपरिक जलस्रोतो का पुनरूद्धार (vi) भू–विकास (vii) बाढ़ नियंत्रण एवं सुरक्षा कार्यों जल जमाव क्षेत्रों से जलनिकासी सहित (viii) हरेक मास में पहुंच उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण संबंद्धता (ix) अन्य कोई कार्य जिसे केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार की परामर्श से अधिसूचित किया जाए।

पुनः मनरेगा योजना दिशानिर्देष के कंडिका 6.1.1 (viii) के अनुसार, कोई सीमेन्ट कंक्रीट सड़क का कार्य नहीं लिया जाना चाहिए। पैरा 4.3 (v) के अनुसार, प्रत्येक कार्य की शुरूआत अद्वितीय (यूनिक) संख्या (कार्यान्वयन एजेंसी से सम्बद्व) से की जानी चाहिए जिसे कार्य पंजिका जो ग्राम पंचायत में रखा जाएगा में अंकित किया जाएगा ताकि सत्यापन किया जा सके व दुहराव को रोका जा सके।

6.1 निम्नतम प्राथमिकता वाले कार्यक्षत्र को अधिकतम प्राथमिकता देना

यह पाया गया कि निम्नतम प्राथमिकता वाले कार्यों (ग्रामीण संपर्क) को अधिकतम प्राथमिकता दी गयी थी। 14 जिलों[13] में, नमुना ईकाई के रूप में लिये गए कुल 66282 में से 25701 कार्य उस क्षेत्र के कार्यान्वित हुए थे एवं कुल ₹ 365.91 करोड़ (कुल व्यय का 52 प्रतिशत) सबसे कम प्राथमिकता वाले कार्यो पर व्यय किए गए। राज्य/ जिला स्तर के प्राधिकारों ने उसे रोकने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया (**परिशिष्ट –XXIX एवं XXX**)

6.1.1 संपति का सृजन

मा0प्र0प0, जिसके द्वारा कार्य की स्थिति की रपट सरकार को भेजी गई में यह पाया गया कि 2007–12 के दौरान चयनित जिलों द्वारा कुल 133729 कार्यों को पूरा किया गया। पूरे किए गए कुल कार्यों में से 49 प्रतिशत कार्य ग्रामीण संपर्क के थे जिसमें 53 प्रतिषत व्यय हुआ, जो कि कार्यों की प्राथमिकता में सबसे नीचे था। कुल शुरू किए गए कार्य की तुलना में पूर्ण कार्य एवं इसकी प्रतिशतता नीचे दी गई है:–

[13] नालन्दा को छोड़कर

सारणी – 7, कार्य की पूर्णता की स्थिति

2007–12 के दौरान पूर्ण कार्य की कुल संख्या	कार्य की श्रेणी	कार्य की संख्या	कुल पूर्ण कार्य की तुलना में कार्य की प्रतिशतता	अंतर्निहित व्यय (लाख में)	कार्य पर व्यय की प्रति शतता
133729	जल संरक्षण	12346	9.23	16973.23	10.78
	सूखा से सुरक्षा	10566	7.90	5584.73	3.55
	लघु सिंचाई	12207	9.13	15467.10	9.82
	अनुसूचित जाति/अ0 ज0 जा0/ इन्दिरा आवास के लाभार्थी के लिए सिंचाई की सुविधा का प्रावधान	3291	2.46	3155.53	2.00
	परंपरागत जल स्रोतों का पुनरूद्धार	14341	10.72	14285.04	9.07
	भूमि विकास	5564	4.16	5147.30	3.27
	बाढ़ नियंत्रण	7965	5.96	10334.00	6.56
	ग्रामीण संपर्क	64988	48.60	82703.60	52.52
	कोई अन्य विनिर्दिष्ट कार्य	2461	1.84	3807.20	2.42
	कुल	**133729**		**157457.73**	

(विवरण **परिशिष्ट -XXXI** में दिए गए हैं)

6.2 गैर अनुज्ञेय कार्य का निष्पादन ₹ 2.11 करोड़

नमूना जाँच किए गए पाँच जिलों के अभिलेखों के पड़ताल से उद्धृत हुआ कि मनरेगा निधि से ₹ 2.11 करोड के गैर–अनुज्ञेय कार्य निष्पादित किए गए। नीचे दी गई सारणी में विवरण देखे जा सकते है:–

सारणी–8, गैर अनुज्ञेय कार्य

जिला का नाम	गैर–अनुज्ञेय कार्य का नाम	व्यय (₹ करोड़ में)
मधुबनी	जेनरेटर शेड का निर्माण	0.03
दरभंगा	जेनरेटर शेड का निर्माण	
औरंगाबाद	पक्का चबूतरा का निर्माण	0.15
	लोक सेवाओं का अधिकार केन्द्र का निर्माण	0.30
भोजपुर	पी0सी0सी0 सड़क का निर्माण	1.58
प0 चम्पारण	पी0सी0सी0 सड़क का निर्माण	0.05
	कुल	**2.11**

स्रोतः इकाईयों की योजना संचिकाएँ



योजना सं. 4/11–12, ग्राम पंचायत–डिहरा, पंचायत समिति–ओबरा (औरंगाबाद) पक्का चबुतरे का निर्माण मनरेगा दिशा–निर्देश का उल्लंघन कर किया गया।

गैर–अनुज्ञेय कार्यों का निष्पादन मनरेगा दिशा निर्देशों का घोर उल्लंघन था। उसके अतिरिक्त, यह भी पाया गया कि अंकेक्षण में जाँच किए गए किसी भी कार्य को विषिष्ट संख्या नहीं दिया गया था।

यह जवाब दिया गया कि न्यून प्राथमिकता वाले कार्यों को इसलिए निष्पादित किया गया कि ये कार्य वार्षिक योजना के अंग थे। जेनरेटर शेड के निर्माण के संबंध में सरकार के पत्रांक 9419 दिनांक 03.07. 2008 को गैर प्राथमिकता वाले कार्य के निष्पादन का कारण बताया गया। यह जवाब दिया गया कि औरंगाबाद में लोक सेवाओं का अधिकार केन्द्र का निर्माण जिला कार्यक्रम समन्वयक के निर्देष के तहत किया गया। भोजपुर में गैर अनुज्ञेय कार्यों के निष्पादन के मामले में जवाब अप्राप्त है।

6.2.1 मिट्टी सड़क का निर्माण

अधिनियम के अनुसूची 1 में अंतर्निहित प्रावधान के अनुसार, सभी मौसम में ग्रामीण संपर्क देने के लिए सड़क निर्माण से संबंधित कार्य अनुज्ञेय है। आगे, क्षेत्र कार्य नियमावली के अनुसार, सिर्फ मिट्टी के सड़क के कार्य मनरेगा के तहत अनुज्ञेय नहीं थे। तदनुसार उस कार्य क्षेत्र के तहत, सभी मौसम में पहुँच बनाए रखने वाले सड़क का निर्माण होना था। लेकिन, 2007–12 के दौरान नमुना जाँच किए गए जिलों में 19822 कार्यों में से कुल 3213 सिर्फ मिट्टी सड़क के कार्य (16 प्रतिशत) किए गए क्योंकि वर्षा के मौसम में ये सड़क कीचड़ युक्त हो जाते और गर्मी में धूल से भरे रहते थे तथा ये टिकाऊ भी नहीं थे। (**परिशिष्ट-XXXII**)

6.3 पूर्ण कार्यों की अल्प प्रतिशतता

टिकाऊ परिसंपत्ति का सृजन एवं ग्रामीण गरीबों के जीविका साधन आधार को मजबूत करना इस योजना का महत्वपूर्ण उदेश्य है। लेकिन, चयनित जिलों के अभिलेखों एवं ग्रामीण विकास विभाग, बिहार द्वारा उपलब्ध कराई गई स्थिति की पड़ताल में यह पाया गया कि 2007–12 के दौरान शुरू किए गए कार्यो की वास्तविक पूर्णता की प्रतिशतता में उस अवधि में कमी आई तथा 2007–12 के दौरान क्रमशः

49.85 प्रतिशत से 28.45 प्रतिशत एवं 50.62 प्रतिशत से 28.23 प्रतिशत के बीच रही। जिस वर्ष में कार्य शुरू किया गया उस वर्ष में 51 प्रतिशत से कम कार्य पूर्ण किए गए।

सारणी–9
पूर्ण कार्य की स्थिति (चयनित जिले)

विवरण	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
शुरू किए गए कार्य	36837	40361	76130	89848	84804
पूर्ण किए गए कार्य	18364	18750	34443	38503	24134
अधूरे कार्य	18473	21611	41687	51345	60670
पूर्ण कार्य की प्रतिशतता	49.85	46.45	45.24	42.85	28.45

(विवरण परिशिष्ट –XXXIII में)

सारणी–10
पूर्ण किए गए कार्य की स्थिति (राज्य स्तर)

विवरण	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
शुरू किए गए कार्य	85277	107865	157866	199959	193342
पूर्ण किए गए कार्य	43171	53939	70491	83593	54589
अधूरे कार्य	42106	53926	87375	116366	138753
पूर्ण कार्य की प्रतिषतता	50.62	50.01	44.65	41.81	28.23

(स्रोतः जि0ग्रा0वि0प्राव द्वारा समर्पित मा0प्र0प्र0)

कार्य की निम्न पूर्णता के मुख्य कारण, कार्यकारी इकाई (पंचायत रोजगार सेवक) का एक समय पर विभिन्न कार्यों से अतिबोझिल होना, उच्चतर प्राधिकारियों द्वारा अत्यल्प प्रतिशतता में कार्य का अनुश्रवण,सतर्कता एवं अनुश्रवण समितियों का कार्य न करना, निधि को अनुपलब्धता एवं कार्य पुर्णता की तय तिथि तक कार्यादेश का निर्गत न होना, को बताया गया। इसकी परिणति कम दिनों के मानव दिवस सृजन के रूप में हुई एवं टिकाउ परिसंपत्तियों के सृजन कम हुए जिसने अंततः लोगों को योजना के लाभ से वंचित किया।

6.4 मजदूरी एवं सामग्री मूल्य के अनूपात का अनुवर्तन न करना

कार्यकारी दिशा निर्देशों के कंडिका 6.2 के अनुसार अधिमान्य तौर पर ग्राम पंचायत ,प्रखंड एवं जिला स्तरों पर सामग्री मूल्य के मुकाबले मजदूरी मूल्य का अनुपात 60:40 के समानुपात मे होना चाहिए। योजना के नमूना जाँच के दौरान पाया गया कि मजदूरी : सामग्री अनुपात का अनुरक्षण 19 ग्राम पंचायतों में तथा सात पंचायत समितियों में नहीं किया गया था। बाँका और मुंगेर में मजदूरी और सामग्री के निर्धारित अनुपात का अनुरक्षण जिला स्तर पर नहीं किया गया था। इसका परिणाम, मजदूरी की

तुलना में सामग्री की खपत पर ₹ 7.94 करोड़ का अधिक खपत हुआ, जिससे 5.51 लाख कम श्रम दिवस का सृजन हुआ।(**परिशिष्ट -XXXIV**)

अंकेक्षित इकाईयों द्वारा, वार्षिक योजना में योजनाओं के समावेष को, मजदूरी एवं सामग्री मूल्य के अनुपात के अनुवर्तन न करने का कारण बताया गया। जवाब स्वीकार्य नहीं था क्योंकि कार्यक्रम पदाधिकारी को योजना में समावेषन एवं ग्राम सभा द्वारा पारित कार्यों का संवीक्षा करना था और यह सुनिश्चित करना था कि कार्य तकनीकी रूप से व्यवहार्य थे और ये दिशा–निर्देशों के प्रावधानों को पूरा करते थे। तथापि, कार्यक्रम पदाधिकारी ने प्रखण्ड योजना के समावेषन के समय मजदूरी–सामग्री अनुपात के अनिवार्य अनुवर्तन पर विचार नहीं किया।

6.5 ट्रैक्टर का उपयोग (मजदूरी विस्थापक)

भारत सरकार के निर्देश के अनुसार यद्यपि मनरेगा कार्यों के निष्पादन के लिए मजदूर विस्थापक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित था, राज्य सरकार इस निर्देष के साथ (मई 2010 से) ट्रैक्टर के उपयोग की अनुमति प्रदान की कि कार्यक्रम पदाधिकारी वैसे मामलों में ट्रैक्टर के उपयोग की अनुमति दे सकते हैं जहां यह कार्यस्थल की जरूरत हो तथा इससे मजदूरी विस्थापन नहीं होती हो यथा 60:40 के अनुपात को अनुरक्षित किया जा सके।

अभिलेखों के संवीक्षा से उद्दृत हुआ कि जिस दिन से सरकार ने ट्रैक्टर के उपयोग को अनुमति प्रदान की, पंचायतों द्वारा बार–बार इसका उपयोग किया गया। सात[14] नमुना जांच किए गए जिलों में कार्यक्रम पदाधिकारी की अनुमति के बगैर ₹ 22.55 लाख के 50 कार्यों में ट्रैक्टर का उपयोग पाया गया। मजदूरी सामग्री अनुपात का उल्लंघन भी दरभंगा जिले के ग्राम पंचायत–कमतौल (42:58) एवं ग्राम पंचायत–ब्रह्मपुर पूर्व (39:61) (पंचायत समिति–जाले) में ट्रैक्टर के उपयोग का कारण पाया गया (**परिशिष्ट -XXXV**)।

6.6 मनरेगा योजना के निष्पादन में संदिग्ध धोखाधड़ी

इसी प्रकार, दरभंगा के प्रखण्डों में 12 कार्यों के निष्पादन पर ₹ 3.84 लाख का भुगतान संदिग्ध था क्योंकि भुगतान प्रमाणिक विपत्र एवं मस्टर रौल नामावली के बगैर किया गया था, भौतिक सत्यापन के दौरान कार्यस्थल पर कार्य किया हुआ नहीं पाया गया तथा एक ही कार्य के लिए दो मापी पुस्तिका पाई गई (**परिशिष्ट -XXXVI**)।

6.7 भुगतान के तुलना में कम मात्रा में काम किया गया

13 जिलों[15] में योजना संचिकाओं के अंकेक्षण संविक्षा ने 546 कार्यों में निष्पादन अभिकरणों को भुगतान की तुलना में कम निष्पादित कार्य को प्रकट किया। ₹ 7.30 करोड़ के भुगतान के विरूद्ध ₹ 5.29 करोड़ के कार्य निष्पादित हुए और शेष ₹ 2.01 करोड़ अभी भी अभिकरणों के पास पड़ा था। यद्यपि कथित

[14] मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, भभुआ, दरभंगा, बेगुसराय एवं पश्चिम चम्पारण
[15] औरंगाबाद, अररिया, भभुआ, बेगुसराय, भोजपुर, बांका, जहानाबाद, मधुबनी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, नालंदा, सीतामढ़ी एवं पश्चिम चम्पारण

कार्य को अपूर्ण अवस्था में बंद किया गया था तथापि अग्रिम के अधिशेष राषि की वसूली अभिकरणों से नहीं की जा सकी। (**परिशिष्ट -XXXVII**)

इसके अतिरिक्त, नौ जिलों के 112 मामलों में भौतिक सत्यापन के दौरान तकनीकि कार्मिकों द्वारा की गई मापी में वास्तविक कार्य को कम पाया गया। नौ जिलों[16] के 54 मामलों में कार्य को प्राक्कलन के अनुसार निष्पादित नहीं पाया गया।



योजना संख्या 8/10–11
पंचायत समिति–लखनौरः नींव नहीं बनाया गया था।



योजना संख्या 17/11–12
चहाका (करहा) की खुदाई मात्र 11000 क्यूबिक फीट (1100'x10'x1') हुई, जबकि, एम0बी0 (ग्राम पंचायत बलीगांव, रफीगंज) में 40955.79 क्युबिक फीट दर्शाया गया।

6.8 कार्य की मापी व दर अनुसूची

मनरेगा के लिए दर अनुसूची (एस0ओ0आर0) 2008 में जारी दिशानिर्देश के आधार पर सरकार द्वारा तैयार की जानी थी। चूंकि दर अनुसूची का समस्त विभागों/अभिकरणों द्वारा क्षैतिज अनुप्रयोग होता, इसे राज्य द्वारा अनुसूचित किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त मानक अभिकल्प के साथ एस0ओ0आर0 को पूरी सक्रियता से प्रकट किया जाना चाहिए तथा सुप्रकाशित होना चाहिए। एस0ओ0आर0 को व्यापक कार्यावधि एवं गति अध्ययन के आधार पर तैयार किया जाना चाहिए।

माप को मापी पुस्तिका में योग्य तकनीकी कार्मिकों जो कार्यस्थल प्रभारी हों, द्वारा की जानी चाहिए तथा मजदूरी भुगतान के पूर्व योग्य तकनीकी कार्मिकों द्वारा सत्यापन की जानी चाहिए।

अंकेक्षण संवीक्षा में निम्नलिखित कमियां उद्धृत हुईः–

[16] औरंगाबाद,, बांका, भभुआ, भोजपुर, दरभंगा, मधुबनी, मुंगेर, नालंदा एवं सीतामढ़ी

6.8.1 मनरेगा योजना के लिए अलग एस0ओ0आर0 तैयार नहीं किया गया

राज्य सरकार ने मनरेगा योजना के अंतर्गत होने वाले कार्यों के लिए एस0ओ0आर0 की अभिकल्पना नहीं की। कार्यकारी दिशानिर्देश के कंडिका 6.7 के प्रावधान के अंतर्गत आवश्यक कार्यावधि एवं गति अध्ययन सरकार द्वारा संचालित नहीं किया गया।

सरकार द्वारा नियत निम्नतम मजदूरी दिशानिर्देश के कंडिका 6.7.2 के प्रावधान के विपरीत उत्पादकता मानदण्ड के बजाए मुद्रास्फीति पर आधारित था।

एक ही एस0ओ0आर0 पूरे राज्य में लागू था तथा न्यूनतम मजदूरी नियत करने के लिए जिले के बाहर एवं भीतर जलवायु–विषयक स्थितियों का ख्याल नहीं किया गया। लोक निर्माण विभाग का एस0ओ0आर0 का अनुपालन कार्यान्वयन अभिकरणों द्वारा सभी नमूना जांच किए गए जिलों में किया गया था। इस प्रकार, यह सुनिश्चित करना संभव नहीं था कि श्रमिकों को भुगतित मजदूरी पर्याप्त एवं उचित थे अथवा नहीं।

6.8.2 कार्य की मापी के बगैर भुगतान एवं प्राक्कलन से अधिक भुगतान

पश्चिम चम्पारण, मधुबनी एवं औरंगाबाद जिलों के अभिलेखों की संवीक्षा ने उद्धृत किया कि किए गए कार्य का मूल्यांकन किए बगैर कार्यकारी अभिकरणों को ₹ 67.81 लाख (वर्ष 2009–11 के 27 कार्य) का भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त, भोजपुर में वर्ष 2010–11 के दौरान 37 कार्यों में ₹ 30.33 लाख का प्राक्कलन से अधिक भुगतान किया गया। (**परिशिष्ट –XXXVIII एवं XXXIX**)

6.8.3 मापी पुस्तिका उपलब्ध नही

औरंगाबाद एवं जहानाबाद में यह पाया गया कि रू0 55.17 लाख के 57 कार्यों की मापी पुस्तिका उपलब्ध नहीं थी और इस प्रकार इन कार्यों के निष्पादन में हुए व्यय का सत्यापन नहीं किया जा सका। (**परिशिष्ट -XL**)

6.9 लाईन विभाग/गैर सरकारी संस्था द्वारा निष्पादित कार्य

दिशानिर्देश के कंडिका 6.3.3 के अनुसार, स्थापित निष्पादन कीर्तिमान वाले लाईन विभागों एवं गैर सरकारी संस्थाओं पर कार्यान्वयन अभिकरण के लिए विचार किया जा सकता है। कार्यान्वयन अभिकरणों का चयन तकनीकी दक्षता, संसाधन, तय समय–सीमा के तहत कार्य को संभालने की क्षमता तथा लाभार्थियों के समग्र हित पर आधारित होना था।

लाईन विभाग द्वारा योजना के क्रियान्वयन के पड़ताल करने पर निम्नलिखित तथ्यों का पता लगाः–

- वर्ष 2007–08 और 2008–09 के लिए मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्यों के निष्पादन के लिए जिला परिषद् ने आगे लाईन विभाग और कार्यक्रम अधिकारियों को उप–एजेंसी के तौर पर नियुक्ति कर, उन्हें ₹ 9.01 करोड़ जारी किया, इसमें से ₹ 2.95 करोड़ योजना के निष्पादन के लिए उपयोग किया गया था, ₹ 0.75 करोड़ को वापस किया गया था और शेष ₹ 5.31 करोड़ पिछले तीन वर्षों से बकाया पड़ा था, जिसके कारण 3.69 लाख श्रम दिवस का सृजन कम हुआ।

- आगे, मधुबनी में, 54 कार्यों के लिए प्राक्कलित राशि ₹ 2.14 करोड़ की आधी राशि लाईन विभाग (14 कार्य) और गैर सरकारी संगठन (40 कार्य) को क्रमशः ₹ 28.60 लाख और ₹ 74.34 लाख जारी किया गया था। हालांकि, न लाईन विभाग और न गैर सरकारी संगठन ने खाता का समायोजन किया, न ही द्वितीय किस्त के लिए निधि की माँग की। जिन कार्यों को उन्हें सौंपा गया था, उसका निष्पादन नहीं किया गया और राशि उन्हीं के पास पड़ी थी।
- मुंगेर में, लघु सिंचाई विभाग को 34 कार्यों के निष्पादन के लिए ₹ 1.70 करोड. की राशि आवंटित की गयी थी उसमें से मात्र ₹1.58 करोड़ का उपयोग किया गया था और ₹ 12 लाख को लाईन विभाग द्वारा दो वर्षों से ज्यादा अवधि के लिए निरूद्ध रखा गया था। (**परिशिष्ट -XLI**)

जवाब में, ए0डी0पी0सी0, मधुबनी के द्वारा यह कहा गया कि दोषी गैर सरकारी संगठन के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दायर कर दिया गया था और लाईन विभाग को पत्र द्वारा लेखाओं को समर्पित करने के लिए कहा गया था। अभी तक मुंगेर से कोई भी जबाव नहीं मिला हैं।

6.10 मस्टर रौल एवं अभिश्रव की अधिकता में भुगतान

योजना संचिकाओं के जाँच के दौरान यह पाया गया कि 277 कार्यों को 12 जिलों[17] में कार्यान्वित एजेंसियों पर समायोजन हेतु ₹ 1.90 करोड़ बकाया था।

(**परिशिष्ट -XLII**)

कार्यरत एजेंसियों द्वारा कार्य के कार्यान्वयन के लिए ली गई राशि का न तो लेखा समर्पित किया गया। और न ही शेष/अधिक राशि को लौटाया गया। इस प्रकार ₹ 1.90 करोड़ गलती करने वाले एजेंसियों से वसूले जाने योग्य है।

6.11 परित्यक्त/अनुपयोगी कार्य

नॉ जिलों[18] में 753 कार्य परित्यक्त पाए गए। कुल ₹ 12.64 करोड़. इन कार्यों पर खर्च किए गए और अधिकतर परित्यक्त कार्यों में से पक्का कार्य जैसे ईंट सोलिंग, पुलिया का निर्माण आदि अधूरे छोड़ दिए गए। इस प्रकार, कार्यों के अपेक्षित उद्देश्य नहीं पूरे किये जा सके। (**परिशिष्ट -XLIII**)

पंचायत रोजगार सेवक द्वारा यह उत्तर दिया गया कि कार्य स्थल विवाद, 60:40 अनुपात के प्रतिबंध, नव चयनित मुखियों द्वारा पूराने कार्यों में रूचि नहीं लेने एवं निधि की अनुपलब्धता के कारण कार्य अधूरे रह गए। जबकि विभाग ने उत्तर दिया कि ग्रामवासियों के आपस में विरोध के कारण अधिकतर कार्यों को क्रियान्वयन के बीच में ही छोड़ दिया गया। लेकिन, प्राप्त प्रत्युत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि योजना कार्यकर्त्ताओं द्वारा योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में कठिनाइयों को दूर करने हेतु सुधारक उपाय किए जाने थे।

[17] औरंगाबाद,, बेगुसराय, भोजपुर, दरभंगा, जहानाबाद, मधुबनी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, प0 चम्पारण, बांका एवं किशनगंज
[18] अररिया, औरंगाबाद, बेगुसराय, भभुआ, जहानाबाद, मधुबनी, मुंगेर, सीतामढ़ी एवं प0 चम्पारण

6.12 वृक्षारोपण योजनाओं पर निष्फल व्यय

प्रचालन दिशा–निर्देश के कंडिका 6.1 के अनुसार–राज्य सरकार द्वारा राज्य में वृक्षारोपण पर विशेष बल दिया गया। वृक्षारोपण कार्य का क्रियान्वयन ग्राम पंचायत के द्वारा राष्ट्रीय राज मार्ग के किनारे वाली भूमि, रेलवे ट्रैक तथा नदी बांधों पर किया गया। परंतु, अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नमूना जिलों में वृक्षारोपण योजना प्रायः असफल थे जिसकी विवरणी निम्नानुसार है:–

- यह पाया गया कि 12 जिलों[19] मे ₹2.07 करोड़ खर्च से 176350 पौधों की वृक्षारोपण शत प्रतिशत मृत थे। इस प्रकार, असफल वृक्षारोपण पर किया गया व्यय निष्फल प्रमाणित हुआ। आगे, वृक्षारोपण कार्य स्थलों पर गड्ढे और मिट्टी की ढेरों की अनुपस्थिति संदेहास्पद प्रतीत हुई। (**परिशिष्ट -XLIV**)

12 जिलों के 362 मामलों में वृक्षारोपण योजना असफल	
	
पं0स0– जयनगर (ग्रा0पं0–डोरबर, मधुबनी) 200 पौधों में कोई जीवित नहीं	**पं0स0–बलिया (ग्रा0पं0–भगतपुर), बेगुसराय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना नदी के किनारे वृक्षारोपण (4000) किया गया, इसलिए बाढ़ नियंत्रण प्रभाग द्वारा सभी पौधों को उखाड़ दिया गया।**

- मधुबनी के जयनगर (नगर पंचायत) और ग्राम पंचायत, दोहत नारायण (पंचायत समिति, बहेड़ी, दरभंगा) में 3600 पौधों के रोपण में व्यय करने हेतु ₹ 8.30 लाख का पौधे रोपण के बदले बी0पी0एल0 परिवारों को बाँट दिया गया जो सामाजिक वानिकी के दिशा निर्देशिका के प्रावधान (कंडिका 8.2.2) का अतिक्रमण था। आगे, यह पाया गया कि वितरित सभी पौधे अपर्याप्त सुरक्षा उपायों के कारण मृत थे परिणामत: 8.30 लाख रूपये का व्यय निष्फल रहा।
- बेगुसराय के आठ ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे, रेलवे ट्रैक एवं नदी के बांधों पर ₹ 4.71 करोड़ का कार्य 258 इकाईयों में संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त किए बिना किया गया जो कि मनरेगा के दिशा–निर्देशों का उल्लंघन है। परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत भगतपुर (बेगुसराय) के 20 ईकाइयों (4000 पौधों) में किया गया वृक्षारोपण, बाढ नियंत्रण प्रभाग द्वारा नदी के

[19] अररिया, बांका, बेगुसराय, भभुआ, भोजपुर, दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, मुंगेर, नालन्दा, सीतामढ़ी, एवं प0 चम्पारण

बांधों को चौड़ीकरण करने के दौरान नष्ट/उखाड़ दिया गया और ₹ 13.11 लाख किया गया खर्च भी निष्फल प्रमाणित हुआ।

पंचायतों के पंचायत रोजगार सेवक एवं कार्यक्रम पदाधिकारी के कथनानुसार वन पोषकों की उपेक्षा, बाढ और असामाजिक तत्वों के व्यवधान के कारण पौधे नष्ट हुए। आगे, सहायक जिला कार्य समन्वयक, बेगुसराय के कथनानुसार एवं सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार के निर्देशानुसार मनरेगा के अंतर्गत कार्यान्वित पौधारोपण कार्य के लिए किसी विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होती है। जबकि, यह जारी निर्देश दिशा–निर्देशों का उल्लंघन था।

6.13 पंचायत समिति द्वारा ग्राम पंचायत के किए गए अनन्य कार्य

ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी किए गए सामाजिक वानिकी के दिशा–निर्देश के कंडिका 4.6 में निहित प्रावधान के अनुसार वृक्षारोपण कार्य ग्राम पंचायत के द्वारा ही क्रियान्वित किया जाना था न कि पंचायत समिति द्वारा। लेकिन, उल्लिखित प्रावधान के विरूद्ध ₹ 46.31 लाख खर्च वाले 53 वृक्षारोपण कार्य पंचायत समिति द्वारा सिकटी (अररिया), नूरसराय (नालंदा) और रून्नी सैदपुर (सीतामढी) में किया गया।

6.14 कार्य समाप्ति के उपरांत सामग्री की खरीद एवं मजदूरों को रोजगार

चयनित पंचायतों के योजना संचिकाओं के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि 28 योजनाओं में प्रयुक्त सामग्रियों जैसे ईंट, बालू, सिमेंट आदि की खरीद पर प्रयुक्त अभिश्रव पर अंकित तिथि, कार्य में लगाए गए मजदूरों की कार्यावधि के बाद के तिथि के थे, जो जाली दावों के अभ्यारोपण, मापी पुस्तिका के गलत अंकन एवं बिचौलिये की संलिप्तता को प्रदर्शित किए। इसी प्रकार यह भी पाया गया कि सात जिलों[20] में सम्पादित 19 कार्यों में कार्यरत मजदूरों को कार्य की समाप्ति (अंतिम मापी) के बाद लगाया गया जिसपर ₹ 7.99 लाख खर्च किया गया।(**परिशिष्ट –XLV एवं XLVI**)

6.15 परियोजना समाप्ति प्रतिवेदन (पी0सी0आर0)

परियोजना समाप्ति प्रतिवेदन प्रत्येक कार्य के समाप्ति उपरांत तैयार किया जाना चाहिए। यह प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में होने चाहिए जिस में कार्य के फोटोग्राफ और ग्राम अनुवीक्षण समिति प्रतिवेदन संलग्न होने चाहिए।

लेकिन, चयनित जिलों के किसी भी पूर्ण योजना के साथ पी0सी0आर0 संलग्न नहीं पाया गया।

पं0रो0सें0 ने जवाब दिया कि पी0सी0आर0 के बारे में अनभिज्ञता के कारण इसे तैयार नहीं किया जा सका तथा किसी भी पूर्ण योजना के साथ इसे संलग्न नहीं किया जा सका।

[20] औरंगाबाद,, बेगुसराय, दरभंगा, जहानाबाद, मधुबनी, मुजफ्फरपुर एवं प0 चम्पारण

6.16 मस्टर रौल

कार्यकारी दिशा–निर्देशों के कंडिका 6.5.1 के अनुसार, कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा निर्गत मस्टर रौल, प्रत्येक अद्वितीय पहचान संख्या के साथ, ग्राम पंचायतों व अन्य अभिकर्त्ताओं द्वारा, मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित (उपलब्ध कराये गये) प्रपत्र में रखा जाना है। पुनः आँकड़ो के समन्वय एवं निरीक्षण हेतु मस्टर रौल की छायाप्रति प्रत्येक ग्राम पंचायत/प्रखंड में रखा जाना था। अभिलेखों की संवीक्षा से निम्न विसंगतियाँ उजागर हुई–

- छः जिलों[21] में, एक ही समय में हुए 13 कार्यों में 159 मजदूर दो बार संलग्न दिखाये गये थे।(**परिशिष्ट -XLVII**)
- दरभंगा में, ग्राम पंचायत विशथ बथिया(ताराडीह प्रखंड) में पाया गया कि मस्टर रौल, कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा निर्गत होने के पूर्व ही ग्राम पंचायत द्वारा प्रयोग किया जा रहा था तथा ग्राम पंचायत के 12 कार्यों में मस्टर रौल डी0आर0डी0ए0/कार्य0 पदा0 द्वारा निर्गत किए बिना ही प्रयोग किया जा रहा था। दरभंगा में किसी पंचायत को निर्गत किये गए मस्टर रौल दूसरे पंचायत लाईन विभागों में प्रयोग किए जा रहे थे। (**परिशिष्ट -XLVIII**)
- पाँच नमूना जिलों में यह पाया गया कि 10 कार्यों में भुगतान की तिथि मस्टर रौल की अवधि से पहले थी। अर्थात ₹ 3.14 लाख की राशि, कार्य आरंभ होने के पूर्व मजदूरों को भुगतान किया गया था। इस प्रकार, मजदूरों का काम पर लगाना संदेहास्पद था। (**परिशिष्ट -XLIX**)
- पाँच जिलों के 38 योजनाओं के मस्टर रौल में मजदूरों के नाम, कार्य की अवधि, उपस्थिति, मजदूरी राशि में गंभीर छेड़–छाड़ पाया गया। (**परिशिष्ट -L**)
- जहानाबाद, औरंगाबाद और मुंगेर में मस्टर रौल का प्रारूप त्रुटिपूर्ण था, इसमें मजदूरी भुगतान के प्रमाण में मजदूरों का हस्ताक्षर, किए गए कार्य की मात्रा, मजदूरी भुगतान की राशि और अन्य आवश्यक स्तंभों का अभाव था।
- मधुबनी में, ₹ 1.29 लाख के कार्य के मस्टर रौल (तीन कार्यों में प्रयुक्त) पर कार्य की अवधि अंकित नहीं थी तथा सीतामढी के चार योजनाओं का मस्टर रौल किसी भी सक्षम पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित नहीं था तथा ₹ 0.83 लाख का भुगतान बिना मस्टर रौल पारित किए लिया गया था।

6.17 अन्य कार्यक्रमों के साथ तालमेल

कार्यकारी दिशा–निर्देश के कंडिका 14.1 में वर्णित प्रावधान के अनुसार, मनरेगा निधि का पंचायत में अन्य स्रोतों में उपलब्ध निधि के साथ टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु, ताकि योजना का बेहतर क्रियान्वयन हो, तालमेल होना था। आगे, यह भी सुनिश्चित करना था कि मनरेगा योजना निधि किसी अन्य क्षेत्र या योजना के साधन को प्रतिस्थापित न करें तथा तालमेल होने के सारे उपाय योजना के परिधि के अधीन हों।

लेकिन सभी चयनित जिलों में यह पाया गया कि मनरेगा योजना के अधीन लिए गए कार्यों का अन्य ग्रामीण योजनाओं के साथ तालमेल नहीं किया गया। योजनाओं का तालमेल करने की योजना नहीं तैयार की गई तथा मनरेगा योजना को अन्य गतिविधियों के साथ जोड़ने में योजना ईकाइयाँ विफल रही।

[21] अररिया, औरंगाबाद, भभुआ, भोजपुर, मधुबनी एवं सीतामढ़ी

6.17.1 भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द (बी0एन0आर0जी0एस0के0) का संबद्ध नहीं होना

सरकार के अधिसूचना सं0 एस0ओ0 2877(ई0) दिनांक 11.11.09 में निहित निर्देश के अनुसार बी0एन0आर0जी0एस0के0 का निर्माण प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा पंचायत समिति से क्रमशः ₹ 10 लाख एवं 25 लाख के अनुमानित लागत पर आधारभूत संरचना तथा नागरिकों को ज्यादा सुविधा तथा अन्य अधिक पारदर्शी मेलजोल के लिए होना था। 2010–11 के आम बजट में ऐसे कार्यों का, उनकी स्थल दर्शाते हुए प्राथमिकता के आधार पर आकलन करना था। सामग्री भाग का खर्च बी0आर0जी0एफ0 तथा अन्य ग्रामीण क्षेत्र के योजना से करना था।

लेकिन, राजीव गाँधी सेवा केन्द्र का निर्माण कार्य पाँच जिलों के 45 पंचायत समिति में (15 जिलों में से) तथा 38 ग्रा0पं0 द्वारा लिया गया। ऊपरकथित पाँच जिलों में 83 कार्य जिसमें ₹ 6.67 करोड़ का खर्च शामिल था, लिया गया तथा सभी कार्य जारी थे।

बी0एन0आर0जी0एस0के0 के कार्य बाकी बचे 10 जिलों में नहीं लिया गया जबकि कोई मनरेगा योजना भवन प्रखंड या ग्रा0प0 स्तर पर नहीं था तथा कार्यालय अपर्याप्त जगह के साथ किसी अन्य विभाग के भवन में चल रहा था। आगे, लिए गए कार्यों के सामग्री भाग अन्य ग्रामीण क्षेत्र योजना द्वारा पूरित नहीं थे तथा तालमेल जैसा कि दिशा–निर्देश में उल्लेखित था, नहीं किया जा सका। (**परिशिष्ट -LI**)

अनुशंसाएं:–

- केवल मनरेगा योजना के अधीन अनुमत्य कार्य किया जाना चाहिए।
- राज्य सरकार को कार्य समय तथा गति अध्ययन के द्वारा मनरेगा योजना के लिए अलग एस0ओ0आर0 तैयार करना सुनिश्चित करना चाहिए ताकि मजदूर सही मजदूरी पा सके।

अध्याय – VII जिला विशेष निष्कर्ष

7.1 अस्तित्वविहीन डाकघर खातों के माध्यम से मजदूरी का फर्जी भुगतान

जिला परिषद् द्वारा क्रियान्वित योजना संख्या 491/07–08 में 51 मजदूरो को एडवाइस के माध्यम से कुल ₹ 28,946/- रूपये का भुगतान जो लोकही डाकघर में भेजा गया था, दिखाया गया था। परन्तु जांच में यह पाया गया कि डाकघर द्वारा इन खातों का संचालन नहीं हो रहा था। पुनः मुख्य डाकघर के डाकपाल ने स्वीकार किया कि कथित खाता लौकही डाकघर में नहीं था बल्कि खजौली डाकघर (अन्य प्रखण्ड मुख्यालय) द्वारा संचालित था। अतः क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा अस्तित्वविहीन खातों के नाम पर नकली एडवाइस बना कर राशि को अनियमित तरीके से आहरित किया गया। जब अंकेक्षण के दौरान इस विषय को उठाया गया तो अभिकर्ताओं द्वारा ₹ 19,270/- मनरेगा खातों में जमा कर दिया गया और शेष ₹ 9676/- अभी तक वापस नहीं किया गया था।

7.2 मजदूरों को मजदूरी का अधिक भुगतान

औरंगाबाद में मजदूरों को मस्टर रौल के अनुरूप मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया था। नौ कार्यों में कुल ₹ 30,616/- का अधिक मजदूरी भुगतान किया गया था। बैंक एडवाइस के अनुसार भुगतान की गई मजदूरी राशि मस्टर रॉल पर दर्शायी गई राशि से अधिक थी। (**परिशिष्ट -LII**)

7.3 संदेहास्पद व्यय

दरभंगा के दो प्रखंडों (बिरौल व बहेरी) में पंचायत समिति द्वारा किये गए कार्यों से संबंधित 14 योजना संचिकाओं को अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः इन कार्यों में व्यय की गई कुल ₹ 33.60 लाख की राशि को सत्यापित नहीं किया जा सका।

कार्यक्रम पदाधिकारी, बिरौल द्वारा उत्तर दिया गया कि वे संचिकाएं मस्टर रौल व वाउचर सहित खो गयी हैं। भच्छी (ग्राम पंचायत) के पं0रो0से0 इन संचिकाओं के साथ उपस्थित नहीं हुए तथा उतर दिया कि तत्कालीन पं0रो0से0 द्वारा उन्हें ये संचिकाएं नहीं सौंपी गयी थीं। मामले की जांच किए जाने की आवश्यकता थी। (**परिशिष्ट -LIII**)

7.4 मजदूरी के एक भाग को अनअभिज्ञात चार्ज के नाम पर पोस्ट मास्टर द्वारा रखे रहना

जॉब कार्ड के जांच पड़ताल एवं लासोवैया ग्राम पंचायत (पं0स0 मंझौलिया), जिला पश्चिम चंपारण के लाभार्थी सर्वेक्षण के दौरान यह पाया गया कि मजदूरी की कुल राशि को एडवाइस के अनुरूप डाकघर द्वारा जमा किया गया था लेकिन मजदूरों द्वारा मजदूरी के आहरण के समय डाकपाल द्वारा अवैध रूप से मजदूरी का एक भाग मझौलिया चार्ज के नाम पर रख लिया गया। गांव के श्री निरंजन साह (जॉब कार्ड सं0 2244) व श्री सैयद नट (जॉब कार्ड सं. 2221) एवं श्री पंडित चौबे (जॉब कार्ड सं. 2238) ने कार्यक्रम पदाधिकारी की उपस्थिति में अंकेक्षण को इसके बारे में सूचित किया तथा पोस्टमास्टर ने इन आरोपों को स्वीकार किया।

7.5 मृदा कार्य के पुनर्माप के लिए संदेहास्पद अनियमित भुगतान

नालन्दा में योजना संचिकाओं की संवीक्षा से यह उद्घाटित हुआ कि 3 प्रखंडों[22] में 28 मृदा कार्य निष्पादित हुए तथा निर्माण कार्यों के मापी के उपरांत कार्यकारी एजेंसी को भुगतान किया गया (अप्रैल से जुन 2007) तथापि, माप की तिथि से एक वर्ष बीत जाने के उपरांत तथा लगभग दो वर्षा ऋतुओं के गुजर जाने के बाद जिला के डी0पी0सी0 के आदेश (04.12.07) के तहत कार्यों की पुनर्माप के लिए बिना किसी कारण का उल्लेख किये मापी की गयी। कार्य का मूल्य घटने के स्थान पर पुनर्माप के उपरांत कार्य के मुल्य में बढ़ोत्तरी हुइ जो संभव नहीं है क्योंकि प्रथम माप के उपरांत कोई परिवर्धन का कार्य नहीं किया गया तथा सामान्यतः वर्षा ऋतु के उपरांत किए गए मृदा–कार्य में कमी आ जाती है। कार्य के मुल्य में इस वृद्धि के कारण कुल ₹ 22.84 लाख का भुगतान प्रथम एवं द्वितीय माप के अंतर के लिए किया गया। साथ ही, पुनर्माप को उचित सिद्ध ठहराने वाले रिकार्ड को अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे यह प्रतीत होता है कि जि0का0स0 ने यह आदेष मनमाने रूप से निर्गत किया था। (**परिशिष्ट -LIV**)

7.6 समुचित प्रकार से माप नहीं किया जाना–

पश्चिम चंपारण में कुल ₹ 33.10 लाख के पांच निर्माण कार्यों[23] में उचित प्रकार से मापी नहीं किया गया। मापी–पुस्तिका में माप को एक पंक्ति में अंकित कर दिया गया था और तालाब मरम्मती कार्य एवं बाँध के निर्माण में विस्तृत मापी नहीं दर्शायी गई थी, प्राक्कलनों को भौगोलिक पद्धति से तैयार किया गया था किन्तु मापी–पुस्तिका में भौगोलिक मापी नहीं दर्शायी गई थी। परिणामस्वरूप, किए गए कार्य की वास्तविक मात्रा मापी–पुस्तिका से सत्यापित नहीं की जा सकती थी।

[22] इस्लामपुर, चण्डी एवं नूरसराय
[23] तलाब जीर्णोद्धार के चार कार्य (1, 2, 3 एवं 4/10–11) तथा बांध निमार्ण का एक कार्य (40/07–08)

8.1 एस0जी0आर0वाई0/एन0एफ0एफ0डब्ल्यु0पी0 की अव्ययित शेष तथा अप्रयुक्त अनाज की कीमत जिसे मनरेगा के खाते में अंतरित नहीं किया गया

एस0जी0आर0वाई0 तथा एन0एफ0एफ0डब्ल्यु0पी0 योजनाओं के बंद किये जाने के पश्चात उन योजनाओं की शेष राशि को मनरेगा के खातों में (31.08.2007) को या उससे पहले तक, अंतरण, सरकार के अगस्त 2007 के पत्र के निर्देषानुसार किया जाना था। आगे, कच्चा कार्यों को मनरेगा योजना में शामिल करना था और अपूर्ण पक्का कार्यों के लिए अलग से निधि की मांग करनी थी।

अभिलेखों की संविक्षा से पता चला कि 12 जिलों[24] में एस0जी0आर0वाई0 तथा एन0एफ0एफ0डब्ल्यु0पी0 की ₹ 21.48 करोड़ की अव्ययित राशि को मनरेगा के खातों में अंतरण नहीं किया गया और एस0जी0आर0वाई0 के 1127 अपूर्ण पक्का कार्य अपूर्ण ही रहे। इन कार्यों के सफल पूर्णता के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। (**परिशिष्ट - LV**)आगे, 14 जिलों[25] के 3830 जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के पास ₹ 83.14 करोड़ रूपये मूल्य का अनाज अप्रयुक्त रह गया। ₹ 83.14 करोड़ की वसूली के विरूद्ध केवल ₹ 5. 79 करोड़ की वसूली हुई और शेष ₹ 77.36 करोड़ की राशि जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के पास ही रह गयी (**परिशिष्ट - LVI**)। इस तरह रू 77.36 करोड़ की राशि का अंतरण मनरेगा के खातों में नहीं हो पाया।

आगे, औरंगाबाद जिला में 2005–06 में ₹ 1.52 करोड़ की राशि एस0जी0आर0वाई0 के अनाज के रख–रखाव के लिए केन्द्र के हिस्से से प्राप्त हुई थीं इसमें से ₹ 0.50 करोड़ रूपये का भुगतान जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को किया गया और ₹ 1.02 करोड़ की राशि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के खाते में अप्रयुक्त पड़ी रह गयीं इस तरह सरकार की अनाज को मजदूरी के एक घटक के रूप में उपयोग करने की योजना पूरी नहीं हुई और खातों में अनंतरित राशि के कारण ₹ 66.63 लाख श्रम दिन कम सृजन हुआ।

राज्य सरकार ने जवाब दिया कि एस0जी0आर0वाई0 के अप्रयुक्त अनाज एवं इसकी राशि के मनरेगा के खातों में अंतरण के लिए निर्देश जारी किया जा चुका था जबकि जिला के अधिकारियों ने बताया था कि 125 जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के खिलाफ प्रथम जांच रपट किया जा चुका है तथा 721 दोषी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के खिलाफ प्रमाण पत्र मुकदमा किया जा चुका है।

8.2 विशिष्ट अनुदान का विचलन

सरकार के मार्च 2008 के पत्र के निर्देषानुसार, पक्का कार्यों के लिए अनुदान राशि का उपयोग एस0जी0आर0वाई0 के पक्का कार्यों में ही किया जाना था और शेष राशि यदि कोई हो तो उसे अनिवार्य रूप से सरकार को वापस किया जाना था। संवीक्षा से पता चला कि 8 जिलों को ₹ 10.47 करोड़ का

[24] अररिया,बेगूसराय,भभुआ, भोजपूर,दरंभगा,जहानाबाद,मधुबनी,मुँगेर,मुजफरपुर,नालंदा,सीतामढी एवं प0 चम्पारण
[25] भभुआ के अलावा सभी जाँचित जिले

विशिष्ट अनुदान प्राप्त हुआ था। इसमें से ₹ 2.41 करोड़ का विचलन चार जिलों[26] के मनरेगा कार्य हेतु कर दिया गया और ₹ 3.29 करोड़ शेष चार जिलों[27] में अप्रयुक्त रह गयी। इन चार जिलों से यह जवाब मिला कि राषि का विचलन मनरेगा में किया गया क्योंकि पुराने प्राक्कलन पर कार्य संभव नहीं था।

अपूर्ण कार्यों के सही ढंग से अनुवीक्षण न होने के कारण एस0जी0आर0वाई0 के 1127 अपूर्ण कार्य पूर्ण न हो सके तथा योजना के वांछित लाभ (टिकाउ परिसंपत्तियों का बनाया जाना तथा लाभार्थी अनुदान) से वंचित रह गये। (**परिशिष्ट -LVII**)

[26] अररिया, बेगुसराय, भोजपुर एवं मधुबनी
[27] दरभंगा, मुंगेर, नालन्दा एवं पश्चिम चम्पारण

अध्याय – IX भौतिक सत्यापन का परिणाम

9.1 जॉब कार्ड सत्यापन का परिणाम

ग्राम पंचायत, प्रत्येक पंजीकृत घरों को जॉब कार्ड निर्गत करेगा। सुप्रारूपित जॉब कार्ड का निर्गमन नियत समय पर आवश्यक है, यह एक आवश्यक कानूनी दस्तावेज है जो पारदर्शिता सुनिश्चित करने में सहायता करता है तथा मजदूरों को धोखाधड़ी सें बचाता है।

यादृच्छिक रूप से चयनित 250 ग्राम पंचायतों में से 1997 लाभुक परिवारों को संयुक्त सत्यापन में निम्नलिखित तथ्य उजागर हुएः–

- 26% मामलों में पंजीयन पुस्तिका पर फोटो चिपका हुआ नहीं पाया गया, यद्यपि जॉब कार्ड पर फोटो को चिपकाना आवष्यक था। सत्यापित जॉब कार्डो में से 37% तक के मामलों में फोटो चिपका हुआ नहीं पाया गया।
- 26% मामलों में मजदुरों के जॉब कार्ड पर अंकित राषि को मिलान उनके खाता/पास बुक से करने पर सुमेलित नहीं पाया गया जो कर्मचारियों द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता को दर्शाता है।
- 57% मामलों में लाभुक परिवारों के जॉब कार्ड पर पंजीकरण की तिथि उल्लेखित नहीं था और इसलिए यह सत्यापित एवं सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि पंजीकरण निर्धारित अवधि के अन्दर किया गया था। (**परिशिष्ट -LVIII**)

जॉब कार्ड में उपरवर्णित अनियमितताएँ योजना कार्यकर्ताओं की ओर से की गई कमी की ओर संकेत करता है जिस कारण मजदूरी का अधिक भुगतान हुआ और अन्य अनियमितताएँ जैसा कि उपर वर्णित है एवं ये अनियमतता योजना के उद्देष्यों को प्राप्त करने में बाधक था।

9.2 कार्य स्थल का भौतिक सत्यापन

अवधि 2007–12 के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा क्रियान्वित किए गए कुल 13247 योजनाओं में से 3688 योजनाओं का नमूना लिया गया तथा लेखा परीक्षा समूह द्वारा 3278 योजनाओं का संयुक्त भौतिक सत्यापन पंचायत समिति स्तर के तकनीकि कर्मचारियों के साथ किया गया। (**परिशिष्ट -LIX**)

9.3 फर्जी कार्य के नाम पर 5.90 लाख का कपटपूर्ण निकासी

योजना संचिका के जाँच के दौरान यह पाया गया कि दो जिलों मधुबनी एवं जहानाबाद में बिना कोई काम किए पाँच कार्यों के लिए कुल ₹ 5.90 लाख की राशि निकासी की गई। एक मामलें में, योजना संचिका में पौधों के क्रय का वाउचर, उपस्थिति नामावली एवं वन–पोषकों के भुगतान का संज्ञापन एवं फोटो संलग्न नहीं किया गया था। (**परिशिष्ट -LX**)

स्थल सत्यापन से उजागर हुआ कि सात जिलों में बहुत खर्च करने एवं कार्य मूल्य की मापी पुस्तिका में मापी होने के बावजूद कार्यों का क्रियान्वयन नहीं हो पाया।



हरिहरपुर (शाहपुर)
1/10–11

(i) इस योजना के अन्तर्गत मापी पुस्तिका में दर्शायी गयी ईंटकरण पथ (लंबाई – 235' और चौड़ाई – 8.6) नियत स्थल पर नहीं पाया गया। (ii) स्थानीय निवासियों के अनुसार, मिट्टी भराई कार्य 2.6' के स्थान पर 1.0' किया गया, वर्तमान में इस प्रकार का कोई कार्य नहीं पाया गया।



झाँवा बेलवानिया (शाहपुर) 3/11–12

सिंचाई नाला की उपरी चौड़ाई व गहराई 22'3" से 28.3"तथा 5.6" से 6.3" के स्थान पर क्रमशः 4' से 6' तथा 2' पायी गयी। (कुल लंबाई – 1300')





मधेपुर (ग्रा.पं. –कलुआही, पं.स.–मधुबनी)
7/11–12

मिट्टी कार्य के स्थान पर ईंटकरण पथ पाया गया। ईंटकरण पथ का कार्य पि0क्षे0अनु0 निधि मद से कराया गया परन्तु भुगतान मनरेगा निधि से किया गया।

9.4 कार्य–स्थल पर साइन बोर्ड नहीं पाया जाना

पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा सामाजिक लेखा परीक्षा को सुविधाजनक बनाने के लिए कार्य–स्थल पर साइन बोर्ड जिस पर अनुमानित लागत, कार्य प्रारंभ एवं समाप्ति की तारीख तथा अभिकर्ता का नाम प्रदर्शित होता था को कार्य–स्थल पर लगाया जाना था। परन्तु, कार्य–स्थल के भौतिक सत्यापन में 3278 योजनाओं में से 1206 योजनाओं (37%) में कार्य–स्थल पर साईन बोर्ड नहीं पाया गया।

विभाग ने उत्तर दिया कि असामाजिक तत्वों द्वारा लगाए गए साईन बोर्डों को नष्ट कर दिया गया।

9.5 प्रभाव विश्लेषण/लाभार्थी सर्वेक्षण का परिणाम

- ***पंजीकृत व्यक्तियों की व्यक्तिगत स्थिति***

  कुल लाभार्थियों में से 54% निरक्षर थे तथा 51% कच्चे मकानों में रहने वाले थे एवं लाभार्थियों की वार्षिक आय 8,000/– से 25,000/– के बीच थी। 27% से कम लाभार्थियों के पास आवश्यक घरेलु सम्पति (बिजली–16%, पंखा–5%, टी.वी.–3%, शौचालय–15%) थी।

- ***निम्नलिखित अधिकारों/हकदारियों के विषय में जानकारी रखने वाले लाभुक परिवारों का प्रतिशत***

  54% लाभार्थियों को 100 दिन के रोजगार की जानकारी थी, श्रवण बधिर लाभुकों में से 45% ने अभिव्यक्त किया कि वे इस प्रावधान को जानते हैं कि मजदूरी का भुगतान 15 दिनों के अंदर होनी चाहिए, 65% मौखिक निवेदन से कार्य माँगने के प्रति जागरूक थे, 27% लिखित निवेदन से कार्य माँगने के प्रति जागरूक थे, श्रवण बधिर लाभुकों में से 93% में अभिव्यक्त किया कि उन्होंने अपना जॉब कार्ड 15 दिवसों के अन्दर प्राप्त किया। केवल 2% ने स्वीकार किया कि उन्होंने फोटो की कीमत का भुगतान किया और 42% ने स्वीकार किया कि उन्होंने कार्य माँग के 15 दिवस के अंदर कार्य प्राप्त किया।

- ***सामाजिक स्थिति पर प्रभाव***

  50% से अधिक लाभार्थियों ने अभिव्यक्त किया कि मनरेगा के क्रियान्वयन से उनके सामाजिक स्थिति एवं जीवन स्तर पर बदलाव आया। 51% लाभार्थियों ने कहा कि प्रवास गमन में कमी आयी हैं, 52% ने कहा कि उनके बच्चे अच्छी शिक्षा सुविधा प्राप्त कर रहे हैं, 53% ने अभिव्यक्त किया कि वे लोग अच्छी चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने के योग्य हुए हैं और 49% लोगों ने यह व्यक्त किया कि योजनाओं से प्राप्त आय उनके कर्ज को चुकाने में सहायक हुए।

- ***कार्य का कार्यान्वयन***

  कुल नमूना जिलों में से अररिया जिले में साक्षात्कार के लिए चुने गए 1.11% लाभार्थियों को बेरोजगारी भत्ता दिया गया। सभी लाभार्थियों को कार्य 5 किमी सीमा के अन्दर कार्य दिया गया और केवल 2% लाभुकों ने स्वीकार किया कि कार्य के क्रियान्वयन में ठेकेदारों को शामिल किया गया।

- ***कार्यस्थल पर सुविधाएँ एवं उपस्थिति***

  50% से कम लाभार्थियों ने स्वीकार किया कि कार्य स्थल पर आवश्यक सुविधाएँ (छाया–40%, पेयजल–47%, प्राथमिक उपचार–36%, बच्चों का खटोला–21%) उपलब्ध करायी गयी थी। 88% लाभार्थियों ने कहा कि कार्यस्थल पर उपस्थिति पंजी उपलब्ध थी और 92% श्रवण बधिर लाभुकों ने कहा कि वे प्रतिदिन कार्यस्थल पर उपस्थित थे।

- ***रोजगार एवं मजदूरी भुगतान***

  45% लाभार्थियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने माँग के 15 दिवसों के अन्दर रोजगार पाया एवं 50% लाभार्थियों ने अपना मत व्यक्त किया कि उन्होनें 15 दिवसों के अन्दर अपने मजदूरी का भुगतान पाया तथा केवल 14% लाभार्थियों ने कहा कि उन्हे 100 दिवसों का कार्य मिला। कुल 1220 लाभार्थियों में से 64% लाभार्थियों ने कहा कि उन्होने अपनी मजदूरी डाकघर से प्राप्त किया।

- ***ग्राम सभा में मनरेगा योजना पर परिचर्चा***
  कुल 2330 लाभार्थियों में से 75% लाभुकों ने अपना विचार व्यक्त किया कि ग्राम सभा की बैठक सम्पन्न हुई एवं योजना के अन्तर्गत किए गए कार्य पर चर्चा हुई।
- ***उच्च अधिकारियों द्वारा कार्य का निरीक्षण***
  मनरेगा योजना के अन्तर्गत किए गए कार्य का निरीक्षण एवं देख–रेख राज्य के प्रखण्ड स्तर के अधिकारियों के द्वारा क्रमषः 2%, 10% तथा 100% के अनुपात में किया गया। लेकिन, किसी भी लाभार्थियों के द्वारा यह नहीं कहा गया कि देख–रेख राज्य एवं जिला स्तर के व्यवस्था द्वारा किया गया और 35% लाभार्थियों ने कहा कि कार्य का देख–रेख प्रखण्ड के प्र0वि0प0/का0प0 द्वारा किया गया। (**परिशिष्ट -LXI**)

अध्याय – X अनुश्रवण एवं आंतरिक नियंत्रण

10.1 मासिक प्रगति प्रतिवेदन (मा0प्र0प्र0) एवं प्रबंधन सूचना तंत्र (प्र0सू0तं0) प्रविष्टि

मनरेगा कार्यकारी दिशा–निर्देश में मासिक प्रगति प्रतिवेदन (भौतिक एवं वित्तीय दोनों के लिए) का विस्तृत अनुश्रवण प्रपत्र विहित है जिसमें उपलब्धि को संग्रहित कर राज्य सरकार द्वारा इसे प्रेषित किया जाना था। स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के अतिरिक्त राज्यों द्वारा प्रेषित सूचना को मंत्रालय के वेबसाईट पर सार्वजनिक सूचना हेतु एकीकृत किया जाना है।

मनरेगा कार्यकारी दिशा–निर्देश के अनुसार यह आवश्यक है कि एक ऐसी प्रक्रिया बनाई जाए ताकि कार्य की मांग एवं कार्यक्रम पदाधिकारी एवं ग्राम पंचायत द्वारा कार्य प्रदान करने संबंधित आँकड़ों को समुचित संधारण एवं रोजगार आवंटन से संबंधित सूचनाओं का साप्ताहिक रूप से कार्यक्रम पदाधिकारी एवं ग्राम पंचायत के बीच आदान–प्रदान सुनिश्चित किया जा सके।

लेकिन जिला एवं प्रखंड स्तर पर, सृजित मानव दिवस एवं उपयोगिता राशि अधिक प्रतिवेदित किए जाने के मामले दृष्टिगत हुए। प्र0सू0तं0 के माध्यम से ग्रा0वि0मं0 के वेबसाईट पर सम्मिलित किए गए व्यय एवं रोजगार संबंधित आँकड़ों एवं मा0प्र0प्र0 की तुलना करने पर यह पाया गया कि दोनों में काफी अंतर था। न ही व्यय और न ही रोजगार प्रदत्त परिवारों की संख्या समान पाए गए। आँकड़ों को बढ़ाकर सरकार को प्रतिवेदित किया गया एवं सूचना तंत्र में प्रमाणिकता एवं सत्यता का अभाव पाया गया।

मा0प्र0प्र0 एवं प्र0स0ूतं0 की विवरणी (दोनों योजना के भौतिक एवं वित्तीय निष्पादन के प्रतिवेदन के साधन है) में अंकित व्यय एवं सृजित मानव दिवस की तुलना करने पर निम्नलिखित विसंगतियाँ पाई गईः

- चयनित 14 जिलों में व्यय संबंधित आँकड़ों में प्र0सू0तं0 प्रविष्टि एवं मा0प्र0प्र0 के बीच, न्यूनतम ₹ 0.27 करोड़ नालंदा (वर्ष 2011–12) तथा अधिकतम ₹111.59 करोड़ मुजफ्फरपरु (वर्ष 2010–11) का अंतर पाया गया। (**परिशिष्ट–LXII**)
- नमूना जाँच की गई जिलों में, पश्चिम चंपारण में यह पाया गया कि ₹8.96 करोड़ की प्र0सू0तं0 प्रविष्टि –लाईन विभागों एवं जिला परिषद् द्वारा नहीं की गई थी।
- मुंगेर में वर्ष 2007–12 के दौरान मा0प्र0प्र0 में दिखाया गया व्यय सी0ए0 प्रतिवेदन की तुलना में ₹34.19 करोड़ अधिक था। (**परिशिष्ट -LXIII**)

- दरभंगा में, वैसी योजनाएँ जो लाईन विभागों जिला परिषद् सहित कार्यान्वित की गई थी जिस पर कुल व्यय ₹13.26 करोड़ थी के विरूद्ध मात्र ₹7.83 करोड की प्रविष्टि प्र0सू0तं0 में की गई थी तथा शेष ₹5.43 करोड़ की प्रविष्टि लंबित थी।

अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक, औरंगाबाद द्वारा जवाब दिया गया कि मार्च माह में कार्यान्वित योजनाओं के व्यय की प्रविष्टि अप्रैल माह में नहीं किया जाना एवं दायित्वों की प्रविष्टि नहीं करना, अंतर का कारण था। जवाब स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि देय मजदूरी से संबंधित दायित्व की प्रविष्टि ''पाईप लाईन में व्यय'' शीर्ष के अंतर्गत प्र0सू0तं0 में वर्ष के कुल व्यय को दर्शाने हेतु होनी चाहिए। मानव दिवसों में अंतर हेतु संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछने पर बताया गया कि आगे से अनुपालन किया जाएगा। शेष जिलों ने जवाब नहीं दिया।

अनुशंसाएँ

- मा0प्र0प्र0 एवं प्र0सू0तं0 के आँकड़ों में शून्य अंतर प्राप्त करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया जाना चाहिए। वास्तविक व्यय एवं प्र0सू0तं0 में इसकी प्रविष्टि के बीच समय अंतराल को न्यूनतम करने की आवयकता है।

10.2 कार्यों का अनुश्रवण/निरीक्षण

मनरेगा कार्यकारी दिशा–निर्देश की कंडिका 10.3 अनुश्रवण एवं प्रतिवेदन के लिए निम्नांकित क्रियाविधि नियत करता है। प्रखंड स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर के अधिकारी प्रतिवर्ष क्रमशः शत प्रतिशत, दस प्रतिशत और दो प्रतिशत कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके अतिरिक्त सभी जिलों की वित्तीय लेखा परीक्षा अनिवार्य होगी तथा ग्राम सभाओं के प्रतिवेदनों की संवीक्षा के लिए जिला आंतरिक लेखा परीक्षा कोषांग का गठन किया जाना चाहिए।

बाह्य परिवीक्षकों द्वारा सत्यापन एवं गुणवत्ता लेखा परीक्षा को राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला गुणवत्ता परिवीक्षकों द्वारा केन्द्र, राज्य और जिला स्तरों पर निश्चित रूप से अधिग्रहित किया जाए। ग्राम सभा द्वारा निर्वाचित सदस्यों वाली स्थानीय निगरानी एवं अनुश्रवण समिति कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का अनुश्रवण कार्यों की प्रगति के दौरान करेंगे। अभिलेखों की संवीक्षा में कार्यों के अनुश्रवण/निरीक्षण में निम्नलिखित कमियाँ पाई गईः–

- मनरेगा के अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं का पर्यवेक्षण राज्य सरकार के प्राधिकारियों द्वारा नहीं किया गया था, केवल प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कार्यों का पर्यवेक्षण किया। आठ जिलों में, निर्धारित दस प्रतिशत पर्यवेक्षण के विरूद्ध जिला स्तर के प्राधिकारियों ने एक से नौ प्रतिशत कार्यों का पर्यवेक्षण किया। प्रखंड स्तर पर शत प्रतिशत कार्यों के पर्यवेक्षण के बदले केवल 10 प्रतिशत से 97 प्रतिशत कार्यों का पर्यवेक्षण किए गए थे। कार्यों के पर्यवेक्षण का न्यूनतम प्रतिशत बेगुसराय (10 प्रतिशत) एवं अधिकतम सीतामढी जिला में (97 प्रतिशत) था। चयनित जिलों में जिला स्तर पर आंतरिक लेखा परीक्षा कोषांग का गठन नहीं पाया गया था।(**परिशिष्ट–LXIV**)
- चयनित कार्यों में से प्रत्येक कार्य के लिए स्थानीय निगरानी एवं अनुश्रवण समिति का गठन नहीं किया गया था।
- क्रियान्वित कार्य की गुणवत्ता सत्यापित करने के लिए राज्य एवं जिला गुणवत्ता परिवीक्षकों की नियुक्ति राज्य स्तर और किसी भी चयनित जिलों में राज्य सरकार द्वारा नहीं किया गया था।

अनुशंसाः

- सभी स्तरों पर अनुश्रवण का सशक्तीकरण आवश्यक है एवं सरकार द्वारा निर्धारित अनुश्रवण के लक्ष्य की प्राप्ति होनी चाहिए। निर्देशों के अनुपालन की जाँच करने हेतु, यदि कोई हो, उच्चतर योजना कर्मियों द्वारा निरीक्षण का प्रलेखीकरण किया जा सकता है। गुणवत्ता परिवीक्षकों की नियुक्ति प्राथमिकता के आधार पर की जा सकती है।

10.3 अभिलेखों एवं पंजियों का संधारण

मनरेगा के कार्यान्वयन में क्रांतिक सफल कारणों में से एक अभिलेखों का उचित संधारण है। प्रत्येक कार्यकारी अभिकरण को अपने स्तर पर आवश्यक अभिलेखों का संधारण करना है। (**परिशिष्ट–LXV**)

निबंधन आवेदन पंजी जिसमें परिवारों के निबंधन के लिए आवेदन/अनुरोध दर्ज होते है। किसी भी ग्राम पंचायत द्वारा संधारित नहीं था एवं परिवारों का निबंधन मौखिक अनुरोध पर किया गया था। इस प्रकार परिवारों के निबंधन से इंकार, यदि कोई हो, की जाँच नहीं की जा सकी।

रोजगार पंजी (प्रत्येक निबंधित परिवारों हेतु), जिसमें रोजगार के माँग का विवरण, आवंटित रोजगार एवं वास्तविक प्रदत्त रोजगार दर्ज होते है, का संधारण किसी भी ग्राम पंचायत/कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा नहीं किया गया। रोजगार पंजी के संधारण नहीं होने से यह सत्यापित नहीं किया जा सका कि कितने परिवारों को कितने दिनों का रोजगार एक वर्ष में दिया गया तथा कितने परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में वास्तव में सौ दिनों का रोजगार दिया गया।

सम्पत्ति पंजीः किसी भी जिला में सम्पत्ति पंजी का संधारण नहीं किया गया था।

मस्टर रौल निर्गत एवं प्राप्ति पंजीः मस्टर रौल निर्गत एवं प्राप्ति पंजी का संधारण प्रत्येक स्तर पर किया जाना था। प्रत्येक चयनित जिलों में निर्गत पंजी का संधारण कार्यक्रम पदाधिकारी के स्तर पर किया गया था परंतु प्राप्ति पंजी का संधारण ग्राम पंचायतों के स्तर पर नहीं किया गया था।

शिकायत पंजीः शिकायत पंजी का संधारण जिला, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत के स्तर पर किए गए शिकायतों एवं इस पर की गई कार्रवाई को दर्ज करने हेतु किया जाना था। परंतु ग्राम पंचायतों द्वारा शिकायत पंजी का संधारण नहीं किया गया था।

अनिवार्य केंद्रीय पंजियों का संधारण नहीं करना, योजनाओं के सफल कार्यान्वयन में बाधा है। ग्राम पंचायत एवं प्रखंड स्तरों पर मूल अभिलेखों का संधारण निम्न स्तर का था। फलस्वरूप मांगे गए रोजगार, दिए गए रोजगार, सृजित रोजगार दिवसों की संख्या, रोजगार भत्ता की हकदारी से संबंधित आँकड़ों की वास्तविकता को सत्यापित नहीं किया जा सका।

अनुशंसा

- पंचायत रोजगार सेवक एवं कार्यकारी अभिकरणों को मूल अभिलेखों के संधारण हेतु स्पष्ट रूप से निदेशित करना आवश्यक है क्योंकि मनरेगा में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने का यही उपाय है जो निधियों के दुर्विनियोजन एवं निस्सरण को रोकेगा।

10.4 सामाजिक अंकेक्षण, पारदर्शिता एवं शिकायत निवारण

मनरेगा, निरंतर लोक निगरानी हेतु ''सामाजिक अंकेक्षण'' की केन्द्रीय भूमिका को उपाय के रूप में प्रदान करता है। दिशा निर्देश दो प्रकार के सामाजिक अंकेक्षण संसूचित करता है; परियोजनाओं/कार्यों के विवरणों की संवीक्षा (जिसे ''सामाजिक अंकेक्षण फोरम'' के रूप में संदर्भित किया गया है) हेतु ग्राम सभा की आवधिक आम सभा और सामाजिक अंकेक्षण के रूप में संभाव्य लाभार्थियों एवं अन्य स्टेकहोल्डर को शामिल करते हुए लोक निगरानी की निरंतर प्रक्रिया, जो मूल्यांकन और सामाजिक अंकेक्षण द्वारा परिवारों के निबंधन से सत्यापन के 11 चरणों के सत्यापन को समाहित करता है और पूरी प्रक्रिया को लोक राज्य क्षेत्र में लाने के लिए सामाजिक अंकेक्षण प्रतिवेदन को वेबसाईट पर अपलोड किया जाना है।

प्राप्त मांग पर अद्यतन आँकड़ा, निबंधन, निर्गत जॉब कार्डों की संख्या, व्यक्तियों की सूची जिन्होंने रोजगार का मांग किया और जिन्हें रोजगार दिया गया/रोजगार नहीं दिया गया, प्राप्त निधि और खर्च, किए गए भुगतान, स्वीकृत कार्य एवं प्रारंभ किए गए कार्य, कार्य की लागत एवं इस पर व्यय का विवरण, कार्य की अवधि, सृजित मानव दिवस, स्थानीय समुदायों का प्रतिवेदन और मस्टर रौल की प्रति, मनरेगा के क्रियान्वयन में सम्मिलित सभी अभिकरणों के कार्यालय के बाहर पूर्व अभिकल्पित प्रपत्र में उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

ग्राम पंचायत स्तर पर पिछले वर्ष किए गए सभी कार्यों के लिए वर्ष में दो बार सामाजिक अंकेक्षण फोरम निश्चित रूप से आहूत होनी है। शिकायत निवारण हेतु सिद्ध अखंडता वाले व्यक्तियों को लेकर राज्य सरकार, राज्य एवं जिला स्तर पर लोकपाल की प्रणाली को व्यवस्थित करने हेतु विचार करेगा।

जहाँ तक सूचना का अधिकार के अंतर्गत शिकायतों का संबंध था, 164 मामलों में से 150 मामलों का निष्पादन हुआ था तथा सामान्य प्रकृति के 584 मामले लेखा परीक्षा की तिथि (जून 2012) तक लंबित थे। सामान्य प्रकृति के लंबित मामले दरभंगा में 67 प्रतिशत, मधुबनी में 37 प्रतिशत, जहानाबाद में 70 प्रतिशत, बेगूसराय में 15 प्रतिशत, अररिया में 100 प्रतिशत, पश्चिम चंपारण में 07 प्रतिशत, किशनगंज में 89 प्रतिशत, बाँका में 23 प्रतिशत, मुंगेर में 04 प्रतिशत एवं सीतामढी में 38 प्रतिशत थे। (**परिशिष्ट–LXVI**)

जबकि राज्य स्तर पर 54 प्रतिशत सामान्य शिकायत निष्पादन के लिए लंबित थे। मनरेगा कार्यकारी दिशा–निर्देश में वर्णित प्रावधानों के अनुसार सामाजिक अंकेक्षण का संचालन नहीं किया गया। कुल चयनित ग्राम पंचायतों में, केवल 153 ग्राम पंचायतों द्वारा 528 सामाजिक अंकेक्षण संचालित किए गए थे तथा 85 ग्राम पंचायतों द्वारा सामाजिक अंकेक्षण का प्रयास नहीं किया गया था। सामाजिक अंकेक्षण प्रतिवेदन को किसी भी ग्राम पंचायत द्वारा वेबसाईट पर अपलोड नहीं किया गया था एवं सामाजिक अंकेक्षण की बैठक में कोई प्रेक्षण शामिल नहीं था। (**परिशिष्ट–LXVII**)

राज्य सरकार द्वारा राज्य एवं जिला स्तर पर लोकपाल की नियुक्ति नहीं की गयी थी।

अनुशंसाए

- प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए।
- लोकपाल की नियुक्ति प्राथमिकता के आधार पर की जानी चाहिए।
- मनरेगा की सम्पत्तियों के निरीक्षण हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर गुणवत्ता परिवीक्षकों की नियुक्ति की जा सकती है।
- योजना कर्मियों को आवधिक सामाजिक अंकेक्षण का संचालन सुनिश्चित करना चाहिए।

- लेखा परीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि कार्यकारी अभिकर्ताओं (पं0रो0से0) द्वारा कार्य को सम्पादित करने हेतु अपने पक्ष में राशि आहरित की गई परंतु कार्य सम्पादित नहीं कराया गया, आहरित राशि की तुलना में कम मात्रा में कार्य कराया गया एवं मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नही किया गया जिसके फलस्वरूप अभिकर्त्ताओं के पास एक लम्बी अवधि से राशि अधिशेष थी। अंकेक्षण के दौरान, छह जिलों[28] में कुल राशि ₹ 41.33 लाख की वसूली करवाकर इसे सम्बन्धित मनरेगा खाताओ में जमा कराई गई। (**परिशिष्ट -LXVIII**)
- आगे, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार द्वारा यह सूचित किया गया (02.11.2012) कि कुल राशि ₹ 57.73 लाख की वसूली की गई, 125 दोषी व्यक्तियो के विरूद्ध राशि ₹ 1.03 करोड़ हेतु प्राथमिकी दर्ज की गई, मजदूरों को भुगतान नही की गई राशि ₹ 17.37 लाख उनके खाताओ में सम्प्रेषित की गई। सं0ग्रा0रो0यो0 की अव्ययित अनुदान राशि ₹ 3.01 करोड़ जो बाधित पड़ी हुई थी, मनरेगा खातों में अंतरित की गई।
- लेखा परीक्षा प्रेक्षण के अनुपालन हेतु अंकेक्षण योग्य इकाइयों/सरकार द्वारा उपरवर्णित छोटे – छोटे प्रयास किए गए। उचित अनुपालन एवं मनेरगा के सफल कियान्वयन हेतु बहुत सारे कदम उठाए जाने बाँकी थे।

[28] औंरगाबाद, अररिया, दरभंगा, जहानाबाद, मधुबनी एवं पश्चिमी चंपारण

अध्याय – XII निष्कर्ष

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना इस राज्य मे प्रांरभिक रूकावट के बाद धीरे–धीरे गति पकड़ रहा है। तकनीकि सहयोग तथा गुणवत्ता नियंत्रण के उपाय स्थापित नहीं किए गए थे तथा अधिकृत प्रत्योचित अभियंताओ की सूची मनरेगा योजना को सशक्त ढंग से लागू करने के लिए तैयार नहीं किए गए थे।

योजना के प्लानिंग, क्रियान्वयन, निधि प्रबंधन, शिकायत निपटान व्यवस्था, अनुश्रवण तथा मनरेगा कार्यों को लागू करने हेतु प्रषिक्षण में कमियाँ पाई गई। दीर्घकालीन जिला परिप्रेक्ष्य योजना तैयार नहीं किए गए थे तथा वार्षिक कार्ययोजना अत्यधिक विलम्ब से तैयार किए गए थे। आगे, प्लान, श्रमिक प्रक्षेपण तथा मांग पूरा करने हेतु कार्यो के पहचान के बगैर तैयार किया गया था। श्रमिक बजट अत्यधिक विलम्ब से समर्पित किए गए थे तथा वे व्यवहारिक नहीं थे जिसके कारण प्रक्षेपित तथा वास्वविक माँग में काफी अंतर था। खर्च एवं मानव दिवस सृजन के सदंर्भ में मासिक प्रगति प्रतिवेदन (एम0पी0आर) तथा एम0आई0एस0 में बड़ा अन्तर था।

इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य पंजीकृत मजदूरों को उनके मांग के आधार पर 100 दिनों का निश्चित रोजगार उपलब्ध कराना है, जिसको पूरा नहीं किया गया क्योंकि एक से सात प्रतिशत परिवारों को ही मात्र 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया गया था। आगे, वर्ष 2007–12 के दौरान परिवारों को कार्य उपलब्ध कराने का प्रतिशत 75 से घटकर 20 रह गया था। राज्य स्तर पर महिला श्रमिकों को मात्र 28 प्रतिषत कार्य उपलब्ध कराया गया था। कई मामलों में जिलों में श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया था तथा 17 से 660 दिनों के विलम्ब से भुगतान किया गया था। ग्राम पंचायत स्तर पर, शिकायत पंजी का संधारण नहीं किया गया था अतः इससे यह ज्ञात नहीं किया जा सका कि श्रमिकों द्वारा कोई शिकायत किया गया तो उसको संज्ञान में लिया गया या नहीं।

राज्य सरकार ने मनरेगा योजना के कार्यों के लिए अनुसूचित दर (एस0ओ0आर0) तैयार नहीं की थी तथा सबसे नीचे के प्राथमिकता वाले कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी तथा सबसे ज्यादा प्राथमिकता वाले कार्यों को कम जगह दिया गया था। अव्यवहृत शेष अनुदान, एस0जी0आर0वाई मद में बचे शेष अनुदान की राशि का मनरेगा खाते में अंतरण नहीं किया जाना तथा कार्यों में मशीनों का अक्सर प्रयोग मानव दिवस सृजन को प्रभावित किया था।

इस योजना के तहत् की गई कार्यों को अन्य ग्रामीण योजना के तहत् की गई कार्यों के साथ क्रमवेशित नहीं किया गया था जिसके कारण मनरेगा का अन्य योजनाओं के साथ तालमेल बैठाने के उद्देश्य की प्राप्ति नहीं हुई।

मुख्य अभिलेख यथा आवेदन पंजी, मस्टर रौल पंजी, परिसम्पदा पंजी एंव रोजगार पंजी संधारित नहीं थे। उक्त कमियाँ मनरेगा योजना के इच्छित उद्देश्यों के प्राप्ति में बाधक थी।

कार्य का पर्यवेक्षण राज्य तथा जिला स्तर के पदाधिकारियों द्वारा नहीं किया गया था। योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जवाबदेह व्यक्ति, संस्था को उचित प्रशिक्षण नहीं दिया गया जिसके कारण योजना के क्रियान्वयन में कमियाँ पाई गई, सामान्य और आर0टी0आई0 शिकायतें (जिला एवं प्रखंड स्तर पर) का निपटारा समय पर नहीं किए जा रहे थे तथा 15 से 70 प्रतिषत तक शिकायतें निपटारा हेतु लंबित थे।

राज्य सरकार, आंतरिक अंकेक्षण प्रकोष्ठ निर्माण तथा शिकायत निपटान हेतु लोकपाल की नियुक्ति में विफल रही थी। ग्राम स्तर पर क्षेत्रीय सतर्कता एवं निगरानी समिति अधिकांश कार्यों के लिए गठित नहीं किया गया था और राज्य एवं जिला स्तर पर क्वालिटी मोनिटर को बहाल नहीं किए गए थे। ग्राम पंचायत स्तर पर शिकायत पंजी का संधारण नहीं किया गया था तथा सामाजिक अंकेक्षण सीमित कार्यों के लिए ही किया गया था। मनरेगा योजना से संबंधित मजदुरों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत बीमित नहीं किया गया था।

स्थान : पटना
दिनांक : 01 मई, 2013

(पी.के.सिंह)
महालेखाकार (लेखापरीक्षक),
बिहार

प्रतिहस्ताक्षरित

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 06 मई, 2013

(विनोद राय)
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

परिशिष्ट

परिशिष्ट-I
(कंडिका 1.6; पृष्ठ सं. 4 में संदर्भित)
चयनित इकाइयों की सूची

जिला	पं0स0 की सं0	पं0स0 का नाम	ग्रा0पं0 की सं0	ग्राम पंचायतों के नाम
मुंगेर	2	असरगंज	3	असरगंज, मकवा, चोरगॉव
		धरहारा	3	अजीमगंज, अमारी, माताडीह
जहानाबाद	2	हुलासगंज	3	बौरी, दावथू, मुरगॉव
		मखदूमपुर	6	डकरा, जमनगंज, कलानौर, मंझौस, सरेनपश्चिमी, सुमेरा
बॉका	3	अमरपुर	5	गरीबपुर, गोरगामा, भीखनपुर, पवई, सलेमपुर
		चांदन	4	धनुवसारा दक्षिण कसवा बसिला, कुसुमजोरी, बरफेड़ा तेतरिया
		शभुगंज	5	गुलनी, झखरा, विरनौधा, मालडीह, पकड़िया
दरभंगा[1]	5	बहेड़ी	7	बघौनी, भच्छी, दोहट नारायण, हावीडीह मध्य, हरहच्चा जोरजा, मिटूनिया
		विरौल	7	अफजला, वैरमपुर, देकुली जगरनाथपुर, नेउरी, पटनियॉ, पोखराम दक्षिणी, सोनपुर पधारी
		हनुमान नगर	4	गोदाई पट्टी, पंचोभ, रामपुरडीह, सिनुआरा
		तारडीह	3	विसहथ बथिया, महथौर, राजा खरवार
		जाले	7	अहियारी उत्तरी, ब्रहमपुर पूर्वी, दोघरा, कमतौल, मस्सा, मुरैठा, रतनपुर
मधुबनी	5	बासोपट्टी	4	बासोपट्टी पश्चिमी, बीरपुर, कटैया, महिनाथपुर
		लखनौर	4	बलिया, कछुआ, लौफा, तमुरिया
		बिस्फी	7	बलहा, चौहट्टा, जगवन पश्चिम, नाहस रूपौली उत्तर, परसौनी उत्तर, रथौस, सदुल्लाहपुर
		कलुवाही	3	हरिपुर उत्तर, मधेपुर, पुरसौलिया
		जयनगर	4	देवधा उत्तरी, देवाधा महय, डोरवार, बेलहीपूर्वी
बेगुसराय	5	बलिया	5	बलिया लखमिनिया–1, बलिया लखमिनिया–3, भगतपुर, नूरजमापुर, ताजपुर
		नावकोठी	3	डफरपुर, महेशवाड़ा, रजाकपुर
		डंडारी	3	कटहरी, कटरमाला दक्षिणी, बॉक
		खोदवन्दपुर	3	बरियारपुर पश्चिम, खोदाबन्दपुर, बारा
		बीरपुर	3	बीरपुर पश्चिम, गेनहरपुर, भवानन्दपुर
भभुआ	3	कुदरा	4	पचपोखरा, मेउड़ा, डेरवां, चिलबिली
		रामगढ	3	अहिवास, बड़ौरा, सहुका
		रामपुर	3	अमांव, बेलांव, कुड़ारी बदल
मुजफ्फरपुर	4	मुरौल	3	हरसिंहपुर लौतन, महमपुर बदल विद्याझौपुर
		मुशहरी	7	मनिका विशुनचॉद दत्त, डुमरी, अब्दूलनगर/माधोपुर, शेरपुर, प्रह्लादपुर, भगवानपुर, पताही
		साहेबगंज	6	नावानगर निजामत[2], हलीमपुर, माधोपुर हजारी, जगदीशपुर, सरैया, परसौनी रईसी
		सरैया	8	बहिलवारा रूपनाथ उ0, बहिलवारा रूपनाथ द0,चकना,दानापुर पचभीडवा ,मड़वा पाकड़, रामकृष्ण दुवियाही रामपुर बल्ली, रेवा बसंतपुर उत्तरी
भोजपुर	4	बिहिया	4	घाघा, प0 चकवश महुआव, पिपरा ,जगदीशपुर, शिवपुर
		उदवन्तनगर	4	एकौना, बकरी, कुसुम्बी, सरथुआ
		शाहपुर	5	खुटहॉ, सरना, सुहिया, हरिहरपुर, झांवा बेलवनिया
		संदेश	3	अहपुरा, जमुऑव, सन्देश
नालन्दा	5	चण्डी	4	माधोपुर, रूखाई, गंगौरा, सरथा
		हरनौत	4	वसनियावॉ, कोलावां, पोवारी, तेलमर
		ईसलामपुर	5	वेशवक, संडा, रानीपुर, सकरी, बौरीडीह
		नूरसराय	4	अन्धना, जगदीशपुर तियारी, नीरपुर, रसलपुर
		रहुई	4	पेशौर, रहुई, सोसन्दी, सुपासंग
औरंगाबाद	3	ओबरा	5	भरूब, डिहरा, कंचनपुर, ओबरा, रतनपुर
		हसपुरा	4	डिंडिर, टाल, अहियापुर, धुसरी
		रफीगंज	6	कजपा, बलिगॉव, भदुकी कला, ढोसिला, सिहुली, बलार
अररिया	2	सिकटी	4	कुचहा, मुरारीपुर, वोकन्तरी, भिडभिडी
		जोकीहाट	7	सिमरिया, सिसौना, कुरसैल, भगवानपुर, चिरह, दभड़ा, मटियारी
सीतामढी	4	बाजपट्टी	5	बाजपट्टी, जानीपुर, नानपुर दक्षिणी, सिरसी
		नानपुर	7	बाथअसली, बनगॉव दक्षिण, हुमायूँपुर, मघुबन बसहा ,पूर्वी रतवारा
		रून्नीसैदुपर	4	गुरदह उर्फ गौसनगर, बगाही रामनगर, गिद्धा फुलवरिया, अथरी, बड़हेता, बलुआ, देवना बुजुर्ग, महेशा फरकपुर
		सुरसण्ड	8	बनौली, दिवारी मलौना, मलाही, पटनपुरा, वीरख
पश्चिम चंपारण	5	बैरिया	5	सिसवा सरैया, भीतहा, बगही रतनपुर, फुलियाखॉड़, बैरिया
		भितहां	3	हथुअहवा, मछहॉ, सेमनवारी
		लौरिया	5	बगही बसवरिया, लाकड़ सिसड़े, सिसबनिया, लौरिया, गोबरौरा
		मझैलिया	7	राजाभार, लाल सरैया, महनवा रमपुरवा, महनागनी, मोहदीपुर, रतनमाला, रूलही
		नरकटियागंज	7	हरदी टेढा, शिकारपुर, केसरिया, पुरैनिया हसरी, परोराहा, बरवा बरौली, गोखुला
किशनगंज	2	दिघलबॉक	4	पथरघट्टी, ताराबाही पदमपुर, मंगौरा, सिंघीमारी
		पोठिया	6	कोल्था, सारोगोरा, पनासी, छत्तरगाछ, जहॉगीरपुर, उदगारा
कुल	54		252	

1 ग्राम पंचायत 1. पोखराम दक्षिणी (बिरौल)–38 कार्य, 2. राजा खरवार (तारडीह)– 26 कार्य से संबंधित योजना अभिलेख, लेखापरीक्षा के अंतिम दिन प्रस्तुत करने के कारण इनकी जॉच न हो सकी। ग्रा0पं0 सोनपुर पधारी(बिरौल)–21 कार्य से संबंधित योजना अभिलेख लेखापरीक्षा के समाप्ति तक प्रस्तुत नहीं किया गया। ग्राम पंचायत राजा खरवार (तारडीह), ग्रा0पं0 वैरमपुर, सोनपुर पधारी तथा देकुली जगरनाथपुर से संबंधित योजना अभिलेख लेखापरीक्षा में समय पर प्रस्तुत नहीं करने के कारण योजनाओं की भौतिक जॉच संभव न हो सकी।

2. ग्राम पंचायत का नगर पंचायत में परिवर्तित होने के कारण चयनित लेखापरीक्षित इकाइयों में इसे शामिल नहीं किया गया।

परिशिष्ट -II

(कंडिका 2.1; पृष्ठ सं. 7 में संदर्भित)

कर्मियों की कमी

जिला	कार्यक्रम पदाधिकारी			कनीय अभियंता			पं0 तकनिकि सहायक			कम्पयुटर सं0			लेखापाल			पं0 रो0 सेवक		
	स्वीकृत बल	कार्यरत बल	कमी	स्वीकृत बल	कार्यरत बल	कमी	स्वीकृत बल	कार्यरत बल	कमी	स्वीकृत बल	कार्यरत बल	कमी	स्वीकृत बल	कार्यरत बल	कमी	स्वीकृत बल	कार्यरत बल	कमी
औरंगाबाद	13	11	2	20	15	5	53	36	17	11	7	4	11	7	4	213	206	7
मुँगेर	11	8	3	12	8	4	27	17	10	9	5	4	9	6	3	106	81	25
बेगुसराय	22	18	4	26	25	1	67	45	22	18	8	10	18	11	7	270	231	39
सीतामडी	20	14	6	31	21	10	71	37	34	17	6	11	17	14	3	287	237	50
मुजफ्फरपुर	20	16	4	39	29	10	101	69	32	16	9	7	16	9	7	406	369	37
अररिया	11	9	2	23	15	8	56	30	26	9	9	0	9	5	04	229	197	32
नालन्दा	24	19	5	25	17	8	66	43	23	20	14	6	20	14	6	261	230	31
मधुबनी	25	20	5	42	27	15	106	61	45	21	16	5	21	17	04	418	357	61
दरभंगा	22	18	4	38	30	8	85	35	50	18	9	9	18	16	2	347	259	88
जहानाबाद	8	7	1	11	8	3	25	7	18	7	3	4	7	7	0	98	79	19
कैमुर	13	12	1	15	14	1	39	25	14	11	11	0	11	7	04	159	157	2
भोजपुर	17	14	3	23	17	6	61	38	23	14	6	8	14	10	04	239	226	13
पं0 चम्पारण	22	17	5	35	27	8	82	34	48	18	9	9	18	6	12	331	267	64
किशनगंज	8	7	1	12	11	1	33	17	16	7	6	1	7	6	1	132	99	33
बॉका	13	9	4	24	21	3	48	34	14	11	7	04	11	6	5	194	173	21
कुल	**249**	**199**	**50**	**376**	**285**	**91**	**920**	**528**	**392**	**207**	**125**	**82**	**207**	**141**	**66**	**3690**	**3168**	**522**
राज्य स्तर	**640**	**504**	**136**				**1162**									**8886**	**6965**	**1921**

परिशिष्ट -III

(कंडिका 3.2; पृष्ठ सं. 10 में संदर्भित)

वार्षिक कार्य योजना समर्पित करने में विलंब

क्रम सं0	जिला	वर्ष	कार्य योजना समर्पण की नियत तिथि	कार्य योजना समर्पण की वास्तविक तिथि	विलंब
1	दरभंगा	2007-08	31 दिसम्बर 06	10.04.2007	3 माह से अधिक
		2008-09	31 दिसम्बर 07	27.05.2008	4 माह से अधिक
		2009-10	31 दिसम्बर 08	18.08.2009	7 माह से अधिक
		2010-11	31 दिसम्बर 09	29.03.2010	3 माह
2	मधुबनी	2008-09	31 दिसम्बर 07	08.04.2008	3 माह से अधिक
		2009-10	31 दिसम्बर 08	12.09.2009	8 माह से अधिक
		2010-11	31 दिसम्बर 09	16.04.2010	3 माह से अधिक
		2011-12	31 दिसम्बर 10	25.04.2011	3 माह से अधिक
3	औरंगाबाद	2007-08	31 दिसम्बर 06	02.04.2007	3 माह से अधिक
		2008-09	31 दिसम्बर 07	12.04.2008	3 माह से अधिक
		2010-11	31 दिसम्बर 09	15.01.2010	15 दिन
4	मुंगेर	2007-08	31 दिसम्बर 06	जि.प. द्वारा अनुमोदित नहीं	-
		2008-09	31 दिसम्बर 07	09.05.2008	4 माह से अधिक
		2009-10	31 दिसम्बर 08	02.03.2009	2 माह से अधिक
		2010-11	31 दिसम्बर 09	जि.प. द्वारा अनुमोदित नहीं	-
5	बेगुसराय	2007-08	31 दिसम्बर 06	23.01.2008	1 वर्ष से अधिक
		2008-09	31 दिसम्बर 07	20.05.2008	4 माह से अधिक
6	मुजफ्फरपुर	2008-09	31 दिसम्बर 07	10.04.2008	3 माह से अधिक
		2009-10	31 दिसम्बर 08	22.01.2009	22 दिन
		2010-11	31 दिसम्बर 09	23.01.2010	23 दिन
		2011-12	31 दिसम्बर 10	17.02.2011	1 माह से अधिक
7	भभुआ	2009-10	31 दिसम्बर 08	07.02.2009	1 माह से अधिक
		2010-11	31 दिसम्बर 09	25.01.2010	15 दिन
		2011-12	31 दिसम्बर 10	25.05.2011	4 माह से अधिक
8	प0चम्पारण	2008-09	31 दिसम्बर 07	17.06.2008	5 माह से अधिक
		2009-10	31 दिसम्बर 08	14.07.2009	6 माह से अधिक
		2010-11	31 दिसम्बर 09	27.02.2010	1 माह से अधिक
		2011-12	31 दिसम्बर 10	25.02.2011	1 माह से अधिक

परिशिष्ट -IV

(कंडिका 3.3; पृष्ठ सं. 12 में संदर्भित)

वार्षिक कार्य योजना के इतर कार्यान्वित कार्य

क्रम सं0	जिला	कार्य की सं0	प्राक्कलित राशि (लाख में)	मापी पुस्तिका के अनुसार कार्य का मूल्य (लाख में)	अभ्युक्ति
1	दरभंगा	31	516.10	262.61	वार्षिक कार्य योजना के इतर कार्यान्वित कार्य
2	मुंगेर	5	50.76	27.13	–तथैव–
3	मधुबनी	67	88.89	56.63	–तथैव–
4	बॉका	2	12.09	4.67	–तथैव–
5	औरंगाबाद	3	0.10	0.06	इकाई द्वारा जवाब में बताया गया कि कार्य0पदा0/ओबरा के मौखिक निर्देश पर कार्य लिया गया
6	नालन्दा	36	102.86	25.15	--
	कुल	**144**	**770.80**	**376.25**	

परिशिष्ट -V (क)

(कंडिका 3.4; पृष्ठ सं.13 में संदर्भित)

दो पंचायत समितियों को न जोड़ने वाली योजनाओं की विवरणी

जिला परिषद का नाम	वर्ष	कुल कार्यान्वित योजनाओं की सं0	दो पंचायत समिति को जोड़ने वाली योजनाओं की सं0	दो पं0स0 को न जोड़ने वाली योजनाओं की सं0	दो पं0स0 को न जोड़ने वाली योजनाओं पर व्यय की गई राशि (लाख में)
1	2	3	4	5 (3-4)	6
बेगुसराय	2007-08	67	38	29	372.22
	2008-09	36	22	14	371.21
	2009-10	8	5	3	50.07
	2010-11	41	32	9	260.30
अररिया	2007-08	102	56	46	255.70
	2008-09	44	41	3	10.06
	2009-10	51	18	33	148.19
नालन्दा	2007-08	58	52	6	44.66
	2008-09	105	97	8	26.81
	2009-10	80	74	6	32.80
मधुबनी	2007-08	96	0	96	441.62
जहानाबाद	2007-08	105	27	78	260.53
	2008-09	26	10	16	45.16
पश्चिम चम्पारण	2007-08	102	70	32	231.40
	2008-09	10	7	3	46.60
	2009-10	39	30	9	133.26
	2010-11	101	73	28	340.70
कुल		**1071**	**652**	**419**	**3071.29**

परिशिष्ट -V(ख)

(कंडिका 3.4; पृष्ठ सं. 13 में संदर्भित)

दो ग्राम पंचायतों को न जोड़ने वाली योजनाओं की विवरणी

जिला	पंचायत समिति का नाम	वर्ष	कुल कार्यान्वित योजनाओं की संख्या	दो पचांयतों को जोड़ने वाली योजनाओं की सं0	दो ग्र0पं0 को न जोड़ने वाली योजनाओं की सं0	दो ग्रा0पं0 को न जोड़ने वाली योजनाओं पर व्यय (लाख में)
1	2	3	4	5	6 (4-5)	7
औरंगाबाद	ओबरा	2007-08	119	50	69	85.34
		2008-09	77	45	32	81.77
		2010-11	49	21	28	104.07
	हसपुरा	2007-08	84	33	51	58.27
		2008-09	41	39	2	6.61
		2010-11	23	20	3	14.12
	रफीगंज	2007-08	54	1	53	135.32
		2008-09	36	26	10	31.49
		2009-10	42	30	12	45.66
		2010-11	74	63	11	46.46
मुंगेर	असरगंज	2007-08	14	0	14	49.59
	धरहरा	2007-08	78	0	78	243.50
बेगुसराय	नावकोठी	2007-08	8	2	6	10.10
		2008-09	5	3	2	5.54
		2009-10	6	3	3	10.82
		2010-11	10	7	3	19.44
	वीरपुर	2007-08	10	9	1	4.55
		2008-09	22	9	13	47.54
		2009-10	12	7	5	21.86
		2010-11	15	9	6	20.00
	डंडारी	2007-08	11	0	11	14.02
		2008-09	9	0	9	1.35
		2009-10	6	0	6	1.06
		2010-11	16	0	16	17.85
	खोदावन्दपुर	2007-08	11	6	5	5.00
		2008-09	14	1	13	10.54
		2009-10	6	5	1	2.78
		2010-11	13	12	1	3.33
सीतामढी	सुरसंड	2007-08	47	44	3	3.92
		2008-09	42	41	1	0.86
		2009-10	49	48	1	1.35
		2010-11	24	20	4	9.31
	नानपुर	2007-08	71	70	1	3.58
		2009-10	64	59	5	8.49
	रूनीसैदपुर	2007-08	47	42	5	4.53
		2008-09	123	116	7	13.65
अररिया	जोकीहाट	2007-08	25	5	20	68.90
		2008-09	42	11	31	77.33
		2009-10	39	12	27	66.44
		2010-11	79	41	38	57.47
	सिकटी	2007-08	8	4	4	3.00
		2008-09	76	45	31	25.68
		2009-10	106	99	7	11.94

बॉका	अमरपुर	2008-09	50	12	38	116.70
		2009-10	20	5	15	41.53
		2010-11	47	6	41	70.75
	चांदन	2008-09	83	16	67	110.27
		2009-10	38	5	33	42.69
		2010-11	93	8	85	114.50
	शम्भुगन्ज	2008-09	59	9	50	205.25
		2010-11	67	9	58	92.53
किशनगंज	दिघलबैंक	2007-08	6	1	5	28.36
		2008-09	22	0	22	75.32
		2009-10	24	7	17	84.94
		2010-11	21	1	20	55.83
	पोठिया	2007-08	29	4	25	106.84
		2008-09	26	3	23	49.55
		2009-10	30	22	8	34.70
		2010-11	28	9	19	70.76
मुजफ्फरपुर	साहेबगंज	2007-08	47	0	47	77.08
		2008-09	36	0	36	96.44
		2009-10	91	0	91	347.72
		2010-11	54	0	54	188.22
	मुरौल	2007-08	21	0	21	17.85
		2008-09	11	0	11	25.05
		2009-10	92	0	92	205.71
		2010-11	10	0	10	31.08
	मुशहरी	2007-08	37	0	37	20.81
		2008-09	24	0	24	16.77
		2009-10	73	0	73	159.43
		2010-11	84	0	84	176.12
		2011-12	1	0	1	9.98
	सरैया	2007-08	168	3	165	262.66
		2008-09	244	0	244	589.83
भोजपुर	उदवन्तनगर	2007-08	25	9	16	28.72
		2008-09	70	11	59	145.85
		2009-10	19	3	16	45.19
		2010-11	9	1	8	42.08
	सन्देश	2007-08	2	0	2	7.33
		2008-09	18	1	17	33.70
		2009-10	52	0	52	107.55
		2010-11	22	0	22	66.62
	बिहिया	2007-08	5	0	5	6.07
		2008-09	45	12	33	83.48
		2009-10	27	9	18	44.24
		2010-11	22	10	12	47.18
भभुआ	कुदरा	2007-08	4	0	4	12.20
	रामगढ	2007-08	8	0	8	12.85
		2008-09	14	9	5	8.10
		2010-11	22	18	4	14.32
मधुबनी	जयनगर	2008-09	44	0	44	77.79
		2009-10	2	0	2	3.10
	कलुआही	2008-09	17	0	17	39.56
		2009-10	7	0	7	14.07
		2010-11	2	0	2	6.28
	लखनौर	2007-08	1	0	1	2.80
		2008-09	18	0	18	50.76
		2009-10	4	0	4	4.25
		2010-11	10	3	7	13.87

दरभंगा	बिरौल	2007-08	37	11	26	72.65
		2008-09	40	7	33	91.53
		2009-10	36	15	21	89.45
		2010-11	47	32	15	35.58
	जाले	2007-08	31	2	29	67.91
		2008-09	25	1	24	47.30
		2009-10	57	17	40	130.49
		2010-11	15	8	7	16.42
	बहेरी	2007-08	49	44	5	14.17
		2008-09	31	28	3	16.12
		2009-10	48	43	5	13.18
		2010-11	103	94	9	30.19
	हनुमाननगर	2007-08	27	8	19	66.34
		2008-09	65	3	62	143.71
		2009-10	83	22	61	119.92
	तारडीह	2007-08	21	17	4	9.17
		2008-09	36	21	15	43.36
		2009-10	61	59	2	7.01
		2010-11	52	50	2	8.16
जहानाबाद	मखदुमपुर	2009-10	26	10	16	46.18
		2010-11	29	15	14	35.49
	हुलासगंज	2007-08	65	22	43	64.89
		2008-09	6	0	6	8.88
		2009-10	40	2	38	62.71
		2010-11	34	3	31	51.03
नालन्दा	रहुई	2007-08	64	26	38	48.09
		2008-09	34	5	29	46.80
		2009-10	51	12	39	71.38
		2010-11	26	10	16	43.33
	नूरसराय	2008-09	44	38	6	35.72
	चण्डी	2008-09	40	37	3	4.86
	इसलामपुर	2007-08	16	11	5	11.38
		2008-09	18	13	5	13.17
		2009-10	22	17	5	21.79
		2010-11	18	13	5	30.23
पश्चिम चम्पारण	बैरिया	2009-10	8	6	2	1.91
		2010-11	117	92	25	32.33
	भितहा	2007-08	22	4	18	62.52
		2010-11	39	17	22	15.01
	नरकटियागंज	2007-08	38	5	33	89.94
		2008-09	7	2	5	21.84
		2009-10	5	0	5	18.76
		2010-11	89	11	78	288.82
	लौरिया	2007-08	29	0	29	64.24
		2009-10	21	0	21	24.22
		2010-11	65	3	62	120.70
	मंझौलिया	2007-08	40	39	1	3.04
		2009-10	1	0	1	2.38
		2010-11	157	145	12	33.18
		कुल	**5847**	**2304**	**3543**	**8295.14**

परिशिष्ट -VI
(कंडिका 3.5; पृष्ठ सं. 13 में संदर्भित)

श्रम बजट के समर्पण में विलम्ब

क्रम सं0	जिला	वर्ष	श्रम बजट समर्पित करने की नियत तिथि	समर्पित करने की वास्तविक तिथि	विलम्ब
1	दरभंगा	2008-09	31 दिसम्बर 07	30.08.2008	8 महीना
		2010-11	31 दिसम्बर 09	08.03.2010	2 महीना
2	मधुबनी	2008-09	31 दिसम्बर 07	08.04.2008	3 महीना
		2011-12	31 दिसम्बर 10	15.04.2011	3.5 महीना
3	मुंगेर	2009-10	31 दिसम्बर 08	26.02.2009	2 महीना
4	औरंगाबाद	2009-10	31 दिसम्बर 08	19.01.2009	19 दिन
		2010-11	31 दिसम्बर 09	13.02.2010	1 महीना
		2011-12	31 दिसम्बर 10	11.02.2011	1 महीना
5	बेगुसराय	2008-09	31 दिसम्बर 07	27.03.2008	3 महीना
		2009-10	31 दिसम्बर 08	26.02.2009	2 महीना
6	मुजफ्फरपुर	2008-09	31 दिसम्बर 07	10.04.2008	3 महीना
		2009-10	31 दिसम्बर 08	22.01.2009	22 दिन
		2010-11	31 दिसम्बर 09	23.01.2010	23 दिन
		2011-12	31 दिसम्बर 10	17.02.2011	1.5 महीना
7	भभुआ	2009-10	31 दिसम्बर 08	07.02.2009	1.5 महीना
		2010-11	31 दिसम्बर 09	25.01.2010	25 दिन
		2011-12	31 दिसम्बर 10	25.05.2011	4.5 महीना
8	सीतामढी	2008-09	31 दिसम्बर 07	05.04.2008	3 महीना
		2011-12	31 दिसम्बर 10	03.03.2011	2 महीना
9	अररिया	2008-09	31 दिसम्बर 07	06.03.2008	2 महीना
		2009-10	31 दिसम्बर 08	25.02.2009	2 महीना
		2010-11	31 दिसम्बर 09	09.03.2010	2 महीना
10	बॉका	2008-09	31 दिसम्बर 07	16.04.2008	3.5 महीना
		2009-10	31 दिसम्बर 08	26.02.2009	2 महीना
		2010-11	31 दिसम्बर 09	06.03.2010	2 महीना
		2011-12	31 दिसम्बर 10	18.02.2011	2 महीना
11	पश्चिम चम्पारण	2008-09	31 दिसम्बर 07	27.03.2008	3 महीना
		2009-10	31 दिसम्बर 08	26.02.2009	2 महीना
		2010-11	31 दिसम्बर 09	04.03.2010	2 महीना
		2011-12	31 दिसम्बर 10	21.02.2011	2 महीना
12	नालन्दा	2008-09	31 दिसम्बर 07	05.02.2008	1 महीना
		2009-10	31 दिसम्बर 08	03.02.2009	1 महीना
		2011-12	31 दिसम्बर 10	05.03.2011	2 महीना

परिशिष्ट - VII

(कंडिका 3.5; पृष्ठ सं.13 में संदर्भित)

व्यय तथा मानव दिवस सृजन के आधार पर प्राक्कलन तथा वास्तविक स्थिति में भिन्नता

जिला	वर्ष	प्राक्कलित मानव दिवस (लाख में)	वास्तविक सृजित मानव दिवस (लाख में)	अन्तर (प्रतिशत में)	अकुशल मजदूरी पर व्यय हेतु प्राक्कलित राशि (लाख मे)	अकुशल मजदूरी पर वास्तविक व्यय (लाखं में)	अन्तर (प्रतिशत में)
दरभंगा	2008-09	104.75	48.57	(-)54	9630.21	4047.00	(-) 58
	2009-10	82.16	45.85	(-)44	7312.48	4507.44	(-) 38
	2010-11	86.48	63.15	(-)27	8993.81	6135.99	(-) 32
	2011-12	108.51	29.43	(-)73	13620.45	3281.56	(-) 76
मुंगेर	2009-10	52.75	14.35	(-)73	4694.75	1431.96	(-) 69
	2010-11	66.74	17.08	(-)74	6941.04	1946.57	(-) 72
	2011-12	79.72	6.19	(-)92	9598.22	799.78	(-) 92
औरंगाबाद	2009-10	117.51	36.90	(-)69	10458.39	3531.87	(-) 66
	2010-11	128.91	37.20	(-)71	13406.64	4148.93	(-) 69
	2011-12	110.02	25.90	(-)76	13666.27	3332.23	(-) 76
जहानाबाद	2008-09	47.25	22.06	(-)53	3200.00	2060.33	(-) 36
	2009-10	44.98	17.47	(-)61	4003.00	1712.11	(-) 57
	2010-11	56.10	22.27	(-)60	5835.00	1472.15	(-) 75
	2011-12	55.17	11.05	(-)80	6466.19	1417.57	(-) 78
मधुबनी	2008-09	308.65	21.20	(-) 93	25308.97	1626.43	(-) 94
	2009-10	465.24	17.53	(-) 96	41406.60	1686.61	(-) 95
	2010-11	191.96	21.96	(-) 89	3675.83	1748.12	(-) 44
	2011-12	650.77	12.45	(-)98	73198.31	1637.02	(-) 98
बेगुसराय	2008-09	94.86	29.71	(-) 69	12964.29	2588.08	(-) 80
	2009-10	82.76	45.10	(-) 46	12275.09	4619.65	(-) 62
	2010-11	225.07	62.94	(-) 72	39012.13	6816.76	(-) 83
	2011-12	172.28	20.39	(-) 88	37218.81	2094.46	(-) 94
मुजफ्फरपुर	2008-09	334.47	47.05	(-) 86	27092.15	4187.98	(-) 85
	2009-10	92.31	96.21	(+) 4	8218.03	9812.96	(+)19
	2010-11	440.10	139.24	(-) 68	48518.87	14808.94	(-) 69
	2011-12	425.80	50.22	(-) 88	54165.21	4574.63	(-) 92
भभुआ	2009-10	34.01	9.17	(-) 73	3027.19	746.15	(-) 75
	2010-11	232.25	19.77	(-) 91	22644.84	1798.14	(-) 92
	2011-12	134.82	9.98	(-) 93	16178.04	1092.46	(-) 93
सीतामढी	2008-09	59.60	31.63	(-) 47	4872.12	2579.86	(-)47
	2009-10	100.57	63.91	(-) 36	8456.79	6393.30	(-)24
	2010-11	124.02	68.36	(-) 45	12898.55	6239.80	(-)52
	2011-12	169.64	28.13	(-) 83	25061.86	3103.29	(-)88
अररिया	2008-09	211.55	25.05	(-) 88	17291.13	2131.81	(-)88
	2009-10	65.17	25.87	(-) 60	5800.34	1896.29	(-)67
	2010-11	79.71	30.39	(-) 62	12520.01	3062.54	(-)76
	2011-12	550.55	19.65	(-) 96	51472.35	2251.62	(-)96
बॉका	2008-09	30.25	उ.न.	उ.न.	2550.00	1791.30	(-)30
	2009-10	67.71	27.90	(-)59	6026.19	2485.29	(-)59
	2010-11	173.40	43.24	(-)75	18033.60	3015.28	(-)83
	2011-12	193.09	28.02	(-)85	23170.80	2272.65	(-)90
पश्चिम चम्पारण	2008-09	42.36	26.02	(-)39	उ.न.	2024.68	उ.न.
	2009-10	114.14	30.20	(-)74	14721.79	2985.73	(-)80
	2010-11	160.94	48.70	(-)70	29569.46	5589.42	(-)81
	2011-12	190.50	48.02	(-)75	40385.46	5348.64	(-)87
नालन्दा	2008-09	80.77	35.38	(-)56	21151.34	2815.68	(-)87
	2009-10	120.15	38.80	(-)68	10693.78	4129.63	(-)61
	2011-12	207.86	11.65	(-)94	उ.न.	1675.28	-
राज्य	**2011-12**	उ.न.	उ.न.	उ.न.	**1700.00**	**866.38**	**(-) 49**

स्रोतः श्रम बजट एवं मासिक प्रगति प्रतिवेदन; उ.न.= उपलब्ध नहीं

परिशिष्ट -VIII

(कंडिका 4.2; पृष्ठ सं. 18 में संदर्भित)

राज्यांश की प्राप्ति में विलम्ब

जिला	वर्ष	केन्द्रांश निर्गत की तिथि	राशि (लाख में)	राज्यांश निर्गत की तिथि	राशि (लाख में)	विलंब (दिनों में)	अभ्युक्ति
औरंगाबाद	07-08	09.04.07	89.58	04.06.07	9.95	42	उपयोग प्रमाण पत्र पर आधारित ऑकड़े
		20.12.07	1152.06	25.01.08	128.01	21	
	09-10	28.04.09	164.01	28.05.09	18.22	15	
	10-11	01.07.10	2069.15	04.02.11	229.91	203	
मुंगेर	10-11	20.04.10	960.12	25.05.10	106.68	20	
		03.08.10	333.36	22.09.10	37.04	34	
बांका	08-09	04.04.08	240.00	14.05.08	26.72	25	
		30.03.09	2000.00	28.05.09	222.22	45	
नालन्दा	08-09	04.04.08	452.88	14.05.08	50.32	25	
	09-10	28.04.09	2289.17	25.05.09	254.35	12	
	10-11	31.03.10	282.60	26.11.10	31.40	225	
		20.04.10	2833.67	26.11.10	92.017	205	
				14.03.11	222.84	313	
		01.07.10	1700.39	14.03.11	188.93	242	
		26.10.10	3000.00	14.03.11	333.33	124	
सीतामढी	07-08	31.03.07	400.00	14.06.07	44.44	60	
किशनगंज	07-08	20.12.07	651.80	25.01.08	72.42	21	
	10-11	01.7.10	2126.85	16.08.10	236.32	31	
भभुआ	08-09	04.04.08	285.39	14.05.08	31.71	25	
	09-10	25.03.09	450.00	28.05.09	50.00	49	
		22.01.10	119.95	17.02.10	13.32	11	
	10-11	20.04.10	630.27	25.05.10	70.03	20	
		01.07.10	1917.23	16.08.10	213.03	31	
मुजफ्फरपुर	08-09	04.05.08	5170.21	26.06.08	574.47	38	
		24.03.09	1500.00	28.05.09	166.67	50	
	09-10	28.04.09	997.78	28.07.09	110.86	76	
	10-11	20.04.10	5268.80	25.05.10	585.42	20	
		01.07.10	4006.93	16.08.10	445.21	31	
	11-12	01.04.11	4674.60	17.10.11	519.40	184	
जहानाबाद	07-08	27.02.08	500.00	27.03.08	55.55	13	
	08-09	04.04.08	139.25	14.05.08	15.47	25	
	09-10	30.03.09	200.00	28.05.09	22.22	44	
		26.05.09	1032.10	22.06.09	114.68	12	
अररिया	07-08	06.02.08	2364.00	07.03.08	262.67	13	
	09-10	28.04.09	247.38	28.05.09	27.49	15	
भोजपुर	08-09	04.04.08	262.46	14.05.08	29.16	25	
	09-10	28.04.09	190.58	28.05.09	21.18	15	
मधुबनी	09-10	12.08.09	500.00	19.09.09	55.56	23	रोकड़ पंजी पर आधारित ऑकड़े
		07.12.09	800.00	12.01.10	88.89	21	
पश्चिम चम्पारण	07-08	07.06.07	900.00	04.07.07	252.66	12	उपयोग प्रमाण पत्र पर आधारित ऑकड़े
		07.06.07	900.00	04.07.07	44.44	12	
	08-09	04.04.08	1595.32	14.05.08	177.26	25	
	09-10	15.09.09	1200.00	15.10.09	133.33	30	
	10-11	20.04.10	1919.93	25.05.10	213.33	35	
		01.07.10	4311.69	16.08.10	476.08	46	
		18.02.11	241.89	14.03.11	580.00	9	

परिशिष्ट -IX
(कंडिका 4.4; पृष्ठ सं.19 में संदर्भित)

प्रारंभिक शेष व अन्तःशेष के आँकड़ों में भिन्नता

जिला	वर्ष	प्रारंभिक शेष (लाख में)			अन्तःशेष (लाख में)		
		सी0ए0 प्रतिवेदन	एम0पी0आर0	यू0सी0	सी0ए0 प्रतिवेदन	एम0पी0आर0	यू0सी0
जहानाबाद	2007-08	3337.21	3337.21	3337.21	2177.55	986.34	2177.55
	2008-09	2014.46	2177.55	2177.55	634.25	1182.38	637.83
	2009-10	797.34	797.34	815.55	918.70	1043.83	1031.90
	2010-11	474.69	1018.69	1031.90	332.36	474.80	445.56
	2011-12	आ.उ.न.	445.57	445.56	आ.उ.न.	182.55	554.36
दरभंगा	2007-08	4093.37	3568.46	4093.37	1924.06	1236.01	1924.06
	2008-09	2036.55	2036.55	2036.55	8801.75	8834.03	8801.75
	2009-10	8801.75	8801.75	आ.उ.न.	3261.75	2547.26	आ.उ.न.
	2010-11	3261.75	2547.26	3261.75	3772.21	2207.06	3772.21
औरंगाबाद	2007-08	2160.38	2160.38	2160.38	1144.66	1129.57	1144.67
	2008-09	1144.66	1144.67	1144.67	4984.20	4999.05	4984.20
	2009-10	4984.20	4999.05	4999.05	960.34	876.09	1943.96
	2010-11	960.34	848.07	848.07	2037.40	1887.72	2037.40
मुंगेर	2007-08	3355.39	3201.16	3918.44	1723.96	355.269	1723.96
	2008-09	1724.32	355.27	1723.69	5175.99	3566.00	5176.00
	2009-10	5176.00	3565.96	5176.00	1525.91	1419.14	1525.91
	2010-11	1525.91	1419.14	1535.91	948.67	780.73	998.49
	2011-12	-	998.49	998.49	-	403.50	403.50
बॉका	2008-09	1136.14	744.32	1136.14	864.30	30.20	864.30
	2009-10	864.30	30.20	864.30	1263.89	783.71	1263.89
	2010-11	1263.89	1718.34	1263.89	1588.49	1226.34	1588.49
पश्चिम चम्पारण	2007-08	शून्य	412.22	1233.89	1613.00	748.83	2790.43
	2008-09	1613.00	1729.23	2790.43	1988.60	1774.39	2751.54
	2009-10	2440.69	2751.54	2751.54	1410.37	1281.80	1774.68
	2010-11	1410.37	1774.68	1774.68	1001.22	780.48	1427.10
	2011-12	आ.उ.न.	1427.10	1427.10	आ.उ.न.	2146.85	1812.21
बेगुसराय	2007-08	442.00	1823.87	442.00	4734.05	3551.66	4734.05
	2008-09	4734.05	3551.66	4734.05	3009.81	1446.78	3009.81
	2009-10	3009.81	3009.81	3009.81	4062.56	605.27	4229.23
	2010-11	4062.56	4229.23	4229.23	4675.40	3618.90	4940.72
	2011-12	-	4940.72	4940.72	-	2524.13	2524.13
किशनगंज	2007-08	1247.98	948.32	आ.उ.न.	1282.51	1190.21	आ.उ.न.
	2008-09	1282.52	482.33	आ.उ.न.	3394.60	1554.93	आ.उ.न.
	2009-10	3436.99	3394.60	3436.99	1522.72	729.39	1525.00
	2010-11	1525.02	824.36	1525.02	910.70	757.74	910.70
भभुआ	2007-08	158.98	1213.03	आ.उ.न.	404.21	आ.उ.न.	आ.उ.न.
	2008-09	404.21	231.88	844.91	514.59	316.46	712.95
	2009-10	514.59	552.09	712.95	626.86	505.38	905.07
	2010-11	626.86	505.35	905.07	608.12	526.85	1032.67
भोजपुर	2007-08	43.13	1479.94	2226.18	245.23	560.60	1118.53
	2008-09	245.23	560.60	1118.53	1191.95	3670.68	5176.42
	2009-10	1191.95	4072.45	5176.42	433.03	407.12	2225.82
	2010-11	469.49*	2225.82	2225.82	1979.09	2492.28	5053.85
मुजफ्फरपुर	2007-08	1370.43	5884.87	5884.87	701.26	556.00	3028.29
	2008-09	701.26	3028.29	3028.29	2431.93	5257.09	6777.76
	2009-10	6777.76	6777.76	8287.47	3512.43	865.98	5022.13
	2010-11	3512.43	3512.43	3512.43	5019.51	2686.88	2342.76
	2011-12	आ.उ.न.	6529.72	6529.72	आ.उ.न.	3568.04	3568.03
सीतामढी	2007-08	0	1382.89	0	3009.74	2440.96	3009.74
	2008-09	3009.74	2440.96	3009.74	7635.09	5567.12	7633.58
	2009-10	7495.34	7633.58	7366.57	9097.85	1783.64	9237.59
	2010-11	9239.18	3219.94	9237.59	6934.63	234.29	6934.62
अररिया	2007-08	3930.31	आ.उ.न.	3925.65	3909.17	आ.उ.न.	3904.52
	2008-09	3909.17	आ.उ.न.	3904.52	6203.16	आ.उ.न.	6192.50
	2009-10	6203.16	3683.70	6192.50	3384.78	820.44	3320.12
	2010-11	3384.78	820.44	3384.32	4205.63	1823.81	4205.13
	2011-12	आ.उ.न.	3050.01	आ.उ.न.	आ.उ.न.	1131.79	आ.उ.न.
नालन्दा	2007-08	1662.67	आ.उ.न.	1662.68	1685.39	आ.उ.न.	1342.44
	2008-09	1519.62	1519.61	1519.62	1646.40	1553.55	1915.75
	2009-10	1646.40	1646.40	1646.40	1302.87	1239.05	1302.87
	2010-11	1302.87	1239.05	1302.87	1518.43	1057.33	1518.19
	2011-12	आ.उ.न.	1518.19	1518.19	आ.उ.न.	1323.66	1323.76

***पिछले वर्ष के अन्तःशेष में एस0जी0आर0वाई0 की राशि ₹ 3646153 जोड़ने के कारण प्रारंभिक शेष बढा है।(भोजपुर)**

आ.उ.न. = आंकडे उपलब्ध नहीं

परिशिष्ट -X

(कंडिका 4.5; पृष्ठ सं. 19 में संदर्भित)

स्वीकृत सीमा से अधिक प्रशासनिक व्यय

(लाख ₹ में)

क्रम सं0	जिला	वर्ष	व्यवहृत अनुदान	प्रशासनिक व्यय हेतु स्वीकृत राशि	वास्तविक प्रशासनिक व्यय	अधिक व्यय	अधिक व्यय (प्रतिशत में)
1	2	3	4	5	6	7 (7-6)	8
1	भभुआ	07-08 से 11-12	4321.76	243.81	488.60	244.79	100
2	मधुबनी	08-09 से 10-11	8410.52	439.58	897.34	457.76	104
3	बेगुसराय	07-08 से 08-09	5299.26	211.97	327.10	115.13	54
4	बॉका	2007-08	585.02	23.41	44.00	20.59	88
5	भोजपुर	2007-08	52.00	2.08	3.82	1.74	84
		2009-10	2109.45	126.57	175.59	49.02	39
6	मुंगेर	2009-10	3679.87	220.79	239.78	18.99	9
		2011-12	1421.06	85.26	128.22	42.96	50
7	मुजफ्फरपुर	2007-08	3375.67	135.03	145.01	9.98	7
		2008-09	4718.64	188.75	266.80	78.05	41
	कुल			**1677.25**	**2716.26**	**1039.01**	

परिशिष्ट -XI

(कंडिका 4.6; पृष्ठ सं. 20 में संदर्भित)

मनरेगा निधि से जि0ग्रा0वि0अभि0 का प्रशासनिक व्यय

(राशि ₹)

इकाई का नाम	व्यय का उद्देश्य	अभिश्रवों की संख्या	राशि	जि0ग्रा0वि0अभि0 का जवाब
अररिया	बी0पी0एल0 सर्वेक्षण	04	2200000	बी0पी0एल0 कोष में राशि की उपलब्धता होने से इसे मनरेगा निधि में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।
जि0ग्रा0वि0अभि0 मुंगेर	आयुक्त तथा अन्य कार्यालय को स्थानांतरित	28	845000	मनरेगा के अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण एवं अन्य उद्देश्य हेतु
	जि0ग्रा0वि0अभि0 कार्यालय का किराया भुगतान	01	141172	जि0ग्रा0वि0अभि0 के प्रशासनिक शीर्ष में राशि की अनुपलब्धता
	जि0ग्रा0वि0अभि0 कार्यालय के वाहनों एवं जेनरेटरों पर ईंधन हेतु भुगतान	36	1840194	
	जि0ग्रा0वि0अभि0 कार्यालय के टेलिफोन बिल का भुगतान	14	336927	
	एअर कंडिशन की खरीद	01	85260	
	जि0ग्रा0वि0अभि0 कार्यालय के गोपनीय कोषांग हेतु कम्प्यूटर, जेरॉक्स, प्रोजेक्टर, हैंडीकॉम इत्यादि की खरीद पर भुगतान	02	830287	
	नाश्ता व खान–पान में व्यय	33	366461	
	प्रचार पर व्यय	23	206176	
जि0प0 मुंगेर	सभा कक्ष के सौंदर्यीकरण, अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के वाहन के ईंधन/ऑफसेट मशीन अधिष्ठापन पर व्यय व दैनिक कार्यालय व्यय	122	1711739	
		कुल	**8563216**	

परिशिष्ट -XII

(कंडिका 5.1; पृष्ठ सं. 21 में संदर्भित)

एक से अधिक जॉब कार्ड निर्गत किये गए परिवारों की संख्या

क्रम सं0	जिला	इकाई का नाम	एक से अधिक जॉब कार्ड निर्गत किये गए परिवारों की संख्या	जॉब कार्ड की संख्या	अभ्युक्ति
1	मधुबनी	ग्रा0पं0– तमुरिया	07	15	एक मामले में तीन जॉब कार्ड निर्गत किया गया। पंजीकरण सं0 1960, 1964 तथा 64 नौ परिवारों को एक से अधिक जॉब कार्ड निर्गत किया गया तथा सभी जॉब कार्ड प्रयोग में पाये गए। सभी जॉब कार्ड अलग अलग संख्या के थे।
		ग्रा0पं0–जगवन पश्चिम	02	04	
2	मुजफ्फरपुर	23 ग्रा0पं0	226	494	एक ही परिवार को तिहरा तथा चौहरा जॉब कार्ड निर्गत
3	जहानाबद	पं0स0–हुलासगंज (09 ग्राम पंचायत)	424	848	एक ही परिवार को एक से अधिक जॉब कार्ड निर्गत
		पं0स0–मखदुमपुर (13 ग्रा0पं0)	607	1214	
4	भभुआ	3 ग्रा0पं0	47	95	एक मामले में तिहरा जॉब कार्ड निर्गत
5	दरभंगा	4 ग्रा0पं0	395	790	एक ही परिवार को एक से अधिक जॉब कार्ड निर्गत
6	भोजपुर	जमुऑव	10	20	
		संदेश	09	18	
		अहपुरा	09	18	
		एकौना	05	10	
		बकरी	08	16	
		सरथुआ	07	14	
		कुसमाहा	29	62	
		सरना	09	19	
		हरिहरपुर	09	18	
		शिवपुर	08	16	
		झॉवा बेलवानिया	16	33	
		घाघा	7	14	
7	बेगुसराय	ग्रा0पं0, भवानन्दपुर	3	6	एक ही परिवार को एक से अधिक जॉब कार्ड निर्गत
		ग्रा0पं0, बॉक	1	2	
8	पश्चिमी चम्पारण	ग्रा0पं0 बैरिया	32	64	एक ही परिवार को एक से अधिक जॉब कार्ड निर्गत
		ग्रा0पं0 भीतहा	13	26	
		ग्रा0पं0 सिसवा सरैया	8	16	
		ग्रा0पं0 बगही रतनपुर	81	162	
		ग्रा0पं0 फुलिया खॉड़	46	92	
		ग्रा0पं0 शिकारपुर/नरकटियागंज	13	26	
		ग्रा0पं0 केसरिया	21	42	
		ग्रा0पं0 हरदी टेढा	64	128	
		ग्रा0पं0 गोखुला	39	78	
		ग्रा0पं0 बरवा बरौली	23	46	
		ग्रा0पं0 सिसबनिया/लौरिया	51	102	
		ग्रा0पं0 लाकड़ सिसड़े	04	08	
		ग्रा0पं0 बगही बसवरिया	01	02	
		ग्रा0पं0 लौरिया	15	30	
		ग्रा0पं0 हथुअहवा/भितहां	56	112	
		ग्रा0पं0 सेमनवारी	20	40	
		ग्रा0पं0 रतनमाला/मझौलिया	164	328	
		ग्रा0पं0 मोहदीपुर	164	328	
		ग्रा0पं0 रूलही	33	66	
		ग्रा0पं0 राजाभार	25	50	
		ग्रा0पं0 महनागनी	14	28	
		ग्रा0पं0 महनवा रामपुरवा	12	24	
		ग्रा0पं0 लाल सरैया	112	224	
		कुल	**2849**	**5748**	

परिशिष्ट -XIII

(कंडिका 5.1; पृष्ठ सं. 21 में संदर्भित)

पंजीकृत परिवारों को प्रदत्त कार्य की स्थिति

जिला	वर्ष	पंजीकृत परिवारों की संख्या	रोजगार प्रदान परिवारों की संख्या	प्रतिशत	अभ्युक्ति
मधुबनी	2007-08	314399	150631	47.91	पंजीकृत परिवारों को प्रदत्त कार्य के घटने की प्रवृत्ति 48% से 7% तक दर्ज की गईं। मौखिक मॉग पर कार्य उपलब्ध कराया गया।
	2008-09	508061	152927	30.10	
	2009-10	628059	131460	20.93	
	2010-11	640080	109953	17.18	
	2011-12	661773	43716	6.61	
मुजफ्फरपुर	2007-08	342162	136864	40.00	पंजीकृत परिवारों को प्रदत्त कार्य का परास 32.02% से 69.3%के मध्य पायी गईं।
	2008-09	434607	180320	41.49	
	2009-10	635145	349541	55.03	
	2010-11	684421	474328	69.3	
	2011-12	692293	221656	32.02	
सीतामढी	2007-08	270535	104600	38.66	पंजीकृत परिवारों को प्रदत्त कार्य का परास 38.66% से 72.9% के मध्य पायी गईं।
	2008-09	325918	153510	47.10	
	2009-10	377542	275350	72.90	
	2010-11	445718	307950	69.09	
	2011-12	455556	275470	60.46	
जहानाबाद	2007-08	91138	76480	83.92	पंजीकृत परिवारों को प्रदत्त कार्य का परास 30% से 84% के मध्य पायी गईं। कार्य प्रदान करने का आधार मॉग पर न होकर निधि की उपलब्धता पर होना।
	2008-09	103371	39565	38.27	
	2009-10	118209	68615	58.05	
	2010-11	124272	51051	41.08	
	2011-12	128351	38700	30.15	
भभुआ	2007-08	120755	18452	15.28	पंजीकृत परिवारों को प्रदत्त कार्य का परास 15.20% से 22.70% के मध्य पायी गईं।
	2008-09	177430	27774	15.65	
	2009-10	214615	32629	15.20	
	2010-11	217609	49405	22.70	
	2011-12	214345	35562	16.59	
दरभंगा	2007-08	325177	170120	52.32	अंतिम तीन वर्ष के दौरान घटने की प्रवृत्ति 13% से 52% तक दर्ज की गईं।
	2008-09	373075	130792	35.06	
	2009-10	442499	218456	49.37	
	2010-11	468047	128613	27.48	
	2011-12	474152	63984	13.49	
बेगुसराय	2007-08	249500	201000	80.56	पंजीकृत परिवारों को प्रदत्त कार्य का परास पॉच वर्षों में 80.56% से 18.79% के मध्य पायी गईं।
	2008-09	293265	97600	33.29	
	2009-10	324300	124000	38.23	
	2010-11	330900	131000	39.58	
	2011-12	331536	62300	18.79	
पश्चिमी चम्पारण	2007-08	331612	207379	62.54	पंजीकृत परिवारों को प्रदत्त कार्य का परास 47% से 78% के मध्य पायी गईं।
	2008-09	348135	272182	78.18	
	2009-10	354536	166104	46.85	
	2010-11	365608	265472	72.61	
	2011-12	389844	221270	56.76	
